रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 34] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 19, 1972 (श्रावण 28, 1894)

No. 34] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 19, 1972 (SRAVANA 28, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 24 जनवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 24th January 1972 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4

शून्य

—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	855
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1347
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	77
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1187
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं।) . .	2091
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	3183
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	443
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	1151
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	241
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . .	1297
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	159
पूरक संख्या 34—	
12 अगस्त, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट .	1607
22 जुलाई, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े .	1617

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	855
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1347
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	77
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1187
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).	2091
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3183
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	443
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	1151
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	241
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1297
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	159
SUPPLEMENT NO. 34—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 12th August 1972	1607
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 22nd July, 1972	1617

भाग I—खण्ड 1

(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 अगस्त 1972

सं० 94-प्रेज/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिये 'वीर चक्र' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेन्ट कर्नल सतिंदर कुमार कपूर (आई० सी०-7414) 9वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल सतिंदर कुमार कपूर पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में तैनात 9वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। 5/6 दिसम्बर 1971 की रात को इन्हें दुश्मन के एक बहुत मज़बूत रक्षित मोर्चे पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। लेफ्टिनेन्ट कर्नल सतिंदर कुमार कपूर निर्देश देने और हौसला बढ़ाने के लिए अपने अग्रिम दलों के साथ-साथ रहे ताकि दुश्मन के कड़े मुकाबले पर काबू पाया जा सके। दलों के साथ-साथ रहने से इनकी कमान पर बहुत प्रेरक प्रभाव पड़ा, जिससे इनकी बटालियन दुश्मन के भारी मुकाबले के बावजूद लक्ष्य पर कब्जा करने में सफल हुई।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल सतिनदर कुमार कपूर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

2. लेफ्टिनन्ट कर्नल एन० जी० ओ० कोनोर (आई० सी०-1578), सीमा सुरक्षा दल।

सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन की कमान करने वाले लेफ्टिनेन्ट कर्नल एन० जी० ओ० कोनोर को पूर्वी क्षेत्र में हाल की संक्रियाओं के दौरान अच्छी तरह किलेबन्द की हुई दुश्मन की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने संक्रियाओं की योजना बनायी और उसे दक्षता से पूरा किया और हमले के दौरान वह सबसे आगे रह कर अपने जवानों को दुश्मन पर गोलीबारी करने और लक्ष्य पर कब्जा करने के लिये उकसाते रहे। उन्होंने खुद तोपखाने से भी गोलाबारी करवाई। उनके जोशीले नेतृत्व के कारण हमला हुआ और दुश्मन अपने हताहत और बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद छोड़ कर भाग खड़ा हुआ।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल एन० जी० ओ० कोनोर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

3. लेफ्टिनेन्ट कर्नल राम बहादुर गुरंग (आई० सी०-6724) 11वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर 1971)

6/7 दिसम्बर 1971 की रात को लेफ्टिनेन्ट कर्नल राम बहादुर गुरंग, जो 11वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे, कारगिल क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर हमला करते समय अपनी बटालियन की प्रहार करने वाली कम्पनी के पीछे चल रहे थे। दुश्मन ने प्रहार करने वाली कम्पनी पर तोपखाने और मार्टर से भारी गोलाबारी के साथ मशीन-गनों से भी काम लिया, जिससे प्रहारक टुकड़ियों को भारी जानी नुक्सान पहुंचा। दुश्मन की मशीनगनों को खामोश करना जरूरी समझ कर लेफ्टिनेन्ट कर्नल राम बहादुर गुरंग ने अपने बचाव सैक्शन के मुट्ठी भर जवानों के साथ दुश्मन की मशीनगनों के बंकर पर धावा बोल दिया और शत्रु की मशीनगन चौकी को नष्ट कर दिया। इनकी इस कार्रवाई से इनके जवानों को लक्ष्य पर कब्जा करने में प्रेरणा मिली।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल राम बहादुर गुरंग ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

4. लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुरेश चन्द्र गुप्त (आई० सी०-7140) 5वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

5/6 दिसम्बर 1971 की रात को लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुरेश चन्द्र गुप्त को, जो 5वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे, पश्चिमी क्षेत्र में एक गांव पर कब्जा करने का आदेश मिला। यह गांव एक सुदृढ़ मोर्चा था, जहां दुश्मन भारी तादाद में था और जिसे उसने सुरंग और रुकावटें लगा कर सुरक्षित कर रखा था। लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुरेश चन्द्र गुप्त ने बड़ी क्षमता से अपनी बटालियन का नेतृत्व किया और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किये बिना उन्होंने हर स्तर पर मौजूद रह कर लड़ाई का ताव बनाये रखा और इस मुश्किल और मजबूत मोर्चे पर कब्जा करने में अपने जवानों को उत्साहित और प्रेरित किया।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल सुरेश चन्द्र गुप्त ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

5. लेफ्टिनेन्ट कर्नल भरतुहरि त्रिम्बक पंडित (आई० सी०-7320) इंजीनियर कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल भरतुहरि त्रिम्बक पंडित, पश्चिमी क्षेत्र के किसी स्थान में 5 दिसम्बर से 17 दिसम्बर, 1971 तक हमारी

आक्रामक संक्रियाओं के दौरान इंजीनियर रजिमेंट की कमान कर रहे थे। ये संक्रियाएं ऐसे भू-प्रदेश में की गयी थीं, जहां सड़कें नहीं थीं और बहुत प्राकृतिक और बनावटी रुकावटें थीं। लड़ाकू फार्मेशनों के संचालन में बहुत सी प्राकृतिक और बनावटी रुकावटें थीं। दो सुरंग क्षेत्र तोड़ने, सड़क और कच्चे रास्ते बनाने और बसंतार नदी पार करने के लिये इंजीनियरी मदद से काम लेना पड़ा। ये सभी कार्य दुश्मन से कड़ा मुकाबला करते हुए भारी गोलाबारी के बीच पूरे किये गये। लेफ्टिनेन्ट कर्नल भरतुहरि त्रिम्बक पंडित ने स्वयं मौजूद रह कर अपनी कमान को उत्साहित किया और दुश्मन की भारी गोलाबारी के बावजूद हर इंजीनियर टोली के पास जाकर उन्हें काम के महत्व का अहसास कराया। दुश्मन के जवाबी हमले से निपटने के लिए पुल पदाधार में भारी मात्रा में बख्तर सेना और सहायक सेनांग पहुंचाने का श्रय इन्हीं को जाता है।

पूरी कार्रवाई के दौरान लेफ्टिनेन्ट कर्नल भरतुहरि त्रिम्बक पंडित ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक, कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

6. लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज सिंह (आई० सी०-4028)
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज सिंह एक ऐसी टुकड़ी की कमान कर रहे थे, जिसे पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की एक स्थिति पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। हमले के दौरान दो राइफल कम्पनियां लक्ष्य से लगभग 500 गज दूर दुश्मन की गोलीबारी के कारण एक ही स्थान पर रुकी रह गई। दुश्मन की भारी गोलाबारी के बावजूद लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज सिंह ने जल्दी से एक और कम्पनी के जवानों को संगठित किया और दूसरी तरफ से हमला कर दिया। इस तरह शत्रु को भारी संख्या में हताहत करके लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। बाद में लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज सिंह को एक इलाके में शत्रु के ठिकानों को समाप्त करने का आदेश दिया गया। इन्होंने बड़ी चतुराई से दुश्मन के इलाकों के चारों ओर बाजू से बढ़ते हुए हमले किये और दुश्मन के ठिकानों पर कब्जा कर लिया और इस तरह इलाके को तेजी से साफ कर दिया।

आद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

7. लेफ्टिनेन्ट कर्नल कुलदीप सिंह बरार (आई० सी०-6732)
मराठा लाइट इंफैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल कुलदीप सिंह बरार पूर्वी मोर्चे पर संक्रिया के दौरान मराठा लाइट इँफेन्ट्री की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। 4 दिसम्बर से 16 दिसम्बर, 1971 तक इनकी बटालियन सबसे आगे रही और जमालपुर को मुक्त कराने में इनका बड़ा हाथ रहा। 10/11 दिसम्बर 1971 की रात को जमालपुर पर हमला करते समय लेफ्टिनेन्ट कर्नल कुलदीप सिंह बरार ने लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए अपने जवानों को उत्साहित किया। बाद में जवाबी हमलों के दौरान वे अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करके एक कम्पनी से दूसरी कम्पनी में गये और अपने जवानों को डटे रहने और दुश्मन के हमलों को विफल कर देने के लिए उत्साहित करते रहे। दुश्मन ने छः बार हमला किया मगर सभी हमले विफल कर दिये गये और दुश्मन को भारी जान-माल का नुक्सान उठाना पड़ा।

आद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल कुलदीप सिंह बरार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

8. लेफ्टिनेंट कर्नल नरिन्दर सिंह रावत (आई० सी०-6451)
आर्टिलरी रेजिमेंट

लेफ्टिनेन्ट कर्नल नरिन्दर सिंह रावत पश्चिमी क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं में एक फील्ड रेजिमेन्ट की कमान कर रहे थे। 14 दिसम्बर, 1971 को जब दुश्मन ने एक चौकी पर, जिस पर हमारे जवान थे, भयंकर जवाबी हमला किया तो स्थिति को गम्भीर और कुछ जवान हताहत हुए जानकर लेफ्टिनेन्ट कर्नल नरिन्दर सिंह रावत तुरन्त आगे बढ़े और कुछ जवानों को लेकर दुश्मन पर टूट पड़े और चौकी पर तब तक डटे रहे जब तक हताहतों को वहां से निकाल न लिया गया और वहां लगी रिकोइलैस गन को प्राप्त न कर लिया।

इस कारवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल नरिन्दर सिंह रावत ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

9. लेफ्टिनेन्ट कर्नल फ्रेंसिस टिबेरिअस डिआस (आई० सी०-7044)
11वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल फ्रेंसिस टिबेरिअस डिआस पूर्वी क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रियाओं के दौरान 11वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। 12 दिसम्बर, 1971 को इन्हें आदेश दिया गया कि वे पूरी तरह सुरक्षित मोर्चे पर कब्जा करें, जिस पर दुश्मन की एक इंफैंट्री बटालियन ने कब्जा कर रखा था। 13 दिसम्बर, 1971 को इस बटालियन को दो पुलों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया जिस पर दुश्मन भारी संख्या में डटा हुआ था, और अन्त में 14 दिसम्बर, 1971 को इस बटालियन को बोगरा शहर के एक भाग पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। लेफ्टिनेन्ट कर्नल फ्रेंसिस टिबेरिलस डिआस के नेतृत्व में इस बटालियन ने दुश्मन को भारी जानी नुक्सान पहुंचाते हुए सभी कार्य सफलता-पूर्वक पूरे किये। महास्थन में दुश्मन का मुकाबला करने के पश्चात् ये दुश्मन के अग्रवर्ती रक्षित इलाकों में घुस गए और दुश्मन के बटालियन हैडक्वार्टर पर छापे मारे और कमान अफसर को अन्य अफसरों के साथ बन्दी बना लिया। इन्होंने इस बात का भी ध्यान रखा कि पुल उड़ाने के दुश्मन के सारे प्रयत्न विफल हो जाय। इनकी वजह से ही इनकी बटालियन बोगरा शहर से दुश्मन का सफाया करने और बहुत बड़ी संख्या में उन्हें बन्दी बनाने में सहायक हुई।

आद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल फेसिस टिबेरिअस डिआस ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

10. लेफ्टिनेन्ट कर्नल इआन लालोर पैट्रिक (आई० सी०-10891)
बिहार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल इआन लालोर पैट्रिक बिहार रेजिमेन्ट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। 4 दिसम्बर 1971 को इन्होंने पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक ठिकाने पर कब्जा करते समय अपनी सेना का नेतृत्व किया। यहां पर मजबूती से किलाबंदी की गई थी और इस क्षेत्र में दुश्मन के बचाव के लिये यह महत्वपूर्ण ठिकाना था। लेफ्टिनेन्ट कर्नल इआन लालोर पैट्रिक ने दुश्मन के भारी आर्टिलरी और स्वचालित फायर के बावजूद हमला बोला और इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया। इस चौकी के हाथ से चले जाने पर दुश्मन ने जबर्दस्त प्रतिक्रिया की और हमारी सेनाओं को वहां से हटाने की कोशिश में घना फायर डाला। बिना झिझके और अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना लेफ्टिनेन्ट कर्नल इआन लालोर पैट्रिक इलाके-इलाके गये और अपने जवानों को डटे रहने की प्रेरणा दी। 5/6 दिसम्बर, 1971 की रात में लेफ्टिनेन्ट कर्नल इआन लालोर पैट्रिक ने अपनी सेना को कुशलता से तैनात किया और दुश्मन के एक दूसरे ठिकाने पर हमला किया। जिस वेग और संवेग से यह हमला किया गया था उससे दुश्मन की रक्षा पंक्तियों में हड़बड़ाहट मच गयी और वह अपने मृत जवानों और बड़ी मात्रा में गोलाबारूद पीछे छोड़ तितर-बितर हो भाग गया।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल इआन लालोर पैट्रिक ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

11. लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रशांत कुमार पुरकायस्थ (आई० सी०-2486)
गढ़वाल राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रशांत कुमार पुरकायस्थ पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में तैनात की गई सेना के कमाण्डर थे। इस क्षेत्र में दुश्मन ने मोर्चों का एक जाल सा बिछा रखा था। और इन पर पाकिस्तान की नियमित और पैरा सेनाओं के जवान भारी तादाद में थे। अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए इन्होंने असाधारण शक्ति और जोश से अपने जवानों का नेतृत्व किया और बिजली की सी तेजी से छापे मार कर एक के बाद एक चौकी पर कब्जा किया। दुश्मन के पीछे हटने के रास्ते काट दिये गये और उसके पांव उखाड़ दिये। इनके प्रेरक नेतृत्व में केवल पांच दिनों के भीतर बंगलादेश के एक बड़े क्षेत्र को मुक्त कराया गया।

आद्योपान्त लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रशांत कुमार पुरकायस्थ ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

12. लेफ्टिनेन्ट जसबीर पाल सिंह (आई० सी०-5984)
8वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल जसबीर पाल सिंह जम्मू और काश्मीर मिलिशिआ की एक बटालियन की कमान कर रहे थे जो पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में रक्षार्थ तैनात थी। 3 दिसम्बर, 1971 की रात में जब दुश्मन ने भारी संख्या में तोपखाने की गोलाबारी के साथ बहुत अधिक हमला किया, तो ये कमांडो प्लाटून को साथ ले तुरन्त दौड़े और स्वयं लड़ाई का चार्ज सम्भाला। जब दुश्मन पर हमारी सेनायें तोपखाने से गोलाबारी कर रही थीं तो इन्होंने अपने जवानों को पुनः गठित किया और कमांडो प्लाटून को लेकर जवाबी हमला किया और भीषण मुठभेड़ की लड़ाई कर दुश्मन को अपने सौ से भी अधिक मृत जवानों को छोड़ पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। एक बार फिर 5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने हमारे ठिकाने पर हमला किया, परन्तु लेफ्टिनेन्ट कर्नल जसबीर पाल सिंह के नेतृत्व में तुरन्त और अचानक जवाबी हमले की वजह से शत्रु के पांव उखड़ गए और वह बहुत से घायलों और एक युद्धबन्दी को पीछे छोड़ गया।

इस कार्यवाही में, लेफ्टिनेन्ट कर्नल जसबीर पाल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

13. मेजर आत्मा सिंह हंसारा (आई० सी०-7470)
हवाई प्रेक्षण उड़ान चौकी, आर्टिलरी रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को, राजस्थान सैक्टर में लोंगेवाला पर शत्रु ने बहुत अधिक संख्या में बख्तर और इन्फैन्ट्री की मदद से हमला किया। 11 दिसम्बर, 1971 तक चलने वाली लड़ाई के दौरान हवाई प्रेक्षण उड़ान चौकी के मेजर आत्मा सिंह हंसारा, शत्रु के छोटे हथियारों की गोलीबारी के बावजूद लगातार उड़ान करते रहे और शत्रु की हरकत, उसके सैनिक जमाव और बख्तर का पता लगा कर उसके टैंकों के खिलाफ अपने बक्तर और तोपखाने से गोलाबारी करवाते रहे और अपने साथ जरूरी सूचनाएं भी लाए। अपनी एक उड़ान के दौरान इन्हें बजबूरन विमान नीचे उतारना पड़ा, लेकिन अपने सैन्यदल की सहायता से वे विमान को सुरक्षित क्षेत्र में ले आए, उसकी मरम्मत करवाई और दूसरे दिन फिर से वे चित्र लेने और सतर्कता मिशन की उड़ान पर गये।

आद्योपान्त मेजर आत्मा सिंह हंसारा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

14. मेजर बिमल किशन दास बदगल (आई० सी०-14797)
11वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

मेजर बिमल किशन दास बदगल 11 दिसम्बर, 1971 को पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर शत्रु की एक चौकी पर हमले के दौरान 11वी गोरखा राइफल्स की एक बटालियन में कम्पनी कमांडर थे। छोटे हथियारों की भारी और अचूक गोलाबारी

के बावजूद मेजर बिमल किशन दास बदगल अपने सैनिकों को बढ़ावा देते रहे और उन्होंने शत्रु के ठिकानों पर धावा बोल दिया इस दृढ़ हमले शत्रु पूरी तरह पस्त हो गया। यद्यपि शत्रु संख्या में अधिक था फिर भी हार गया और उसे भारी जानी नुक्सान पहुंचा। हमले के दौरान, वे घायल हो गए, लेकिन घावों की परवाह न करते हुए इन्होंने सफलतापूर्वक हमला करके लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर बिमल किशन दास बदगल ने उच्च कोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. मेजर सरलजीत सिंह अहलूवालिया (आई० सी०-15863) लद्दाख स्काऊट्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

मेजर सरजीत सिंह अहलूवालिया पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में शत्रु की चौकियों पर किए गए हमले के दौरान लद्दाख स्काऊट्स की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। शत्रु की एक चौकी पर हमले के दौरान इन्होंने अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया परन्तु वे शत्रु के छोटे हथियारों और तोपखाने की भारी कोलाबारी के बीच आ गये। सभी कोशिशों के बावजूद हमला सफल न हुआ। इसलिए 15 जवानों के साथ इन्होंने खतरनाक भू-प्रदेश में से होकर ऐसी दिशा से हमला किया जहां से शत्रु को जरा भी उम्मीद न थी। इस तरह इन्होंने शत्रु के बहुत से जवानों को हताहत करके लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर सरलजीत सिंह अहलूवालिया ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

16. मेजर कृष्ण कुमार प्रधान (आई० सी०-13647) 4थी गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

मेजर कृष्ण कुमार प्रधान जम्मू और काश्मीर क्षेत्र में एक स्थान पर तैनात 4थी गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। 3 दिसम्बर 1971 को बहुत भारी तादाद में शत्रु ने भारी तोपखाने की मदद से इस कम्पनी के सुरक्षित इलाके पर हमला किया। यद्यपि इनकी कम्पनी को शत्रु ने चारों तरफ से घेर लिया था और वह तीन दिन तक दिन और रात बार-बार हमला करता रहा फिर भी अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए वे एक बंकर से दूसरे बंकर तक जाकर अपने जवानों को उत्साहित करते रहे और इस तरह शत्रु के काफी जवानों को हताहत करके उसके हमलों को विफल करने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में मेजर कृष्ण कुमार प्रधान ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

17. मेजर श्याम वीर सिंह राठौर (आई० सी०-18557) ग्रेनेडियर्स

मेजर श्याम वीर सिंह राठौर पूर्वी क्षेत्र के एक इलाके में ग्रेनेडियर रजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। उन्हें शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। शत्रु के छोट हथियारों और मार्टर की भारी गोली बारी के कारण हमला रुक गया। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए मेजर श्याम वीर सिंह राठौर रेंगते हुए शत्रु के हल्की मशीनगन के बंकर तक जा पहुंचे और ग्रेनेड फैंक कर उसे तबाह कर दिया। इसके बाद इन्होंने अपने जवानों को उत्साहित और प्रेरित किया और खुद अगवानी करके शत्रु की चौकी पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर श्याम वीर सिंह राठौर न उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

18. मेजर जितेन्द्र कुमार तोमर (आई० सी०-13775) राजपूताना राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर 1971)

मेजर जितेन्द्र कुमार तोमर जम्मू और काश्मीर क्षेत्र के एक इलाके में तैनात राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। 3 दिसम्बर, 1971 को तोपखाने की भारी गोलाबारी से शत्रु ने बड़ी संख्या में इस कम्पनी की स्थिति पर बार-बार हमले किए। मेजर जितेन्द्र कुमार तोमर एक बंकर से दूसरे बंकर में जाकर अपने जवानों को बढ़ावा देते रहे और इस तरह शत्रु को भारी नुक्सान पहुंचा कर उसके हमलों को विफल करते रहे। जब शत्रु कम्पनी की पोजीशन के एक हिस्से पर कब्जा करने में सफल हो गया तो अपनी जान की जरा भी परवाह न करत हुए इन्होंने जवाबी हमला किया और शत्रु के काफी जवानों को हताहत करके उसे पीछे धकेल दिया।

इस कार्यवाही में मेजर जितेन्द्र कुमार तोमर ने सराहनीय साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

19. मेजर जगमल सिंह राठौर (आई० सी० 13058) ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

मेजर जगमल सिंह राठौर ग्रेनडियर्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इस कम्पनी को राजस्थान क्षेत्र में एक ऐसे स्थान पर कब्जा करन का काम सौंपा गया था जहां शत्रु भारी तादाद में डटा हुआ था। 6 दिसम्बर, 1971 को जब इनकी कम्पनी ने उस ठिकाने पर हमला किया तो शत्रु ने मशीन गन और मार्टरों से भारी गोलाबारी शुरू कर दी जिससे हमारे सैनिकों का हमला रुक गया। बिना डरे मेजर जगमल सिंह राठौर अपनी एक प्लाटून को लेकर बगल से आगे बढ़े और इतनी तेजी और पक्के इरादे से हमला करके शत्रु पर काबू पा लिया कि वह हमले की तेजी और संवेग से एकदम हक्का बक्का रह गया।

इस कार्यवाही में मेजर जगमल सिंह राठौर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

20. मेजर बलबीर सिंह पूनिया (आई० सी०-13361)
राजपूताना राइफल्स

राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया । लक्ष्य पर कब्जा करने के तुरन्त बाद शत्रु ने भारी तोपखाने और मार्टर गोलाबारी की मदद से भयानक जवाबी हमला किया, जिसमें हमारे कमांडिंग अफसर घायल हो गए और एक बैटरी कमांडर मारे गए । इस मौके पर मेजर बलबीर सिंह पूनिया ने स्वयं चार्ज संभाला और आग बढ़ते शत्रु पर हमला करके उसके प्रहार को छिन्न-भिन्न कर दिया तथा इस तरह इन्होंने स्थिति पर काबू पाया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर बलबीर सिंह पूनिया ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

21. मेजर सोम दत्त शर्मा (आई० सी०-10450)
पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

मेजर सोम दत्त शर्मा राजस्थान क्षेत्र के एक स्थान में हमले के दौरान एक टोली की कमान कर रहे थे । शत्रु के इलाके में बहुत भीतर पहुंचने पर इनकी नजर शत्रु की गाड़ियों पर पड़ी । अपनी जान की तनिक परवाह न करते हुए, बेहद साहस और सूझ-बूझ से काम लेकर इन्होंने शत्रु को फांसने के लिए घात लगाई। शत्रु के छोटे हथियारों के भारी गोलीबारी के बावजूद मेजर सोम दत्त शर्मा एक चौकी से दूसरी चौकी पर जाकर अपने जवानों की हिम्मत बढ़ाते रहे और उनकी गोलाबारी का निर्देशन करते रहे। इस तरह शत्रु के 19 जवान मारे गए और एक जूनियर कमीशण्ड अफसर और 18 जवानों को बंदी बना लिया गया। भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और उपस्कर भी हाथ लगे।

इस कार्रवाही में मेजर सोम दत्त शर्मा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

22. मेजर पंजाब सिंह (आई० सी०-18228)
सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

मेजर पंजाब सिंह एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान पर तैनात किया गया था। 3 दिसम्बर, 1971 को इनकी कम्पनी पर तोपखाने और मार्टर गोलाबारी की मदद से शत्रु ने दो कम्पनियों से हमला किया। मेजर पंजाब सिंह अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए एक खाई से दूसरी खाई में गये और उन्होंने इस बात का विशेष ध्यान रखा कि हमलावर शत्रु के विरुद्ध उनके पास उपलब्ध सभी शस्त्रों से प्रभावकारी गोलाबारी होती रहे । इनके प्रेरक नेतृत्व, संयमित साहस और दृढ़ संकल्प के कारण शत्रु का हमला विफल कर दिया गया । इसी प्रकार ठिकाने पर शत्रु के तीन और हमले अगले दो दिन में विफल कर दिये गये।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान मेजर पंजाब सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व का परिचय दिया।

23. मेजर दलजीत सिंह खा (आई० सी०-21343)
महार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

मेजर दलजीत सिंह खा महार रजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में शत्रु के रक्षात्मक ठिकानों के पीछे रुकावट डालने का काम इनको सौंपा गया था। ज्यों ही कम्पनी का कालम अपने अड्डे से निकल कर शत्रु के प्रदेश में घुसा तभी अगली प्लाटून पर शत्रु ने मशीन गन से गोली चलानी शुरु कर दी। मेजर दलजीत सिंह खा ने बाकी की दो प्लाटूनों को गोली चलाने के लिए तैयार रहने को कहा और खुद उस क्षेत्र की ओर गए, जहां गोलाबारी के कारण प्लाटून रुक गई थी। इन्होंने जबरदस्त खतरा उठा कर अपने दल को संगठित किया और दूसरे रास्ते से अपने लक्ष्य की ओर बढ़े। मेजर दलजीत सिंह खा की मौके की ओर साहसिक कार्यवाही की वजह ही से सफलता से सड़क पर रुकावट खड़ी की जा सकी। इस रुकावट की वजह से शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा और 12 पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर दलजीत सिंह खा ने सराहनीय साहस दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

24. मेजर शील कुमार पुरी (आई० सी०-12418)
5वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

मेजर शील कमार पुरी, पश्चिमी क्षेत्र में एक कम्पनी के कमान कर रहे थे जिसे इस क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर कब्जा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शत्रु के छोटे हथियारों की गोलीबारी के बावजूद इन्होंने निडर होकर, कुशलतापूर्वक अपनी कम्पनी का नेतृत्व किया और मुठभेड़ की लड़ाई लड़कर लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए कम्पनी को प्रोत्साहित किया। पहले ठिकाने पर कब्जा कर लेने के बाद, मजर शील कुमार पुरी ने देखा कि शत्रु दुबारा अपनी बटालियन से हमला करने की नियत से लक्ष्य से खिसक रहा है। बिना समय बर्बाद किए इन्होंने दूसरे लक्ष्य पर हमला कर दिया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाकर उसे भी हथिया लिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर शील कुमार पुरी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

25. मेजर रणबीर सिंह (आई० सी०-8621)
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

मेजर रणबीर सिंह पश्चिमी क्षेत्र में तैनात मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन के सहायक कमान्डर थे। 6 दिसम्बर, 1971 को 12-30 बजे उनकी अग्रिम प्लाटून पर शत्रु की दो कम्पनियों ने हमला किया, मेजर रणबीर सिंह प्लाटून की स्थिति की तरफ लपके और इन्होंने अपने जवानों को शत्रु

का हमला विफल करने के लिए प्रोत्साहित किया। पास की चौकी पर शत्रु की कम्पनी को अस्त-व्यस्त देख कर इन्होंने दो प्लाटून सैनिक और टैंकों को इकट्ठा किया और दिन की रोशनी में ही शत्रु की चौकी पर हमले का नेतृत्व किया। तोपखाने और स्वचालित हथियारों के भारी गोली-बारी के बावजूद उन्होंने अपने जवानों का नेतृत्व किया और गुत्थमगुत्था की लड़ाई में घायल हो गए। उन्होंने अपने घावों की तनिक भी परवाह न करके हमले का दबाव बनाए रखा, फलस्वरूप शत्रु के 22 सिपाई मारे गए और 7 मशीनगनों और बहुत से दूसरे हथियारों पर अधिकार कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर रणबीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़संकल्प और नेतृत्व का परिचय दिया।

26. मेजर शेर सिंह (आई० सी०-14619)
मराठा लाइट इंफैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

मेजर शेर सिंह एक कम्पनी की कमान कर रहे थे जिसे राजस्थान क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। उस चौकी पर शत्रु भारी संख्या में था और उसने सुरंग बिछाकर और रुकावटें खड़ी करके मजबूत मोर्चाबन्दी कर रखी थी। हमले के दौरान दुश्मन ने छोटे हथियारों से भारी और सही गोलाबारी की। शत्रु की भारी गोलीबारी के बावजूद मेजर शेर सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए बिजली के से तेज हमले का नेतृत्व किया और गुत्थमगुत्था की भयानक लड़ाई के बाद शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचा कर इन्होंने उस चौकी पर अधिकार कर लिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर शेर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

27. मेजर सुन्हारा सिंह (आई० सी०-20901)
कुमाऊं रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

मेजर सुन्हारा सिंह कुमाऊं रेजिमेन्ट की एक बटालियन के कम्पनी कमांडर थे। इनकी कम्पनी को राजस्थान क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। हमले के दौरान शत्रु ने हमारे सैनिकों पर छोटे हथियारों से तेज और प्रभावकारी गोलाबारी शुरू कर दी। मेजर सुन्हारा सिंह ने अडिग रह कर हमले का नेतृत्व किया और गुत्थमगुत्था की लड़ाई के बाद शत्रु को बरबाद कर दिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर सुन्हारा सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

28. मेजर अमरीक सिंह (आई० सी०-18055)
सिख रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर, 1971)

मेजर अमरीक सिंह सिख रेजिमन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। 10/11 दिसम्बर, 1971 की रात को राजस्थान क्षेत्र में इन्होंने शत्रु की एक आवरण चौकी पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। इसके बाद इन्होंने शत्रु के एक मोर्चे पर प्रहार का नेतृत्व करने के लिए अपने को प्रस्तुत किया। उस लक्ष्य पर पाकिस्तान के नियमित सैनिकों की एक कम्पनी थी जिसने वहां पर बहुत मजबूत मोर्चाबन्दी कर रखी थी और 600 मीटर गहरे सुरंग क्षेत्र से इस मोर्चे को रक्षित किये हुए थी। मेजर अमरीक सिंह ने प्रहार का नेतृत्व किया और उनके प्रेरक नेतृत्व में उनकी कम्पनी ने सुरंग क्षेत्र में से होकर हमला किया और गुत्थमगुत्था की लड़ाई के बाद लक्ष्य कब्जा कर लिया। प्रहार के दौरान मेजर अमरीक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन वे अपने जवानों को निर्देश देते रहे और इस तरह उन्होंने शत्रु के जवाबी हमले को विफल कर दिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर अमरीक सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

29. मेजर प्रशांत कुमार चटर्जी (आई० सी०-11965)
मराठा लाइट इंफैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

मेजर प्रशांत कुमार चटर्जी पूर्वी क्षेत्र में तैनात मराठा लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन के कम्पनी कमांडर थे। 4/5 दिसम्बर, 1971 को इनकी बटालियन को शत्रु के एक इलाके पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इस इलाके में शत्रु ने अच्छी तैयारी कर रखी थी और वह वहां बड़ी तादाद में था। शत्रु पर बाजू से हमला किया गया और उसने मुकाबले में छोटे हथियारों से जोरदार गोलाबारी की। लेकिन मेजर प्रशांत कुमार चटर्जी ने अडिग रहकर हमले का नेतृत्व किया और गुत्थमगुत्था की लड़ाई के बाद लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

आद्योपान्त मेजर प्रशांत कुमार चटर्जी ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

30. मेजर विनोद कुमार शारदा (आई० सी०-13715)
पैराशूट रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर, 1971)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान मेजर विनोद कुमार शारदा पैराशूट रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इस कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में एक मोर्चा सम्भालने का आदेश दिया गया था, जिस पर विमानों द्वारा सैनिक उतार कर हमले के बाद अधिकार कर लिया गया था। मोर्चे खोदने का काम पूरा होने से पहले ही मेजर विनोद कुमार शारदा की नजर अपने इलाके की ओर बढ़ते हुए शत्रु के एक बड़े काफिले पर पड़ी। इन्होंने काफिले पर सही और भारी गोलाबारी करके शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचाया। शत्रु पुनर्गठन के लिए पीछे हट गया और इसने कम्पनी की स्थिति पर और दो हमले किए। शत्रु के छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद मेजर विनोद कुमार शारदा ने एक सैक्शन से दूसरे सैक्शन पर जा-जा कर अपने जवानों को मोर्चों पर डटे रहने को प्रोत्साहित किया और शत्रु के हमलों को विफल कर दिया।

आद्योपान्त मेजर विनोद कुमार शारदा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

31. मेजर किटकुले प्रकाश दिगंबर (आई० सी०-15664)
आर्टिलरी रेजिमेन्ट

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान पूर्वी क्षेत्र में मेजर किटकुले प्रकाश दिगंबर एक लाइट रेजीमेन्ट की एक बैटरी की कमान कर रहे थे। एक मौके पर मेजर किटकुले प्रकाश दिगंबर ने देखा कि शत्रु की एक कम्पनी हमले के लिए मोर्चा संभाल रही है। इन्होंने तुरन्त तोपखाने से तेज और सही गोलाबारी करवा कर शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया और उनमें भगदड़ मच गई। इस स्थिति से लाभ उठा कर उन्होंने शत्रु पर हमला किया। हमले की तेजी से शत्रु बलहीन हो गया और वह उस क्षेत्र से तुरन्त पीछे हट गया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर किटकुले प्रकाश दिगंबर ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

32. मेजर कमल नन्दा (आई० सी०-12307)
4 हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

6 दिसम्बर, 1971 को मेजर कमल नन्दा आर्मर्ड रेजिमेन्ट के एक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे और शकरगढ़ सैक्टर में एक गांव पर कब्जा करने के लिए अपने जवानों का नेतृत्व कर रहे थे। शत्रु के कड़े प्रतिरोध के बावजूद इन्होंने इस गांव पर कब्जा कर लिया और दूसरे इलाके पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़ने लगे। शत्रु ने टैंक रोधी मिसाइलों और रीकौइल गनों की गोलीबारी करते हुए कड़ा मुकाबला किया। मेजर कमल नन्दा के टैंक को मशीनी मणीन गन और शत्रु के मिग—19 विमान की गोलाबारी से क्षति पहुंची। हालांकि उनका बाजू बुरी तरह जख्मी हो गया था, फिर भी उन्होंने शत्रु की गोलाबारी और अपनी चोट की परवाह न करते हुए अपने टैंक को तेजी से आगे बढ़ाया और अपने जवानों को प्रेरित करते हुए वे अपने स्क्वाड्रन की कमान करते रहे। उनके साहसपूर्ण नेतृत्व से पुल पदाधार बड़ा करने और शत्रु के लगातार भंयकर जवाबी हमलों के विरुद्ध उस पर अधिकार बनाये रखने में सहायक हुआ।

इस कार्यवाही में मेजर कमल नन्दा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

33. मेजर सूरज जीत चौधरी (आई० सी०-7312)
4 हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

मेजर सूरज जीत चौधरी शकरगढ़ क्षेत्र में आर्मर्ड रेजिमेन्ट की एक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 6 दिसम्बर, 1971 को वे अपने स्क्वाड्रन का साहस, कौशल और क्षमता के साथ नेतृत्व करते हुए शत्रु की घनी और भारी गोलाबारी के बावजूद उसके सुरंग क्षेत्र को तोड़ते हुए आगे बढ़ गए। उन्होंने उखाड़ फैंकने के लिए शत्रु ने बार-बार भयानक जवाबी हमले किए, मगर वे अपनी जगह डटे रहे। इन्होंने खुद बड़े कौशल से अपने टैंकों का संचालन करते हुए शत्रु के दो टैंक नष्ट कर दिए।

मेजर सूरज जीत चौधरी ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

34. मेजर विजय कुमार भास्कर (आई० सी०-16054)
इन्जीनियर कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि —6 दिसम्बर, 1971)

मेजर विजय कुमार भास्कर शकरगढ़ क्षेत्र में इंजीनियर रेजिमेन्ट की एक फील्ड कम्पनी की कमान कर रहे थे। 6 दिसम्बर, 1971 को हमारी आक्रामक कार्यवाही शत्रु के सुरंगों की वजह से रुक गई। कार्यवाही जारी रखने के लिए सुरंग क्षेत्र को तुरन्त तोड़ना जरूरी था। यद्यपि शत्रु ने छोटे हथियारों और तोपखानों से इस क्षेत्र को आवरण दे रखा था और हम अभी तक पुलपदाधार (ब्रिज हैड) भी नहीं बनापाए थे। फिर भी मेजर विजय कुमार भास्कर दिन के समय अकेले, इस सुरंगक्षेत्र में घुस गए और 400 मीटर भीतर तक इन्होंने सुरंगों को टोह ली और पता लगाया कि वे किस तरतीब में और कितनी गहराई तक बिछी हुई हैं। अपनी जान की तनिक भी परवाह न करने, उनके साहसी कार्य के कारण ही बाद की सुरंगे साफ करने की क्रियायें तेजी से की जा सकी।

इस कार्यवाही में मेजर विजय कुमार भास्कर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

35. मेजर नंद दुलारे (आई० सी०-27413)
राजपूत रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

मेजर नंद दुलारे, राजपूत रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। इनको पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर शत्रु की पिछली लाइनों पर सड़क रुकावटें लगाने का कार्य सौंपा गया था। 15 दिसम्बर, 1971 को सड़क रुकावट हटाने के लिए शत्रु ने भारी संख्या में बार-बार हमला किया, परन्तु मेजर नंद दुलारे ने अपने जवानों को इकट्ठा किया और उन्हें इस बात के लिए प्रेरित किया कि वे शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाकर उसके हमले को विफल कर दें। एक हमले के दौरान मेजर नंद दुलारे ने शत्रु पर धावा बोल दिया और अपनी स्टेनगन को कमर पर रख कर चलाते हुए शत्रु के बहुत से जवानों को मार दिया। इनके साहसपूर्ण कार्य ने इनके जवानों में चौकी पर जमे रहने के लिए जोश भर गया और अन्त में उन्होंने शत्रु को पछाड़ कर उसके बहुत से जवानों, हथियार और उपस्कर पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में, नंद दुलारे ने उच्चकोटि की वीरता दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

36. मेजर गोपाल कृष्ण त्रिवेदी (आई सी--20021)
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसंबर, 1971)

मेजर गोपाल कृष्ण त्रिवेदी 10 दिसंबर, 1971 को शकरगढ़ क्षेत्र के किसी स्थान में शत्रु के इलाके पर हमले के दौरान ग्रेनेडियर्स

की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। यह एक ऐसा किलाबंद मजबूत मोर्चा था जिस पर शत्रु अधिक संख्या में था और उसने 800 गज की दूरी तक सुरंगें भी बिछा रखी थी। हमले के दौरान हमारे प्रहार दल पर शत्रु ने अचूक और भारी गोलाबारी शुरू कर दी। इसके बावजूद मेजर गोपाल कृष्ण त्रिवेदी अपने जवानों को आगे ले गए और सुरंग क्षेत्र के बीच में से होकर लक्ष्य पर धावा बोल दिया और मुठभेड़ की जबरदस्त लड़ाई लड़कर उस पर कब्जा कर लिया। 11 दिसंबर, 1971 को शत्रु ने भारी संख्या में जवाबी हमला कर दिया। मेजर गोपाल कृष्ण त्रिवेदी ने खुद मौजूद रह कर अपने जवानों को प्रोत्साहित किया और एक खाई से दूसरी खाई में जा जाकर मोर्चे पर जमे रहने के लिए उनमें जोश भरा। इस तरह वे शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा कर उसके हमले को विफल करने में सफल हुए।

आद्योपान्त मेजर गोपाल कृष्ण त्रिवेदी ने उच्चकोटि की वीरता दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

37. मेजर सदानंद बलवंत सालुंके (आई सी–18389)
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––10 दिसंबर, 1971)

मेजर सदानंद बलवंत सालुंके, शकरगढ़ क्षेत्र में मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। 10 दिसंबर, 1971 को इन्हे शत्रु की कुछ ठिकानों पर हमला करने का आदेश दिया गया। मेजर सदानंद बलवंत सालुके ने अपने जवानों का नेतृत्व किया और शत्रु की तीन चौकियों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद शत्रु की तेज तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी की परवाह न करते हुए ये और आगे बढ़ गए। शत्रु को अपने मोर्चे को दुबारा तैयार करते देखकर इन्होंने अपने जवानों को इकठ्ठा किया और तेजी से उस पर हमला करके उसे भारी जानी नुकसान पहुंचाया और लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर सदानन्द बलवंत सालुंके ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

38. मेजर मनजीत सिंह दुग्गल (आई सी–12641)
आर्टिलरी रेजिमेंट,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––7 दिसंबर, 1971)

मेजर मनजीत सिंह दुग्गल पूर्वी क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान डोगरा रेजिमेंट की बटालियन में बैटरी कमांडर थे। पूरी संक्रियाओं के दौरान इन्होंने तोपखाने की गोलाबारी से प्रभावकारी सहायता पहुंचाई और शत्रु के लक्ष्यों पर गोलीबारी करवाने के लिए उसके छोटे हथियारों और मार्टर गोलाबारी के बावजूद वे बार-बार खुले में आते रहे। इनका कार्य इनके जवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत था और बटालियन द्वारा की गई सफल संक्रियाओं में सहायक हुआ जिससे इन्होंने शत्रु द्वारा अधिकृत इलाके पर अपना कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर मनजीत सिंह दुग्गल ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

39. मेजर कुलदीप सिंह गिल (आई सी–14014)
5वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––14 दिसंबर, 1971)

मेजर कुलदीप सिंह गिल, पश्चिमी क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान 5वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। 14 दिसंबर, 1971 को इन्हें शत्रु के सैन्यदलों का पता लगाने का कार्य सौंपा गया। इन्होंने अपनी कंपनी को इस कार्य में लगा दिया। और खुद अपनी प्लाटूनों में से एक को साथ लेकर शत्रु का पता लगाने के लिए गए। खोज के दौरान इनके दल पर शत्रु ने ऊंचाई पर बनी अपनी खंदक में से स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी शुरू कर दी। इस मोर्चे पर शत्रु एक कंपनी और पांच मझोली मशीनगनों की सहायता से कब्जा जमाए हुए था। हालांकि शत्रु संख्या में इनसे कहीं ज्यादा था और ये खुले में थे फिर भी मेजर गिल ने अपने जवानों को इकठ्ठा किया और मोर्चा लेकर 6 घंटे तक वहां जमे रहे और बाद में टैंकों की मदद से शत्रु के मोर्चे पर हमला कर दिया और उसे भारी जानी नुकसान पहुंचा कर, भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और 5 मझोली मशीनगनों पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर कुलदीप सिंह गिल ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

40. मेजर चन्द्र कान्त (आई सी–18851)
गार्डस् ब्रिगेड,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि–4 दिसंबर, 1971)

मेजर चन्द्र कान्त उस कंपनी की कमान संभाले हुए थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के ठिकाने के पीछे रुकावट डालने का कार्य सौंपा गया था। इनके योग्य नेतृत्व में कंपनी ने शत्रु के पीछे हटने से पहले रुकावट डाली। जब शत्रु ने पीछे हटने के रास्तों को बंद पाया तो उसने भीषण प्रतिक्रिया की और कंपनी पर टैंकों से भारी गोलाबारी और प्रहार किया। परन्तु फिर भी मेजर चन्द्रकान्त बिना झिझके खाई-खाई गए और अपने जवानों को मोर्चे पर डटे रहने के लिए उस समय तक प्रोत्साहित करते रहे जब तक कि शत्रु का उस क्षेत्र से सफाया न हो गया।

इस कार्यवाही में मेजर चन्द्र कान्त ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

41. मेजर सतीश नम्बियार (आई सी–10018)
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––11 दिसंबर, 1971)

मेजर सतीश नम्बिया मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की उस अग्रवर्ती कंपनी की कमान संभाले हुए थे, जिसने पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में सड़क रुकावट डाली थी। शत्रु ने 10 दिसंबर, 1971 को 0230 बजे भारी संख्या में सड़क रुकावट पर प्रहार किया। इस हमले में शत्रु ने तोपखाने मार्टर और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी की। मेजर सतीश नम्बियार अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना अपने जवानों को जोश दिलाने के लिए खाई-खाई गए। शत्रु अग्रवर्ती रक्षित इलाकों से 40 गज करीब तक आ पहुंचा परन्तु फिर भी उसके प्रहार को विफल कर दिया गया।

इसी तरह 11 दिसंबर, 1971 को 0430 बजे तक किए गए शत्रु के और प्रहार भी विफल कर दिए गए।

आद्योपान्त मेजर सतीश नम्बियार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

42. मेजर अशोक कुमार तारा (आई सी–20506)
गार्डस् ब्रिगेड

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––3 दिसंबर, 1971)

मेजर अशोक कुमार तारा पूर्वी क्षेत्र में एक स्थान पर हमला करते समय एक अग्रवर्ती कंपनी की कमान कर रहे थे। शत्रु ने स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी करके हमले को रोक दिया। मेजर अशोक कुमार तारा अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना शत्रु की सबसे अगली मझोली मशीन गन मोर्चे तक रेंग कर गए और उसे शांत कर दिया। उनके इस साहसी कार्य से उनकी कंपनी के जवानों को इतनी प्रेरणा मिली कि उन्होंने पूरे निश्चय से शत्रु पर प्रहार किया। मेजर अशोक कुमार तारा हालांकि घायल हो गए थे फिर भी वे प्रहार का उस समय तक नेतृत्व करते रहे जब तक कि उस मोर्चे पर कब्जा न हो गया।

इस कार्यवाही में, मेजर अशोक कुमार तारा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

43. मेजर रवि कुमार (आई सी–14817)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––12 दिसंबर, 1971)

मेजर रवि कुमार सिख लाइट इन्फैन्ट्री की बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे, जिसे पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। रास्ता तंग होने के कारण प्रहार सेक्शनों में बांट कर करना पड़ा और मेजर रवि कुमार सबसे आगे वाले सेक्शन की अगुआनी कर रहे थे। एक बंकर से शत्रु की एक मझोली मशीन गन के प्रभावकारी गोलीबारी से हमारा प्रहार रुक गया। उस गन को शांत करने की जरूरत को महसूस करके मेजर रवि कुमार अपनी जान की परवाह न करते हुए रेंग कर आगे बढ़े और इन्होंने एक हथगोला फेंक कर चालक को मार डाला। बहादुरी के इस कारनामे से प्रोत्साहित होकर कंपनी ने शत्रु की चौकी पर हमला किया और उसे भारी जानी नुकसान पहुंचा कर उस पर अधिकार कर लिया। शत्रु ने बड़ी तेजी में आकर चार जवाबी हमले किए, लेकिन वे सबके सब विफल कर दिए गए।

इस कार्यवाही में मेजर रवि कुमार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

44. मेजर पतिहरे वीटिल सहदेवन (आई सी–22366)
मद्रास रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––16 दिसंबर, 1971)

15/16 दिसंबर, 1971 की रात को मेजर पतिहरे वीटिल सहदेवन को, जो मद्रास रजिमेंट की बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे, पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में पुल-पदाधार स्थापित करने का काम सौंपा गया। इसके लिए 800 गज चौड़े सुरंग क्षेत्र के पार से हमला करना पड़ता था। हमले के दौरान इनकी कंपनी जब सुरंग क्षेत्र में थी तो इसके काफी जवान हताहत हो गए। मेजर सहदेवन, अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना आगे बढ़े और अपना साथ देने के लिए इन्होंने अपने जवानों को प्रेरित किया। सुरंग क्षेत्र के अंतिम सिरे पर पहुंचने पर कंपनी को कड़ा मुकाबला करना पड़ा। पास वाले बंकर से शत्रु की मझोली मशीनगन की गोलीबारी से हमारे जवान हताहत हो रहे थे। मेजर सहदेवन फौरन शत्रु के बंकर तक रेंग कर पहुंचे और उसमें इन्होंने एक ग्रेनेड फेंक दिया। इससे बंकर में रखे हुए ईंधन और गोलाबारूद में आग लग गई और शत्रु हड़बड़ाहट में भाग खड़ा हुआ। हमले के दौरान वे भारी गोलाबारी की परवाह किए बिना खाई-खाई गए और जवानों को अपनी जगह डटे रहने और शत्रु के हमलों को पछाड़ने के लिए उत्साहित करते रहे।

आद्योपान्त मेजर पतिहरे वीटिल सहदेवन ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

45. मेजर विक्रम कुमार आनंद (आई सी–16611)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––14 दिसंबर, 1971)

मेजर विक्रम कुमार आनन्द, शकरगढ़ क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान सिख लाइट इन्फैन्ट्री की बटालियन की एक राइफल कंपनी की कमान कर रहे थे। 14 दिसंबर, 1971 की सुबह इनकी कंपनी को एक कैवलरी रेजिमेंट की कमान में रखा गया जिसे दुश्मन के एक मोर्चे पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। दुश्मन के छोटे हथियारों, टैंकों और तोपखाने के लगातार गोलाबारी के बावजूद मेजर विक्रम कुमार आनन्द ने हमले का दबाव बनाए रखने के लिए अपनी कंपनी को प्रेरित किया और भारी लड़ाई के बाद दुश्मन के मोर्चे पर अधिकार कर लिया। इनके योग्य नेतृत्व में कंपनी ने दुश्मन के बहुत से जवाबी हमलों को पछाड़ दिया।

आद्योपान्त, मेजर विक्रम कुमार आनन्द ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

46. मेजर गोविन्द सिंह (आई सी–6881)
4 हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––16 दिसंबर, 1971)

बसंतार नदी की लड़ाई के दौरान 17 हार्स, जो पुल-पदाधार स्थापित कर रही थी, दुश्मन के भारी दबाव में आ गई और यह तय किया गया कि पुल-पदाधार पर अतिरिक्त बख्तर सेना भेजी जाए। चार सैन्यदलों को एक तदर्थ सेना बनाई गई, जिसमें रेजिमेन्टल और ब्रिगेड हेडक्वार्टर के सैन्यदल शामिल थे और इसे मेजर गोविन्द सिंह की कमान में रखा गया। दुश्मन 'जारपाल' पर हमारी सेना को घोंघे में काटने के लिए एक आर्मर्ड स्क्वाड्रन ले जाने की कोशिश कर रहा था। भारी गोलाबारी के बावजूद मेजर गोविन्द सिंह अपना टैंक लेकर आगे बढ़े और इन्होंने दुश्मन के दो टैंक नष्ट कर दिए। इसके बाद इन्होंने अपनी कमान में सेना को चतुराई से इस तरह नियोजित किया कि दुश्मन द्वारा बार-बार किए गए हमलों को भी विफल कर दिया गया।

आद्योपान्त, मेजर गोविन्द सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, पहल कदमी और नेतृत्व का परिचय दिया।

47. मेजर मलविंदर सिंह शेरगिल (आई सी–13152)
7 लाइट कैवेलरी

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसंबर, 1971)

मेजर मलविंदर सिंह शेरगिल, शकरगढ़ क्षेत्र में 7वीं कैवेलरी के एक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 8 दिसंबर, 1971 को इन्हें एक रेल पर्यन्त पर, जिस पर दुश्मन की इन्फैन्ट्री और आर्मर भारी तादाद में जमा थी, अधिकार करने का आदेश मिला। हमले के दौरान वे बड़ी फुर्ती से आगे बढ़े और कड़े मुकाबले के बावजूद रेल-पर्यन्त पर अधिकार कर लिया और उस पर तब तक जमें रहे, जब तक इन्फैन्ट्री बटालियन ने आगे बढ़कर उस पर मोर्चे न बना लिए। 7 से 12 दिसंबर, 1971 के दौरान इन्होंने दुश्मन के बख्तर पर दो बार हमला किया और दुश्मन के दो टैंक नष्ट कर दिए। 13 दिसंबर, 1971 को इनकी स्क्वाड्रन ने पाकिस्तानी सेना के 20वें लान्सर और 33वीं कैवेलरी को लगभग 9 किलोमीटर पीछे धकेल दिया।

आद्योपान्त, मेजर मलविन्दर सिंह शेरगिल ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

48. मेजर वीरेन्दर सिंह रुहिल (आई सी–12414)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसंबर, 1971)

मेजर वीरेन्दर सिंह रुहिल पुर्वी क्षेत्र में लाइट रेजिमेंट की एक बैटरी की कमान कर रहे थे। 5 दिसंबर, 1971 को बिहार रेजिमेंट की एक बटालियन ने एक क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। दुश्मन ने तीव्र प्रतिक्रिया की और हमारी सैन्य टुकड़ियों को हटाने के प्रयत्न में मार्टर और मझोली मशीनगन से गोलाबारी कर दी। मेजर वीरेन्दर सिंह रुहिल अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना आगे बढ़े और दुश्मन की उन मझौली मशीनगन और मार्टर पर गोले बरसाए जो हमारी टुकड़ियों को जान-माल की क्षति पहुंचा रही थीं और उन्हें शांत कर दिया। 15 दिसंबर, 1971 को गार्डस् ब्रिगेड की एक बटालियन के हमले को दुश्मन ने रोक दिया क्योंकि वह अच्छी तरह तैयार किए गए मोर्चे पर डटा हुआ था। दुश्मन के छोटे हथियारों और मार्टर की भारी गोलाबारी के बावजूद मेजर वीरेन्दर सिंह रुहिल दुश्मन के मोर्चे के पास तक गए और दुश्मन पर सही तथा प्रभावी गोलाबारी की जिससे बटालियन लक्ष्य पर अधिकार कर सकी।

इस पुरी संक्रिया के दौरान मेजर वीरेन्दर सिंह रुहिल ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

49. मेजर रविन्दर कुमार अरोड़ा (ई सी–58565)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसंबर, 1971)

मेजर रविन्दर कुमार अरोड़ा राजस्थान क्षेत्र में सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। 15 दिसंबर, 1971 को इन्हें दुश्मन के एक मजबूत मोर्चे पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। मेजर रविन्दर कुमार अरोड़ा ने दुश्मन के छोटे हथियारों और तोपखाने की गोलाबारी के बावजूद अपने जवानों का साहस के साथ नेतृत्व किया और उन्हें लक्ष्य पर अधिकार करने की प्रेरणा दी। लक्ष्य पर अधिकार करने के पश्चात् पड़ोस के दुश्मन के इलाके पर हमला किया गया परन्तु दुश्मन ने छोटे हथियारों और तोपखाने से भारी गोलाबारी करके हमला रोक दिया। मेजर रविन्दर कुमार अरोड़ा ने अपनी दो प्लाटूनें लेकर दुश्मन के इलाके पर हमला किया और हालांकि ये गंभीर रूप से घायल हो गए फिर भी उन्होंने शत्रु की भारी गोलाबारी के नीचे अपनी टुकड़ियों का सुरंग-क्षेत्र पार करते समय नेतृत्व किया। ये दुश्मन के पास तक पहुंचे और कड़े मुकाबले के पश्चात् लक्ष्य पर अधिकार कर लिया।

इस पुरी संक्रिया के दौरान मेजर रविन्दर कुमार अरोड़ा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

50. मेजर सुशील कुमार शारदा (आई सी–12099)
महार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसंबर, 1971)

मेजर सुशील कुमार शारदा राजस्थान क्षेत्र में महार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। 12/13 दिसंबर, 1971 की रात में उन्होंने दुश्मन के एक मोर्चे पर हमला करते समय अपनी कंपनी का नेतृत्व किया और उस पर अधिकार कर लिया। दुश्मन के जवाबी हमले के दौरान भारी गोले और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद वे खुले में अपने जवानों को डटे रहने और दुश्मन के हमले को विफल करने की प्रेरणा देते हुए खाई-खाई गए।

इस पुरी कार्यवाही के दौरान, मेजर सुशील कुमार शारदा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

51. मेजर इन्दर प्रक्चु खरबंदा (आई सी–18612)
गार्डस् ब्रिगेड

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसंबर, 1971)

मेजर इन्दर प्रक्चु खरबंदा गार्डस् ब्रिगेड की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। उन्हें पुर्वी क्षेत्र में उस स्थान के पीछे जिस पर दुश्मन का अधिकार था, रुकावट डालने का कार्य सौंपा गया था। मेजर इन्दर प्रक्चु खरबंदा ने अपनी कंपनी का बड़े ही कौशल से नेतत्व किया और मोर्चे पर अधिकार कर लिया। दुश्मन ने उनके मोर्चे पर गन-बोटों से भारी एवं स्वचालित गोलाबारी की परंतु ये अपने स्थान पर डटे रहे जिससे उस संक्रिया में सफलता मिली।

इस कार्यवाही में मेजर इन्दर प्रक्चु खरबंदा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

52. मेजर कुप्पन्दा पोनप्पा मन्जप्पा (एस एस–19466)
कुमायूं रेजिमेंट

मेजर कुप्पन्दा पोनप्पा मन्जप्पा कुमायूं रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे जिसे पुर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक मजबूत मोर्चे पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। यह बहुत ही मजबूत किलाबंद मोर्चा था और इस क्षेत्र में और बाद की संक्रिया के लिए इस पर अधिकार करना जरूरी था। भारी और सही गोलाबारी और छोटे हथियारों की गोलीबारी के बावजूद मेजर कुप्पन्दा पोनप्पा मन्जप्पा ने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना अपने जवानों का नेतृत्व किया और कड़े मुकाबले के पश्चात् लक्ष्य पर अधिकार कर लिया।

इस कार्रवाही में मेजर कुप्पन्दा पोनप्पा मन्जप्पा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

53. मेजर धर्मपाल सिंह (आई० सी०-13817)
बिहार रेजिमेंट

मेजर धर्म पाल सिंह बिहार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक मजबूत मोर्चे पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद मेजर धर्मपाल सिंह ने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना अपने जवानों का नेतृत्व किया और जबर्दस्त लड़ाई के बाद लक्ष्य पर अधिकार कर लिया। इन्होंने दुश्मन की 105 मझौली मशीनगनों को भी अधिकार में ले लिया।

इस कार्यवाही में, मेजर धर्मपाल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

54. मेजर मनोप्टक्या मंडप्पा रवि (एस० एस०-19469)
बिहार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसंबर, 1971)

मेजर मनोप्टक्या मंडप्पा रवि, बिहार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। उन्हें पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक मजबूत ठिकाने पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। हमले के दौरान इनकी कंपनी पर शत्रु ने तोपखाने, छोटे हथियारों और टैंकों से जबरदस्त गोलाबारी की और वे गोले की किर्च से गंभीर रूप से घायल हो गए। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद और अपने जख्मों की तनिक परवाह न करते हुए, मेजर मनोप्टक्या मंडप्पा रवि ने हमले में अपनी कंपनी का नेतृत्व किया उनके साहस से प्रेरणा लेकर उनकी कंपनी ने लक्ष्य पर धावा बोल दिया और भीषण लड़ाई के बाद इस पर अधिकार कर लिया। इस हमले में शत्रु का एक टैंक सही हालत में हमारे हाथ लगा।

इस कार्यवाही के दौरान, मेजर मनोप्टक्या मंडप्पा रवि ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

55. मेजर सुखपाल सिंह (आई० सी०-19213)
जाट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसंबर, 1971)

पाकिस्तान के विरुद्ध दिसंबर, 1971 की सक्रियाओं के दौरान मेजर सुखपाल सिंह पश्चिमी क्षेत्र में जाट रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। 4 दिसंबर, 1971 को उनकी कंपनी को एक गांव पर दोबारा अधिकार करने का काम सौंपा गया था, जिसे शत्रु ने एक दिन पहले अपने अधिकार में कर लिया था। इस मोर्चे पर शत्रु बड़ी तादाद में था और उसके मोर्चे बांध पर होने के कारण वह वहां हावी था। मेजर सुखपाल सिंह ने हमले में अपने जवानों का नेतृत्व किया। शत्रु उनपर छोटे हथियारों और तोपखाने से जबरदस्त गोलाबारी कर रहा था। इसके बावजूद, अपनी कंपनी को प्रेरित करके वे न केवल गांव पर दोबारा अधिकार करने में सफल हुए, बल्कि बांध के एक मजबूत मोर्चे पर भी अधिकार कर लिया, जहां से शत्रु उनके ठिकाने पर तोपखाने से गोलाबारी कर रहा था। तोपखाने और मझौली मशीनगन के भारी गोलीबारी की आड़ में शत्रु ने बांध पर कई जवाबी हमले किए। मेजर सुखपाल सिंह अडिग रहकर एक खाई से दूसरी खाई में जाकर अपने जवानों को जोश दिलाते रहे।

इस कार्यवाही में, मेजर सुखपाल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

56. मेजर विजय कुमार वेद (आई० सी०-21303)
ग्रेनेडियर्स

मेजर विजय कुमार वेद शकरगढ़ क्षेत्र में ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। उनको शत्रु के एक मोर्चे पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। वह एक मजबूत किलाबंद मोर्चा था जिस पर शत्रु काफी संख्या में मौजूद था और वहां 12 ब्राउनिंग मशीनगनें भी लगी हुई थीं। शत्रु के तोपखाने और स्वचालित गोलाबारी के बावजूद मेजर विजय कुमार वेद ने अपने प्रहार करने वाले सैनिकों का नेतृत्व किया और जबर्दस्त लड़ाई लड़कर लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर विजय कुमार वेद ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

57. मेजर जय भगवान सिंह यादव (आई० सी०-16095)
11वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसंबर, 1971)

12 दिसंबर, 1971 को मेजर जय भगवान सिंह यादव 11वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की उस कंपनी की कमान कर रहे थे जो पूर्वी क्षेत्र में बोगड़ा की तरफ बढ़ते समय हरावल दस्ते के रूप में आगे बढ़ रही थी। हमारा आगे बढ़ना बोगड़ा क्षेत्र में पुल के दूसरी ओर से मशीनगन और रिकाइललेस गन की गोलियों की बौछार के कारण रुक गया। मेजर जय भगवान सिंह यादव को आदेश दिया गया कि वे दुश्मन के मोर्चे के पीछे सड़क पर रुकावट खड़ी कर। इच्छामती नदी को पार करने के पश्चात् कंपनी उस जगह पर पहुंच गई, जहां सड़क पर रुकावट खड़ी करनी थी। सड़क रुकावट खड़ी करने के लिए टोह लेते समय, शत्रु की एक टेलीफोन लाइन का पता लग गया जिससे शत्रु के बटालियन हेडक्वार्टर के ठिकाने का पता चला। मेजर जय भगवान सिंह यादव ने इस हेडक्वार्टर को घेर लिया और बटालियन कमान्डर और अन्य अफसरों को बंदी बना लिया। शत्रु ने बड़ी तेजी से जवाबी कार्यवाही की और इस कंपनी को अलग थलग करने के लिए बचकर पीछे हटने के इसके सभी रास्ते बंद कर दिए। शत्रु की इस हरकत के बावजूद उन्होंने जबर्दस्त दबाव बनाए रखा, खुद खतरा मोल लिया और अपने जवानों को अपनी जगह पर डटे रहने के लिए जोश दिलाते, और उन्हें प्रोत्साहित करते रहे। इस समय तक शत्रु की कंपनी अपने कमान अफसर को बचाने के लिए इसके करीब आती जा रही थी। इस कंपनी ने कड़ा मुकाबला किया, जिससे शत्रु के मोर्चे कमजोर पड़ गए और हमारी बक्तर सेना उसकी रक्षा पंक्ति को तोड़कर आगे बढ़ सकी। शत्रु पुरी तरह बौखला गया और उसके हौसले पस्त हो गए। उसे भारी जानी और माली नुकसान पहुंचा और फलस्वरूप बड़ी संख्या में हमारी सेनाओं के सामने उसने समर्पण कर दिया।

इस कार्यवाही में मेजर जय भगवान सिंह यादव ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

58. मेजर अवजीत सिंह मामिक (आई० सी०–14461)
11वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––13 दिसंबर, 1971)

13 दिसंबर, 1971 को मेजर अवजीत सिंह मामिक 11वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। उन्हें पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक मोर्चे पर कब्जा करने का आदेश मिला। इनका हमला अभी शुरू ही हुआ था कि शत्रु ने मशीनगन से सही और भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिसकी वजह से उनके सैनिक वहीं के वहीं रुक गए। पता लगता था कि शत्रु एक कंपनी की तादाद में है और उसने बहुत मजबूत मोर्चाबंदी की हुई है। लेकिन इसके बावजूद इन्होंने अपने हमले का दबाव बनाए रखा और अपने जवानों का नेतृत्व किया और उन्हें शत्रु से भिड़ने के लिए हौसला दिया। उनके जवान उनके पीछे जुट गए और बंकर-बंकर लड़ते हुए शत्रु मोर्चे में दाखिल हो गए। शत्रु बहुत से मृतक सैनिक और बड़ी मात्रा में उपस्कर छोड़ कर भाग गया। मेजर अवजीत सिंह मामिक ने तेज रफ्तार से कार्यवाही करके शत्रु के कंपनी हेडक्वार्टर को घेर लिया और कंपनी कमांडर को हथियार डालने के लिए विवश कर दिया।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर अवजीत सिंह मामिक ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

59. मेजर हरीश कुमार चोपड़ा (आई० सी०–13761)
आर्टिलरी रेजिमेंट

मेजर हरीश कुमार चोपड़ा उस इन्फैन्ट्री बटालियन के बटरी कमांडर थे जिसने शकरगढ़ क्षेत्र में बसंतार नदी के पार एक पुल पदाधार कायम किया था। तोपखाने और मशीनगन की भारी गोलाबारी की सहायता से शत्रु ने बड़ी तादाद में जवाबी हमला किया। इसमें एक अगली कंपनी के साथ तैनात प्रेक्षण चौकी अफसर घायल हो गया। मेजर हरीश कुमार चोपड़ा ने प्रेक्षण चौकी अफसर की ड्यूटी संभाली। अपनी जान की परवाह न करते हुए वे एक मोर्चे से दूसरे मोर्चे तक पहुंचे, तोपखाने से शत्रु पर गोलाबारी करवाते रहे और इस तरह उनकी वजह से शत्रु का जवाबी हमला छिन्न-भिन्न किया जा सका। बटालियन हेडक्वार्टर्स लौटते समय बटालियन का कमांडिंग अफसर किर्च लगने से घायल हो गया। कमांडिंग अफसर की उस जगह से निकासी के लिए उन्होंने भरसक प्रयत्न किए, लेकिन उस क्षेत्र में शत्रु की मशीनगन के भारी कारगर गोलीबारी की वजह से वे ऐसा न कर सके। मेजर हरीश कुमार चोपड़ा ने कमांडिंग अफसर की वहीं प्राथमिक चिकित्सा की और तब तक उसके साथ बने रहे, जब तक उनकी निकासी सुरक्षित स्थान तक न हो गई।

इस कार्यवाही में मेजर हरीश कुमार चोपड़ा ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति और कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

60. मेजर राजकुमार मल्होत्रा (आई० सी०–20824)
पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––9 दिसंबर, 1971)

मेजर राजकुमार मल्होत्रा उस सैन्यदल के ग्रुप कमांडर थे, जो पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में तैनात था। इन्होंने दृढ़ता से अपने दल का नेतृत्व किया और शत्रु पर लगातार दबाव बनाए रख कर उसकी बहुत-सी चौकियों पर अधिकार कर लिया।

आद्योपांत मेजर राजकुमार मल्होत्रा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

61. मेजर हरीश चन्द्र शर्मा (आई० सी०–21075)
जाट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––9 दिसंबर, 1971)

दिसंबर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान मेजर हरीश चन्द्र शर्मा पूर्वी क्षेत्र में जाट रेजिमेंट की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। उन्होंने मौजूदा नावों के बेड़े से ही काम चलाया और शत्रु के कड़े मुकाबले के बावजूद उसे पीछे हटाकर पुल पदाधार बनाया। इससे दूसरे दलों को नदी पार करने में सुविधा रही। बड़े जोश से आगे बढ़ कर उन्होंने 9 दिसंबर, 1971 को एक क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। उनके योग्य नेतृत्व में कंपनी ने शत्रु के भारी जवाबी हमलों को पछाड़ दिया।

आद्योपांत मेजर हरीश चन्द्र शर्मा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

62. मेजर सूरवेंद्र सिंह नेगी (आई० सी०–22805)
ग्रेनेडियर्स

मेजर सूरवेंद्र सिंह नेगी पूर्वी क्षेत्र में कार्यवाही कर रही सेना के ग्रुप कमांडर थे। उनके कुशल नेतृत्व में हमारी सेना ने शत्रु के एक मजबूत किलाबंद मोर्चे पर मुठभेड़ की लड़ाई लड़कर कब्जा कर लिया। इसके बाद उन्होंने एक ऐसे महत्वपूर्ण पुल को उड़ा दिया जिस पर से हमारे इलाके में शत्रु की हरकत रुक गई।

इस कार्यवाही में मेजर सूरवेंद्र सिंह नेगी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

63. मेजर वीरेन्द्र कुमार (आई० सी०–22619)
जम्मू और काश्मीर राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––7 दिसंबर, 1971)

मेजर वीरेन्द्र कुमार जम्मू और काश्मीर मिलिशिया की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे जो जम्मू और काश्मीर क्षेत्र में तनात थी। कंपनी के ठिकाने पर दुश्मन ने भारी संख्या में 7 दिसंबर, 1971 को तोपखाने की भारी और सही गोलीबारी की सहायता से हमला किया। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह न करते हुए वे स्थान-स्थान पर गए और अपने जवानों को दुश्मन का हमला विफल करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे भारी नुकसान के बावजूद दुश्मन ने पुनः गठित होकर दूसरा हमला किया। सारी रात और अगले दिन भी दुश्मन ने हमारी सेनाओं पर भारी दबाव बनाए रखा। फिर भी वे सब हमले विफल कर गए और दुश्मन अपने 70–80 मृत जवानों को उस क्षेत्र में इधर-उधर पड़े छोड़कर पीछे हट गया।

इस कार्यवाही में, मेजर वीरेन्द्र कुमार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

64. कैप्टेन सुरेन्द्र कौशिक (आई० सी०–17200)
आर्मर्ड कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि––4 दिसंबर, 1971)

4 दिसंबर, 1971 को कैप्टेन सुरेन्द्र कौशिक को छम्ब क्षेत्र में दो टैंकों के साथ 'देवा' अक्ष के साथ-साथ आगे बढ़ रहे शत्रु के

बख्तर को रोकने का काम सौंपा गया था। उन्होंने अपने टैंकों को गुराह की पहाड़ियों पर तैनात किया। मुनव्वर तवी पर छम्ब ब्रिगेड की ओर बढ़ते हुए शत्रु ने अपने दो बख्तर स्क्वाड्रनों के साथ उनके टैंकों पर हमला कर दिया। शत्रु के बड़ी तादाद में होने और भारी दबाव डालने के बावजूद वे अपने ठिकाने पर डटे रहे और शत्रु का कड़ा मुकाबला करते रहे। उन्होंने शत्रु के टैंकों पर ज़ोरदार गोला बारी की और उनके मोर्चों को तोड़कर आगे बढ़ जाने की दुश्मन की कोशिश को तब तक विफल करते रहे, जब तक उनके ठिकाने पर दूसरी बख्तर रैजिमेंट से कुमक न पहुंच गई। शत्रु को भारी नुकसान पहुंचाकर, उन्होंने 5 दिसंबर, 1971 का हमला भी विफल कर दिया। इन लड़ाइयों में कैप्टेन कौशिक और उनके दोनों टैंकों के कर्मीदल ने शत्रु के नौ टी 59 टैंक और तीन रिकायललेस राइफलें नष्ट कर दीं।

आद्योपान्त, कैप्टेन सुरेन्द्र कौशिक ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

65. कैप्टन विष्णु स्वरूप शर्मा (एस० एस०-20957), गार्ड्स ब्रिगेड

कैप्टन विष्णु स्वरूप शर्मा ने पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की चौकी पर हमला करते समय कम्पनी कमाण्डर की मृत्यु हो जाने पर गार्ड्स ब्रिगेड की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान सम्भाली। हालांकि उनकी कम्पनी के आधे जवान शहीद हो चुके थे, फिर भी इस अफसर ने दुश्मन के लगातार जवाबी हमलों के बावजूद लक्ष्य पर से हटने के लिये मना कर दिया। एक अवसर पर दुश्मन ने उनकी चौकी को घेर लिया। उस समय उन्होंने अकेले संगीन से जवाबी हमला किया। दुश्मन के भारी दबाव के बावजूद वे अपने मोर्चे पर डटे रहे और अन्त में अपनी कम्पनी के शेष जवानों को लेकर अपनी यूनिट से जा मिले।

आद्योपान्त, कैप्टन विष्णु स्वरूप शर्मा ने सराहनीय साहस, नेतृत्व और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

66. कैप्टन गुरबख्श सिंह सिंहोटा (आई० सी०-15471), आर्टिलरी रैजिमैन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

9 दिसम्बर, 1971 को कैप्टेन गुरबख्श सिंह सिंहोटा को पूर्वी क्षेत्र में हैलीकाप्टरों द्वारा की जाने वाली संक्रियाओं के लिये उपयुक्त अवतरण स्थान का चयन करने के लिए एक टोह पार्टी ले जाने के आदेश दिये गये। बड़े ही कौशल से हैलीकाप्टर को चलाते हुए दुश्मन द्वारा अधिकृत प्रदेश के बहुत अन्दर तक उन्होंने उड़ान भरी। इस टोह के दौरान उनके हैलीकाप्टर पर दुश्मन ने छोटे हथियारों से गोलाबारी की और इससे उनका हैलीकाप्टर क्षतिग्रस्त हो गया। फिर भी कैप्टेन सिंहोटा अपने क्षतिग्रस्त विमान को अग्रिम हैली पेड पर सुरक्षित वापिस ले आए। हालांकि उनका हैलीकाप्टर क्षतिग्रस्त हो गया था फिर भी उन्होंने दो गम्भीर रूप से घायल जवानों को निकालने का काम अपने हाथ में लिया। इसके बाद उसी दोपहर और उसी क्षतिग्रस्त हैलीकाप्टर में उन्होंने हैलीकाप्टरों द्वारा की जाने वाली संक्रियाओं के पहले दौर का नेतृत्व किया और दूसरे हैलीकाप्टरों को सुरक्षित उतरने के निदेश दिये।

आद्योपान्त, कैप्टन गुरबख्श सिंह सिंहोटा ने उच्चकोटि के साहस, पहल-शक्ति और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

67. कैप्टेन तीरथ सिंह (आई० सी० 23312) आर्टिलरी रैजिमैन्ट

कैप्टेन तीरथ सिंह पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की चौकी पर हमले के दौरान एक राइफल कम्पनी के साथ अग्रवर्ती प्रेक्षण अफसर के रूप में सम्बद्ध थे। दुश्मन एक मजबूत किलेबन्दी मोर्चे पर जमा हुआ था और उसके पास मझौली मशीनगनें थी जिनसे उसने लगातार और सही गोलाबारी करके हमारे एक प्लाटून कमाण्डर को घायल कर दिया। कैप्टन तीरथ सिंह ने इनफैंट्री प्लाटून की तुरन्त कमान सम्भाली और दुश्मन के मजबूत मोर्चे पर प्रहार का नेतृत्व किया और उसे नष्ट कर दिया।

इस कार्रवाई में, कैप्टेन तीरथ सिंह ने सराहनीय साहस और पहलशक्ति का परिचय दिया।

68. कैप्टेन पृथ्वी पाल सिंह संधा (आई० सी०-16285) आर्टिलरी रैजिमैन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को दुश्मन ने राजस्थान क्षेत्र में लोंगेवाला स्थान पर टैंकों और इन्फैंट्री से भारी तादाद में हमला किया। वायु प्रेक्षण फ्लाइट चौकी के कैप्टेन पृथ्वी पाल सिंह संधा को आदेश दिया गया कि वे हवाई जहाज में रहकर अपने टैंकों और तोपखाने की गोलाबारी दुश्मन के टैंकों और सैनिकों के जमावों पर करवायें। इस दौरान 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर, 1971 तक अपनी जान की ज़रा भी परवाह न करते हुए वे अधिक समय तक दुश्मन की गतिविधियों का प्रक्षण करने, कीमती सूचनाएं पीछे अड्डों पर भेजने और अपने टैंकों और गनों के हमलों को निर्देशित करने के लिए विमान-वाहित संक्रियाएं करते रहे।

इस कार्रवाई में, कैप्टन पृथ्वी पाल सिंह संधा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

69. कैप्टन गुरमुख सिंह गिल (एस० एस०-22577) पंजाब रेजिमैन्ट

जब हमारे सैनिकों पर हमला करने के लिए दुश्मन ने अपनी इन्फैन्ट्री और टैंकों का जमाव किया तो कैप्टन गुरमुख सिंह गिल ने तोपखाने के उस प्रेक्षण चौकी अधिकारी के बचाव के लिए एक गश्त का नेतृत्व किया जिसे दुश्मन पर हमला करके उसे तबाह करने का काम सौंपा गया था। यद्यपि यह गश्त वहां से सिर्फ 50 गज दूर थी, जहां शत्रु की 2 इन्फैन्ट्री बटालियनों और टैंकों की एक स्क्वाड्रन जमा थी, फिर भी कैप्टन गुरमुख सिंह गिल ने मोर्चा जमाया और प्रेक्षण चौकी अधिकारी ने सैनिकों और गनों से दुश्मन पर भारी और सही गोलीबारी शुरू कर दी। इससे दुश्मन की इन्फैंट्री और उसके टैंक घबराहट और डर के मारे तितर-बितर हो गए। लेकिन कुछ देर बाद दुश्मन के टैंकों ने इस गश्त पर हमला किया और इस दौरान तोपखाने के प्रक्षण चौकी अधिकारी बुरी तरह जख्मी हो गया। कैप्टन गुरमुख सिंह गिल ने इस अधिकारी का प्रथम उपचार किया और फिर इसे अपने कन्धों पर उठाकर सही सलामत अड्डे पर वापिस ले आए।

इस कार्रवाई में कैप्टन गुरमुख सिंह गिल ने उच्चकोटि की वीरता, पहल-शक्ति और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

70. कैप्टन हरबन्त सिंह कहलों (आई० सी०-16433)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन हरबन्त सिंह कहलों पश्चिमी सैक्टर में राणियां रक्षावरण चौकी के प्रेक्षण चौकी अधिकारी थे। 3 और 4 दिसम्बर के बीच शत्रु ने इस चौकी पर 7 बार हमले किए। ये हमले शत्रु ने बड़ी सेना और तोपखाने की सहायता से किए। भारी गोलाबारी के बावजूद अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए मेजर हरबन्त सिंह कहलों एक मोर्चे से दूसरे मोर्चे में जाकर प्रेक्षण करते रहे और शत्रु के जमावों पर गोलाबारी करवाते रहे। शत्रु के हमले को विफल बनाने के लिए उन्होंने असाधारण योग्यता से अपने तोपखाने की गोलाबारी अपने मोर्चे से सिर्फ 20 गज की दूरी पर करवाई। राणियां की रक्षात्मक लड़ाई में जो सफलता मिली उसमें उनके अथक, दृढ़ और दिलेर प्रयासों का बड़ा हाथ रहा।

इस कार्यवाही में कैप्टन हरबन्त सिंह कहलों ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

71. कैप्टन गोपा कुमार रामन पिल्ले (आई० सी०21975)
मद्रास रेजिमेंट

कैप्टन गोपा कुमार रामन पिल्ले ने कार्मिकों के एक मिले जुले समूह को अपनी असीमित शक्ति, उत्साह और कठिन परिश्रम से एक प्रभावकारी और बहुत ही उद्देश्यपूरक दल के रूप में गठित किया। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के खिलाफ कई साहसिक और तेज किस्म की कार्यवाहियों में अपने दल की सफलतापूर्वक कमान की। इन कार्यवाहियों में से एक कार्यवाही में शत्रु के एक मजबूत मोर्चाबंदी ठिकाने पर अधिकार करना भी है।

आद्योपान्त कैप्टन गोपा कुमार रामन पिल्ले ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-संकल्प और नेतृत्व का परिचय दिया।

72. कैप्टन रघुनाथ प्रसाद चतुर्वेदी (आई० सी०-23198)
आर्टिलरी रेजिमेंट

कैप्टन रघुनाथ प्रसाद चतुर्वेदी पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं के दौरान पूर्वी क्षेत्र में पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन के अग्रिम प्रेक्षक अफसर थे। इस बटालियन को हमारे मोर्चों पर गोलाबारी करने और जानी नुक्सान पहुंचाने वाली शत्रु की गनों पर गोलीबारी का आदेश दिया गया था। इससे पहले कि यह अफसर शत्रु की गनों पर गोलाबारी करवा सकता, उन्होंने देखा कि उनकी प्रेक्षण चौकी से केवल 200 मीटर के फासले पर शत्रु के टैंकों का एक स्क्वाड्रन और इन्फैन्ट्री हमारे मोर्चों पर हमला करने के लिए इकट्ठा हो रही है। अपनी सुरक्षा की परवाह न करके उन्होंने शत्रु पर अपने तोपखाने से भारी गोलाबारी करवाई और इस प्रकार शत्रु की इन्फैन्ट्री और टैंकों को भारी नुक्सान पहुंचाते हुए उसके हमले को पूर्णतया छिन्न-भिन्न कर दिया। शत्रु के एक टैंक के स्वचालित गोलीबारी से इनकी टांग घायल हो गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी वे शत्रु से तब तक जूझते रहे जब तक उसका हमला विफल न कर दिया गया। अपने अड्डे को लौटते समय खून ज्यादा निकल जाने के कारण वे बेहोश होकर गिर पड़े।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन रघुनाथ प्रसाद चतुर्वेदी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

73. कैप्टेन जितेन्द्र कुमार (आई० सी०-19997)
आर्टिलरी रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

5-6 दिसम्बर, 1971 की रात को डेराबाबा नानक क्षेत्र पर प्रहार करने वाली डोगरा रेजिमेन्ट की एक बटालियन की अग्रिम कम्पनी के कैप्टेन जितेन्द्र कुमार अग्रिम प्रेक्षक अफसर थे। हमले के बहुत से दौरों में वे अगले सैनिक दलों के साथ रहे और उन्हें प्रभावकारी गोलीबारी से सहायता दिलाते रहे। लक्ष्य पर कब्जा कर लेने के बाद वे अग्रिम चौकियों से गोलाबारी करवाते रहे तथा 6 और 8 दिसम्बर के बीच शत्रु के अनेक जवाबी हमलों को विफल बना कर उसे भारी जानी नुक्सान पहुंचाया। बिना आराम के वे तब तक अपनी ड्यूटी पर जमे रहे, जब तक 8 दिसम्बर, 1971 को वे गोलाबारी से घायल न हो गए और उन्हें वहां से हटा न लिया गया।

आद्योपान्त कैप्टेन जितेन्द्र कुमार ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

74. कैप्टेन बनचित्तेतिल ओम्मन चैरियन (एस० एस०-20567)
आर्टिलरी

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

कैप्टेन बनचित्तेतिल ओम्मन चेरियन मराठा लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ प्रेक्षक चौकी अफसर थे जो पश्चिमी क्षेत्र में तैनात थी। 9 दिसम्बर को लगभग 12.30 बजे कम्पनी की चौकी पर शत्रु ने अधिक संख्या में हमला किया और इस पर तोपखाने और मझोली मणीन गनों से भारी गोलाबारी की। शत्रु ने तोपखाने की भारी गोलाबारी की ओट में एक और हमला किया। अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए कैप्टन बनचित्तेतिल ओम्मन चैरियन रैंग कर आगे बढ़े और एक प्रेक्षक चौकी पर आ गए। वहां से इन्होंने हमला करने वाले शत्रु पर सही गोलाबारी करवाई और हमले को विफल बना दिया। शत्रु ने और ज्यादा तादाद में एक और जवाबी हमला किया और कैप्टन बनचित्तेतिल ओम्मन चैरियन ने घायल होने के बावजूद फिर से शत्रु पर भारी और सही गोलीबारी करवाई इस तरह हमले को विफल कर दिया।

आद्योपान्त कैप्टेन बनचित्तेतिल ओम्मन चैरियन ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

75. एक्टिंग कैप्टेन नवल सिंह रजावत (आई० सी०-19010)
राजपूत रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

कैप्टेन नवल सिंह रजावत राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की कमांडो कम्पनी के कम्पनी कमांडर थे। 5/6 दिसम्बर, 1971

की रात के 6 बजे डेरा बाबा नानक पुल के पार एक ठिकाने पर कब्जा करने के लिए भेजी गई अपनी कम्पनी की कमान उन्होंने की। इस ठिकाने पर कब्जा करने के लिए शत्रु के इलाके में बहुत भीतर जाना पड़ता था। कैप्टेन नवल सिंह रजावत अपनी कम्पनी के साथ शत्रु के इलाके में सफलता पूर्वक घुस गए और उन्होंने शत्रु के ठिकानों पर हमला किया। प्रहार के दौरान शत्रु ने तोपखाने समेत सभी किस्म के हथियारों से भारी गोलाबारी की लेकिन वे अडिग रहे। अपनी जान की परवाह न करते हुए उन्होंने लक्ष्य पर हमले में अपने जवानों का नेतृत्व किया और शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचा कर ठिकाने पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन नवल सिंह रजावत ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

76. कैप्टेन इनायत अलताफ यूसुफजी (आई० सी०-15992)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

8 दिसम्बर, 1971 को राजस्थान क्षेत्र में लड़ाई के दौरान कैप्टन इनायत अलताफ यूसुफजी ने शत्रु के जमाव क्षेत्रों का पता लगाने और वहां बममारी के लिए प्रेक्षण विमान से चार उड़ानें कीं। उनके हवाई जहाज में गोलियों से बहुत से सूराख हो गए थे, लेकिन वे हवा में रह कर अपने तोपखाने से गोलाबारी करवाते रहे। वे जब इस कार्यवाही में लगे हुए थे तभी उन्होंने देखा कि शत्रु के 6 लड़ाकू जहाज इनकी तरफ आ रहे हैं। कार्यवाही को बीच में रोक कर इन्होंने उच्चकोटि के वायुयान चालन और उड़ान दक्षता दिखाते हुए शत्रु के जहाजों से बच कर उड़ान की और शत्रु के ठिकानों पर फिर से बमबारी करने के लिए लौट गए। गोलियों से सूराख होने की वजह से उनके जहाज की चादर धीरे-धीरे फट रही थी और उड़ान यन्त्रों को दबाने पर बहुत धीमी प्रतिक्रिया होती थी। इस खतरे के बावजूद वे तब तक बममारी करते रहे, जब तक शत्रु शान्त न हो गया और इसके बाद वे अपने जहाज को अड्डे पर सुरक्षित लौटा लाए।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन इनायत अलताफ यूसुफजी ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

77. कैप्टन पन्नीकोटे माधवन (आई० सी०-20198)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन पन्नीकोटे माधवन को राजस्थान क्षेत्र के एक स्थान में शत्रु के मोर्चों का पता लगाने का आदेश दिया गया। शत्रु के इलाके में बहुत भीतर तक नीचे उड़ान करते हुए उनके हवाई जहाज पर शत्रु की एक मशीनगन से गोलियों की बौछार पड़ी, जिससे जहाज का वितान छितरा गया और उठाऊ-नियन्त्रक भी खराब हो गया। जहाज के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने के बावजूद उन्होंने शत्रु के ठिकाने का निकट से प्रेक्षण करने के लिए युक्ति से उड़ान भरी और कीमती जानकारी पीछे भेजी। इससे आगे बढ़ते हुए हमारे सैन्यदल शत्रु के ठिकाने पर तुरन्त और सफलता से हमला कर सके। इस बीच उनके जहाज के इंजन में गड़बड़ी पैदा हो गई और उसकी उड़ान शक्ति खत्म होने लगी। बड़ी सूझ-बूझ के साथ उन्होंने कुशलतापूर्वक जहाज का संचालन किया और उन्होंने अपने क्षेत्र में ही एक दूसरी अवतरण-पट्टी पर जहाज को सुरक्षित उतार दिया।

इस कार्यवाही में कैप्टन पन्नीकोटे माधवन ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और उड़ान कौशल का परिचय दिया।

78. कैप्टन रवीन्द्रनाथ सेन गुप्ता (आई० सी०-20475)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

15 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन रवीन्द्रनाथ सेन गुप्ता सिख लाइट इंफैन्ट्री की एक बटालियन के सबसे आगे चलने वाले उन सैन्यदलों के साथ अग्रिम प्रेक्षण अफसर के रूप में थे, जिन्हें राजस्थान क्षेत्र में शत्रु के दो ठिकानों पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। लक्ष्यों पर हमले के दौरान कैप्टन रवीन्द्रनाथ सेन गुप्ता और उनके दल पर लगातार भारी गोलाबारी और छोटे हथियार से गोली चलाई जा रही थी। दूसरे लक्ष्य पर कब्जा कर लेने के बाद शत्रु ने बहुत भारी तादाद में टैंकों की मदद से जवाबी हमला किया और ठिकाने पर तोपखाने से जबरदस्त गोलाबारी की। अपनी सुरक्षा की जरा परवाह न करते हुए इन्होंने अडिग रह कर शत्रु के प्रहार को तितर-बितर करने के लिए अपने तोपखाने से सही गोलाबारी करवाई। यद्यपि शत्रु के एक टैंक की मशीन गन की गोली से वे गम्भीर रूप से घायल हो गए, फिर भी वे अपने तोपखाने की गोला-बारी का निदेशन करते रहे।

इस कार्यवाही में कैप्टन रवीन्द्रनाथ सेन गुप्ता ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

79. कैप्टन सुखवन्त सिंह गिल (आई० सी०-20521)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन सुखवन्त सिंह गिल छम्ब क्षेत्र में सिख रेजिमेंट की एक बटालियन के स्थानापन्न बैटरी कमांडर थे। 3 और 4 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने टैंकों, तोपखाने और मार्टरों की गोलाबारी के साथ हमारे ठिकानों पर जबरदस्त हमले शुरू किए। कैप्टन गिल के तोपखाने की गोलाबारी से सही और कारगर नियन्त्रण के कारण शत्रु भारी तादाद में हताहत हुआ और उसका प्रहार बिफल हो गया।

6 दिसम्बर, 1971 को हमारे जवानों ने जवाबी हमला किया। स्थानापन्न बैटरी कमांडर के कामों के अतिरिक्त कैप्टन गिल ने प्रेक्षण चौकी अफसर का भी काम किया और शत्रु पर तोपखाने से भारी गोलाबारी करवाई। शत्रु के भारी तोपखाने और स्वचालित गोलाबारी के बावजूद, वे प्रेक्षण के लिए बाहर निकल आए और हमला करने वाले जवानों को सही कारगर गोलीबारी की सहायता देने के लिए उन्होंने अपने तोपखाने की गोलाबारी का निदेशन किया, जिससे हमला सफल हुआ।

आद्योपान्त कैप्टन सुखवन्त सिंह गिल ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

80. कैप्टन गुरमीत सिंह पुनिया (आई० सी०-13666)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसम्बर, 1971)

शकरगढ़ की ओर हमले के दौरान कैप्टन गुरमीत सिंह पुनिया को शत्रु के मोर्चों के भीतर दूर तक लक्ष्यों को ढूंढने का आदेश मिला। अपने ऊपर शत्रु के छोटे हथियारों और तोपखाने की विमान भेदी गोलाबारी के बावजूद वे उड़ान भरते रहे और शत्रु के लक्ष्यों पर अपने तोपखाने से गोलीबारी करवाते रहे। इस कार्यवाही के दौरान उन्होंने इलाके में शत्रु के तीन सैबर जहाज उड़ते हुए देखे। वे बिना झिझके अपना काम पूरा करने के लिए उड़ान भरते रहे। जब शत्रु के हवाई जहाजों ने हमला किया तो उन्होंने इस हवाई हमले की शुरू में ही बेकार करने में बड़ी सूझबूझ और उड़ान-कौशल का परिचय दिया। शत्रु ने अन्त में उनके हवाई जहाज पर गोला मारा। हालांकि जहाज बुरी तरह जल रहा था फिर भी वे उसे संभाले रहे और जैसे तैसे जमीन पर उतार कर उसमें से बाहर निकले।

इस कार्यवाही में कैप्टन गुरमीत सिंह पुनिया ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और उड़ान-कौशल का परिचय दिया।

81. कैप्टन भरत चन्द्र पाठक (एस० एस०-20520)
आर्टिलरी रेजिमेंट

कैप्टन भरत चन्द्र पाठक पश्चिमी क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान एक इंफैन्ट्री बटालियन में अग्रिम प्रेक्षक अफसर थे। वे शत्रु पर कारगर और सही गोलाबारी करवाने के खातिर प्रेक्षण के लिए शत्रु की भारी गोलाबारी के बीच खुले में चले गए, जिसके कारण बटालियन के सभी हमले सफल हुए। आगे चल कर पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में शत्रु की गनों को शान्त करने में इनका बहुत बड़ा हाथ रहा। बाद में, बटालियन के कमांडो प्लाटून के साथ रह कर उन्होंने तोपखाने की कारगर गोलाबारी करवाई।

आद्योपान्त कैप्टन भरत चन्द्र पाठक ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

82. कैप्टन नायक बालाकृष्ण रामचन्द्रा (आई० सी०-16103)
आर्टिलरी रेजिमेंट

कैप्टन नायक बालाकृष्ण रामचन्द्रा एक ऐसी इंफैन्ट्री बटालियन के बैटरी कमांडर थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। अभी बटालियन हमले के लिए जमा हो ही रही थी कि शत्रु ने तोपखाने की सही गोलाबारी और नजदीकी परास से मशीन गनों से गोलियों की बौछार करनी शुरू कर दी जिससे हमारे बहुत से जवान हताहत हो गए। बिना डरे और अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए कैप्टन नायक बालाकृष्ण रामचन्द्रा आगे बढ़ कर ऐसे मौके की जगह पहुंच गए जहां से उन्हें शत्रु की दो भारी मशीन गन चौकियों का पता चल गया। उन्होंने शत्रु पर तोपखाने की कारगर गोलाबारी करवाई और इस तरह हमलावर सैनिक लक्ष्य पर अधिकार करने में सफल हो गये।

इस कार्यवाही में कैप्टन नायक बालाकृष्ण रामचन्द्रा ने उच्च-कोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

83. कैप्टन नागुलपल्ली नरसिंग राव (एम० आर०-2646)
आर्मी मैडिकल कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन नागुलपल्ली नरसिंग राव, पश्चिमी क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन के रेजिमेंट मैडिकल अफसर थे। 10/11 दिसम्बर की रात को उनकी बटालियन ने शत्रु के इलाके पर हमला कर दिया और उसके एक गढ़ पर कब्जा कर लिया। यह एक मजबूत किलाबन्द मोर्चा था और इसके बचाव के लिए शत्रु ने 800 गज तक सुरंगें बिछा रखी थीं इस कारण हमारे प्रहारक सैन्य दल को भारी जानी नुकसान पहुंचा। कैप्टन नागुलपल्ली नरसिंग राव, भारी गोलाबारी के बावजूद घायल जवानों को डाक्टरी सहायता देने के लिए लक्ष्य पर गए। ये एक-एक घायल जवान के पास गए और उनकी मरहम-पट्टी की। यहां तक कि, जब शत्रु ने जवाबी हमला कर दिया तब भी ये अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना हताहतों की मरहम-पट्टी करते रहे और जब तक सभी हताहतों को हटा नहीं दिया गया तब तक वहीं मौजूद रहे।

आद्योपान्त कैप्टन नागुलपल्ली नरसिंग राव ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

84. कैप्टन धीरेश कुमार शर्मा (आई० सी०-21354)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन धीरेश कुमार शर्मा को हुसैनीवाला क्षेत्र में पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन के साथ प्रेक्षण चौकी अफसर के तौर पर तैनात किया गया था। 3 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तानी सेनाओं ने उनके मोर्चों पर स्वचालित हथियारों से गोली चलाना शुरू कर दिया और बड़ी मात्रा में गोलाबारी की, इसके अलावा शत्रु ने प्रेक्षण चौकी पर रिकायललैस गनों और तोपखाने से भी गोलाबारी की। शत्रु की भारी गोलाबारी की तनिक परवाह न करके वे तब तक शत्रु के लक्ष्यों पर गोलाबारी करवाते रहे, जब तक शत्रु के टैंक के गोलों से उनकी चौकी नष्ट नहीं हो गई। धैर्य और दृढ़-निश्चय का परिचय देते हुए उन्होंने अपने दल के सदस्यों को मलबे के भीतर से निकाला और पास ही एक और प्रेक्षण चौकी कायम की। ऐसा करने से 3 या 4 दिसम्बर को शत्रु हमारे ठिकानों पर बार-बार किए गए हमलों का जोर कम करने के लिए समय-समय पर तोपखाने की सहायता की जा सकी।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन धीरेश कुमार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

85. कैप्टन सुरजीत सिंह (आई० सी०-23708)
पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन सुरजीन सिंह पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में तैनात पैराशूट रेजिमेंट की एक बटालियन के मध्योली मशीनगन प्लाटून कमांडर थे। जब ये अभी एक अगले सैक्शन के साथ थे तो शत्रु के एक सैक्शन ने गोली चलाना शुरू कर दिया। अपनी जान की जरा भी परवाह

न करते हुए कैप्टन सुरजीत सिंह शत्रु पर लपके और उसके एक सिपाही को गोली मारी और दूसरे के संगीन घोंपी। उनकी इस कार्यवाही से शत्रु का सैक्शन यूं घबरा गया कि उसने हथियार डाल दिए।

इस कार्यवाही में कैप्टन सुरजीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

86. कैप्टन मदन लाल शर्मा (एस० एस०-19515)
लाइट रेजिमेंट (पैक)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन मदन लाल शर्मा पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर किए गए हमले के दौरान अगली कम्पनी के अगले प्रेक्षक अधिकारी थे। हमलावर कम्पनी के नजदीक पहुंचने ही शत्रु ने स्वचालित और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी शुरू कर दी। कन्धे और पेट पर मशीनगन की गोलियों की बौछार लगने से कैप्टन मदन लाल शर्मा बुरी तरह घायल हो गए। अपने घावों की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने शत्रु पर तोपखाने से सही और सकेन्द्रित गोलाबारी करवाई। यद्यपि उनके घावों से बुरी तरह खून बह रहा था पर फिर भी वे तब तक कम्पनी के साथ रहे जब तक लक्ष्य पर कब्जा न कर लिया गया।

इस कार्यवाही में कैप्टन मदन लाल शर्मा ने उच्चकोटि की वीरता दृढ़-निश्चय, नेतृत्व और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

87. कैप्टन चन्द्र कान्त (एम० आर०-8580)
आर्मी मैडिकल कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन चन्द्रकान्त शकरगढ़ क्षेत्र के एक इलाके में कार्यवाही करने वाले इंफैन्ट्री ब्रिगेड के साथ थे। 10 दिसम्बर, 1971 को शत्रु से हुई झड़प के दौरान एक इंफैन्ट्री कम्पनी के कुछ जवान हताहत हो गए। कैप्टन चन्द्रकान्त को हताहतों को तेजी से निकाल लाने के काम पर लगाया गया। यद्यपि उस इलाके में तेज गोलाबारी हो रही थी फिर भी अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए कैप्टन चन्द्र कान्त हताहतों तक पहुंचे और उनका प्रथम उपचार (फस्ट-एड) करके उन्हें वापिस ले आए और इस तरह उनका जान बचाई। 14 दिसम्बर, 1971 को उन्हें फिर हताहतों को निकाल लाने के काम पर लगाया गया। उन्होंने बड़ी फुर्ती से यह काम पूरा किया।

आद्योपान्त कैप्टन चन्द्र कान्त ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

88. कैप्टन विक्रम देऊसकर (एस० एस०-20902)
इन्डिपेंडेंट आर्मर्ड स्क्वाड्रन

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन विक्रम देऊसकर उस इन्डिपेंडेंट आर्मर्ड स्क्वाड्रन के सैकिण्ड-इन-कमान थे जो राजस्थान क्षेत्र में तैनात सिख लाइट इन्फैन्ट्री बटालियन की मदद कर रही थी। 15 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन देऊसकर ने एक इलाके पर अधिकार करने में बटालियन को गोलाबारी में मदद दी। उनके टैंकों ने दुश्मन की दो रिकायललैस गनें तबाह की। जब दुश्मन का एक हवाई प्रेक्षण वायुयान उनके ऊपर आ गया तो उन्होंने अपनी मशीनगन से गोला चला कर उसे दूर भगा दिया और वह इनके सैनिकों पर तोपखाने से गोलाबारी न करवा सका। 16 दिसम्बर, 1971 को अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए ये दुश्मन से 800 गज दूर ऊंची जमीन पर स्थित ऐसे सुरंग क्षेत्र से टैंक निकाल ले गये जहां से थोड़ी सी ही सुरंगें निकाली गई थीं। इस तरह टैंक ठीक स्थान में पहुंच गया और उन्होंने दुश्मन की मझोली मशीनगनों पर गोलाबारी की और इस संक्रिया में दुश्मन का सफाया कर दिया।

आद्योपान्त, कैप्टन विक्रम देऊसकर ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

89. कैप्टन लारा जयाराम रेड्डी (आई० सी०-20990)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन इराला जयाराम रेड्डी राजस्थान क्षेत्र में एक इलाके पर किये गये हमले के दौरान सिख रेजिमेंट की एक बटालियन की अगली कम्पनी के अग्रिम प्रेक्षक अधिकारी थे। हमले के दौरान उन्होंने दुश्मन पर तेज और सही गोलाबारी करवाई। इससे लक्ष्य पर अधिकार करने में बड़ी मदद मिली। लक्ष्य पर अधिकार कर लेने के बाद उन्होंने पीछे हटते दुश्मन पर तोपखाने की तेज गोलाबारी करवाई जिससे उसके बहुत से जवान हताहत हुए। एक और हमले के दौरान कैप्टन रेड्डी स्वेच्छा से अगली कम्पनी के साथ गये और तोपखाने की गोलाबारी का बहुत अच्छा नियन्त्रण करके दुश्मन के हथियारों को पूरी तरह बेकार बना दिया। लक्ष्य पर अधिकार हो जाने के बाद उन्होंने देखा कि दुश्मन जवाबी हमले के लिये इकट्ठा हो रहा है। दुश्मन के तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी का सामना करते हुए कैप्टन इराला जयाराम रेड्डी ने तुरन्त सही गोलाबारी करवा कर दुश्मन के हमले को छिन्न-भिन्न कर दिया।

आद्योपान्त कैप्टन इराला जयाराम रेड्डी ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

90. कैप्टन नरेश कुमार परमार (एम० एस०-8542)
आर्मी मैडिकल कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन नरेश कुमार परमार राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन के ठिकाने पर हमला करते समय सिख रेजिमैन्ट की एक बटालियन के साथ रेजिमैन्टल मैडिकल अफसर थे। तोपखाने की भारी गोलाबारी और सुरंग फटने के कारण इस बटालियन के काफी जवान हताहत हो गये। कैप्टन नरेश कुमार परमार चार स्ट्रेचर वाहकों के साथ इस सुरंग क्षेत्र के इलाके में गए और दुश्मन की भारी गोलाबारी के बीच अपने घायल जवानों को बचाने के लिए इलाज किया, जिससे बहुतों की जान बच सकी। पौ फटने पर उन्होंने देखा कि एक सिपाही सुरंग में पड़ा है और उसका एक टखना उड़ गया है। ऐसा जान पड़ता था कि जब तक कोई बचाव गलियारा न बना दिया जाये, तब तक उसे सुरंग क्षेत्र से नहीं निकाला जा सकता। कैप्टेन नरेश कुमार परमार, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना सुरंग क्षेत्र में उस घायल जवान के पास पहुंचे और तोप खाने की घनी गोलाबारी के बीच उसे अपनी पीठ पर उठाकर रेजिमेंटल

उपचार चौकी पर ले आए। इस कार्रवाई से सुरंग क्षेत्र में पड़े हुए सभी हताहतों को वापिस लाने में दूसरे लोगों को बड़ी प्रेरणा मिली।

इस कार्रवाई में कैप्टन नरेश कुमार परमार ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

91. कैप्टन राजेंद्र सिंह विजय सिंह वाफले (एस० एस०-19786)
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर 1971)

कैप्टन राजेंद्र सिंह विजय सिंह दाफले को, एक प्लाटून की मदद से, 10/11 दिसम्बर, 1971 की रात में पूर्वी क्षेत्र के किसी स्थान में सड़क-रोक लगाने का आदेश दिया गया था। दुश्मन ने सड़क-रोक को तोड़ कर आगे बढ़ने की कोशिश में भारी संख्या में हमला कर दिया। कैप्टन राजेंद्र सिंह विजय सिंह दाफले के योग्य नेतृत्व में उनकी प्लाटून ने दुश्मन को भारी जानी नुक्सान पहुंचाते हुए उसके हमले को विफल कर दिया। दुश्मन ने इनकी प्लाटून को हटाने के लिए विभिन्न दिशाओं से कई बार हमला किया। भारी तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद कैप्टन दाफले एक खाई से दूसरी खाई में गये और मोर्चे पर डटे रहने के लिये अपने जवानों में जोश भरा।

इस कार्रवाई में कैप्टन राजेन्द्र सिंह विजय सिंह दाफले ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

92. कैप्टन रविन्द्र नाथ आनन्द (आई० सी०-18742)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

15 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन रविंद्र नाथ आनन्द एक इन्फैन्ट्री कम्पनी के साथ अग्र प्रेक्षण चौकी अफसर के तौर पर कार्य कर रहे थे, जिसे शकरगढ़ क्षेत्र में एक मोर्चे पर अधिकार करने का आदेश दिया गया था। हमले के दौरान शत्रु ने तोपखाने और मशीनगन से भारी और सही गोलाबारी की। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए कैप्टन रविंद्र नाथ आनन्द ने अपने दल को इन्फैन्ट्री के साथ साथ रखा और अपने तोपखाने से शत्रु के ठिकानों पर गोलाबारी की। लक्ष्य से लगभग 200 गज के फासले पर उनके पेट में गोली लगी और उनके दोनों रेडियो आपरेटर भी घायल हो गए। उन्होंने आपरेटर से रेडियो सैट ले लिया और अपने तोपखाने से शत्रु पर गोलाबारी जारी रखी। लक्ष्य पर अधिकार कर लेने के फौरन बाद शत्रु ने जवाबी हमला कर दिया। अपने घावों के बाय-जूद वे शत्रु की गोलाबारी के सामने खुले में आये और अपने तोप-खाने से उसपर गोलीबारी करवाते रहे, जिससे शत्रु का हमला छिन्न-भिन्न किया गया।

इस कार्रवाई के दौरान कैप्टन रविंद्र नाथ आनन्द ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

93. कैप्टन गोपालन लक्ष्मी नारायण स्वामी (एम० एस०-8733)
आर्मी मैडिकल कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

कैप्टन गोपालनलक्ष्मी नारायण स्वामी शकरगढ़ क्षेत्र के एक स्थान में अग्रिम मरहम पट्टी स्टेशन के अफसर-इन-चार्ज थे। 16 दिसम्बर, 1971 को उन्हें सूचना मिली कि इन्फैन्ट्री बटालियन के कमांडिंग अफसर और रेजिमेंट चिकित्सा अफसर शत्रु की कार्रवाई से शहीद हो गये हैं और फील्ड में 67 सैनिक बिना देखभाल के पड़े हैं। उन्होंने फौरन ही बटालियन के ठिकाने पर पहुंचने के लिए अपने आपको पेश किया। शत्रु की जबरदस्त गोलाबारी की वजह से उन्हें अपनी अम्बुलैंस गाड़ी रास्ते में ही छोड़नी पड़ी। लेकिन बिना झिझके वे अपना शल्य-चिकित्सा का थैला उठाकर पैदल ही चल पड़े और बटालियन के ठिकाने पर जा पहुंचे। शत्रु के तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद वे बिना आराम किये खाई-खाई में जाकर हताहतों की तब तक चिकित्सा करते रहे, जब तक सभी हताहतों को चिकित्सा सहायता न दे दी गई और अग्रिम मरहम पट्टी स्टेशन तक उनकी निकासी न कर दी गई।

इस कार्रवाई के दौरान कैप्टन गोपालनलक्ष्मी नारायण स्वामी ने उच्चकोटि की वीरता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

94. कैप्टन देवेन्द्र सिंह राजपूत (एस० एस०-20705)
राजपूत रेजिमेंट

कैप्टन देवेन्द्र सिंह राजपूत, राजपूत रेजमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। उन्हें पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में शत्रु के तोपखाने के ठिकाने पर छापा मारने का काम सौंपा गया था। कैप्टन देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में जब अगली प्लाटून अगले बंकरों पर पहुंची तो शत्रु ने छोटे हथियारों से भारी मात्रा में गोलाबारी की। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह न करते हुए कैप्टन देवेन्द्र सिंह राजपूत ने हमले में अपनी प्लाटून का नेतृत्व किया और शत्रु से गुत्थमगुत्था की लड़ाई लड़ी। उनकी हिम्मत से प्रेरणा लेकर प्लाटून शत्रु की मशीनगन चौकियों का सफाया करने में सफल हुई। दांई जांघ पर चोट लग जाने के बावजूद वे संक्रिया का तब तक निर्देश करते रहे, जब तक हमले में उन्हें सफलता न मिल गई।

इस कार्रवाई के दौरान कैप्टन देवेन्द्र सिंह राजपूत ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

95. कैप्टन सतीश कुमार वशिष्ट (आई० सी०-23301)
राजपूत रैजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 की सुबह कैप्टन सतीश कुमार वशिष्ट एक गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे जिसे इसकी पुष्टि करने का काम सौंपा गया था कि दुश्मन सीमा की बाहरी चौकी को खाली कर गया है या नहीं। जब उनका गश्ती दल बाहरी चौकी के मोर्चों से लगभग 30 गज दूर था, दुश्मन ने स्वचालित शस्त्रों से गश्तीदल पर गोली चलानी शुरू कर दी। कैप्टन सतीश कुमार वशिष्ट ने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना दुश्मन की मझोली मशीनगन बंकर पर हमला किया और उसे शान्त कर दिया। इसके पश्चात वे हल्की मशीनगन बंकर की तरफ लपके परन्तु इसी बीच सुरंग पर पड़ने से उनका पैर जाता रहा। हालांकि ये गम्भीर रूप से घायल हो गये थे, फिर भी ये अपने जवानों को बंकर पर हमला करने और हल्की मशीनगन को शान्त करने के लिए जोश दिलाते रहे। उनके निजी उदाहरण से प्रेरित होकर उनके जवानों ने मशीनगन बंकर को नष्ट कर दिया और चौकी पर अधिकार कर लिया।

इस कार्रवाई में, कैप्टन सतीश कुमार वशिष्ट ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

96. कैप्टन सुरजीत सिंह परमार (एस० एस०-21614)
आर्टिलरी रैजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर 1971)

13 दिसम्बर, 1971 को कैप्टन सुरजीत सिंह परमार 11वीं गोरखा राइफल की बटालियन की एक कम्पनी के साथ प्रेक्षण चौकी अफसर थे। इस कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र के एक इलाके में दुश्मन के मोर्चों पर हमला करने का काम सौंपा गया। हमला जारी ही था कि दुश्मन ने मझोली मशीनगनों और तोपखाने से सही तथा कारगर गोलाबारी शुरू कर दी। प्रहार के दौरान उनका रेडियो आपरेटर घायल हो गया। इससे बिना डरे, उन्होंने रेडियो सैट सम्भाला और इसे खुद लेकर अपने तोपखाने की गोलाबारी का बड़े कारगर ढंग से निर्देशन किया। हालांकि उनकी बाजू में गोली और गर्दन में किर्च लग चुकी थी, मगर जब तक लक्ष्य पर अधिकार न कर लिया तब तक वे अपने जवानों के साथ रहे।

इस कार्रवाई में, कैप्टन सुरजीत सिंह परमार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

97. लैफ्टिनैन्ट सुरेश चन्द्र शर्मा (एस० एस०-23011)
राजपूत रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

लैफ्टिनैन्ट सुरेश चन्द्र शर्मा राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 10 दिसम्बर, 1971 को उनकी प्लाटून को स्यालकोट क्षेत्र के एक इलाके में दुश्मन की एक चौकी पर छापा मारने का काम सौंपा गया था। उन्होंने असाधारण कुशलता और योग्यता से छापा मारने की योजना बनाई, संगठन किया और उसे कार्यान्वित किया। छापे के दौरान जब दुश्मन ने दो मझोली मशीन-गनों से गोलाबारी शुरू कर दी तो अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए लैफ्टिनैन्ट सुरेश चन्द्र शर्मा ने मझोली मशीनगन के बंकर पर ग्रेनेड से हमला किया और मझोली मशीनगन को हथिया लिया।

इस कार्रवाई में लैफ्टिनेंट सुरेश चन्द्र शर्मा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय, नेतृत्व और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

98. लैफ्टिनैन्ट राजविंदर सिंह चीमा (आई० सी०-23379)
आर्मर्ड रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि, 6 दिसम्बर, 1971)

6 दिसम्बर, 1971 को लैफ्टिनेंट राजविंदर सिंह चीमा ने पश्चिमी क्षेत्र में कुछ इलाकों पर अधिकार करने के लिए अपने सैन्यदलों का नेतृत्व किया। एक बांध पार करने में उन्होंने बहुत ही दक्षता और मजबूत इरादे से काम लिया और दुश्मन के भारी गोलाबारी के बावजूद उसके बंकरों में हथगोले फैंके तथा इस प्रकार दुश्मन की एक चौकी पर अधिकार कर दिया। रात को बाकी सेना से सम्पर्क टूट जाने पर भी वे अपने मोर्चे पर डटे रहे और उन्होंने दुश्मन के जवाबी हमलों को विफल कर दिया।

इस कार्रवाई के दौरान लैफ्टिनेंट राजविंदर सिंह चीमा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

99. लैफ्टिनैन्ट तजिन्द्र पाल त्यागी (आई० सी०-25375)
इंजीनियर्स कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

8 दिसम्बर, 1971 को लैफ्टिनैन्ट तजिन्द्र पाल त्यागी को पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में टैंकों को पार उतारने के लिये एक नहर पर काम-चलाऊ पुल बनाने का काम सौंपा गया था। जब उनकी प्लाटून पुल से 100 गज की दूरी पर रह गई तो वह शत्रु की गोलाबारी के सामने आ गई जिसके कारण अगली गाड़ी को आग लग गई और चार सैपर बुरी तरह घायल हो गये। लैफ्टिनैन्ट तजिन्द्र पाल त्यागी लगभग 500 गज तक पीछे की ओर रेंग कर सबसे नजदीक वाले टैंक तक गये और उसके स्क्वाड्रन कमाण्डर से सम्पर्क स्थापित किया और अपनी प्लाटून के घायल जवानों को निकाल लाने में उसकी मदद मांगी। अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए वे फिर रेंगते हुए हताहतों की तरफ बढ़े और उन्हें सही सलामत वापिस लाने में सफल हो गये।

इस कार्रवाई में, लैफ्टिनैन्ट तजिन्द्र पाल त्यागी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

100. सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट प्रकाश चन्द्र सिंह खाती (एस० एस०-24278)
गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

सैकण्ड लैफ्टिनेंट प्रकाश चन्द्र सिंह खाती, 1ली गोरखा राइफल्स की एक बटालियन में प्लाटून कमाण्डर थे। उनकी बटालियन छम्ब क्षेत्र में एक चौकी की रक्षार्थ तैनात थी। 3 दिसम्बर, 1971 की रात को उनकी प्लाटून के इलाके पर दुश्मन ने अचूक और भारी तोपखाने से लगातार तीन बार कम्पनी की तादात में हमला किया। वे एक बंकर से दूसरे बंकर में गये और हमले को विफल बना दिया। 4 दिसम्बर, 1971 को, उनकी प्लाटून के ठिकानों पर दुश्मन ने पुनः चार बार हमले किये। उनकी प्लाटून ने सब हमले विफल कर दिए और दुश्मन को भारी नुक्सान पहुंचाया। दुश्मन ने फिर 5 और 6 दिसम्बर, 1971 को इस इलाके पर अधिकार करने की नीयत से इन्फैन्ट्री और बख्तर की मदद से हमला किया लेकिन उसे भारी जानी-नुक्सान पहुंचा कर, पीछे धकेल दिया गया।

आद्योपान्त, सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट प्रकाश चन्द्र सिंह खाती ने सराहनीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

101. सैकण्ड लेफ्टिनेंट रूपिंदर सिंह संधू (एस० एस०-23317)
कुमाऊं रेजिमैंट

सैकण्ड लैफ्टिनैंट रूपिंदर सिंह संधू, कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन में प्लाटून कमाण्डर थे। उनकी कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। बंकर में लगी दुश्मन की एक हल्की मशीनगन, हमले के आगे बढ़ने में रुकावट डाल रही थी और हमारे जवानों को भारी जानी नुक्सान पहुंचा रही थी। हल्की मशीनगन को बेअसर करने के लिए, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना वे बंकर तक रेंग कर बढ़ने लगे। इस दौरान दुश्मन के फेंके गये एक हथगोले का किर्च उनकी

छाती में आ गया। इसके बावजूद भी वे बंकर तक पहुंच गये और उसमें हथगोला फेंककर हल्की मशीनगन को बर्बाद कर दिया। उनकी इस कार्रवाई की वजह ही से, उनकी कम्पनी दुश्मन की चौकी पर अधिकार करने में सफल हो सकी।

इस कार्रवाई के दौरान, सैकण्ड लैफ्टिनेंट रूपिंदर सिंह मधू ने, उच्चकोटि के साहस, पहलशक्ति और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

102. सैकण्ड लैफ्टिनेंट गुरजीत सिंह बजवा (एस० एस०-228442)
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

9 दिसम्बर, 1971 को सैकण्ड लैफ्टिनेंट गुरजीत सिंह बजवा, राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन की सीमा चौकी पर हमला करते समय कुमाऊ रेजीमेंट की एक बटालियन से अग्रवर्ती प्रेक्षक अफसर के रूप में संबद्ध थे। हमले के दौरान दुश्मन ने हमारी टुकड़ियों पर स्वचालित हथियारों से लगातार और सही गोलीबारी की और भारी नुकसान पहुंचाया। अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना और छोटे हथियारों और तोपखाने की भारी गोलाबारी के बावजूद सैकण्ड लैफ्टिनेंट गुरजीत सिंह बजवा दुश्मन के इलाके पर बराबर तोपखाने की सही गोलाबारी करते रहे। जिससे संक्रियाओं के कामयाब होने में मदद मिली।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट गुरजीत सिंह बजवा ने उच्चकोटि की वीरता, और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

103. सैकण्ड लफ्टिनेन्ट बलजीत सिंह गिल (आई० सी०-24758)
जाट रेजिमेंट

सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट बलजीत सिंह गिल पूर्वी क्षेत्र में घात लगाने के लिए तैनात किए गए एक दल के इंचार्ज थे। उन्होंने रात के समय अपने दल का नेतृत्व किया और कुशल सैनिक दक्षता से घात लगाई। पौ फटने पर शत्रु की तीन नावें आती दिखाई दीं। सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट बलजीत सिंह गिल ने नावों पर सही और प्रभावकारी गोलीबारी करवा कर उन्हें नष्ट कर दिया। इस घात में शत्रु का एक अफसर और 9 जवान मारे गए।

इस संक्रिया के दौरान सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट बलजीत सिंह गिल ने प्रशंसनीय साहस, व्यावसायिक कौशल और उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

104. सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट जोगिन्दर सिंह जसवाल (एस० एस०-22853)
पंजाब रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट जोगिन्दर सिंह जसवाल पश्चिमी क्षेत्र में अपनी बटालियन की एक आवरण चौकी के कमांडर थे। इस चौकी पर शत्रु ने सही और भारी गोलाबारी की और 3/4 दिसम्बर, 1971 की रात को हमला किया। सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट जोगिन्दर सिंह जसवाल ने अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए अपने जवानों को हौसला बढ़ाने के लिए एक चौकी से दूसरी चौकी पर जाते रहे। उन्होंने बहुत अधिक गोलाबारी करके शत्रु के हमले को विफल कर दिया। शत्रु ने इस चौकी पर और दो बार हमले किए, लेकिन दोनों ही मौकों पर सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट जोगिन्दर सिंह जसवाल के नेतृत्व और साहस के कारण हमले विफल कर दिए गए। 5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु की एक मध्यमोर्टी मशीनगन को शान्त करने के लिए इन्होंने एक गश्ती दल का नेतृत्व किया। इस गश्त के दौरान उनकी गर्दन पर मध्यमोर्टी मशीन गन की एक गोली लगी। घायल होने के बावजूद वे अपने साथ के एक घायल नायक को उठा कर ले आए।

आद्योपान्त सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट जोगिन्दर सिंह जसवाल ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

105. सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अजीत सिंह (आई० सी०-23772)
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अजीत सिंह ग्रेनेडियर्स की बटालियन में कम्पनी अफसर थे। 4 दिसम्बर, 1971 को जूनियर कमीशंड अफसर के नेतृत्व में भेजा गया, उनकी बटालियन का एक गश्ती दल शत्रु की मशीन गनों की भारी गोलीबारी के बीच आ गया सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अजीत सिंह अपनी प्लाटून के साथ उस जगह से लगभग एक किलोमीटर परे थे, लेकिन गोलीबारी की आवाज सुनकर वे ठिकाने पर दौड़ कर पहुंचे और बहादुरी से लड़ते हुए वे अपने गश्ती दल को सुरक्षित स्थान पर ले आए। इसके बाद 6 दिसम्बर, 1971 को शत्रु के एक मोर्चे पर हमले के दौरान वे एक तीन इंची मार्टर और एक मशीन गन ले कर बाजू की तरफ चले गए और अलग अलग ठिकानों से शत्रु पर गोलाबारी करते हुए उसे परेशान करते रहे। उनकी साहसिक और आक्रामक कार्यवाही से शत्रु मुकाबले में न टिक सका और इस तरह उनसे लक्ष्य पर कब्जा करने में मदद मिली। 14 दिसम्बर, 1971 को एक गश्ती दल के साथ वे शत्रु के पीछे की तरफ घुसपैठ कर गए, जिससे उसे पीछे हटना पड़ा। गश्ती दल के और आगे बढ़ने पर शत्रु की एक बटालियन के मार्टरों और मशीनगनों से इन पर भारी गोलीबारी की। लेकिन वे अपने दल को वहां से निकाल लाने में सफल हुए। ठीक उसी समय हमारी आवरण चौकी पर शत्रु के हमले का भारी दबाव पड़ रहा था। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए उन्होंने 3 इंची मार्टर और मशीन गन का नियोजन किया और शत्रु पर प्रभावकारी गोलाबारी करके उस भारी जानी नुकसान पहुंचाया।

आद्योपान्त सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अजीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

106. सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट तुलसियां पुरुषोत्तम (एस० एस०-23082)
गार्ड्स ब्रिगेड

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

13 दिसम्बर, 1971 को सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट तुलसियां पुरुषोत्तम ने शकरगढ़ क्षेत्र में एक नदी के पार शत्रु के मोर्चों का पता लगाने के लिए एक गश्ती दल का नेतृत्व किया। जब वे अपने गश्ती दल के साथ नदी की रेतियों में लगभग 300 गज की दूरी तक ही पहुंचे

तो उनकी नजर परले किनारे में अपनी तरफ बढ़ रहे शत्रु के एक गश्ती दल पर पड़ी। शत्रु का गश्ती दल तीन ग्रुपों में बंटा हुआ था। उनमें से एक ग्रुप सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तुलसियां पुरुषोत्तम की ओर बढ़ रहा था और बाकी के दोनों ग्रुप इस ग्रुप को आड़ देने के लिए नदी के परले किनारे पर ठहर गए थे। सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तुलसियां पुरुषोत्तम ने बेहद सूझ-बूझ दिखाते हुए फौरन ही अपने गश्ती दल को मोर्चा सम्हालने का आदेश दिया और शत्रु के आने वाले गश्ती ग्रुप का इन्तजार किया। जब शत्रु का गश्ती ग्रुप उनके ठिकाने पर पहुंचा तो उन्होंने गोली चलवा करके उसके नौ सैनिक मार डाले। उनके हथियारों और गोलाबारूद पर कब्जा कर लिया और उनसे महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। शत्रु के बाकी सैनिक पीछे लौट गए।

इस कार्यवाही के दौरान सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तुलसियां पुरुषोत्तम ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

107. सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट रोहित सेठी (आई० सी०-24323)
9वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट रोहित सेठी 9वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की कमांडो प्लाटून की कमान कर रहे थे और उन्होंने पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में अपनी प्लाटून के हमले का नेतृत्व किया। लक्ष्य के करीब पहुंचते ही शत्रु ने इन पर मशीनगनों से भारी गोलीबारी की। सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट रोहित सेठी तुरन्त शत्रु की चौकी की तरफ लपके और अपनी जान की जरा परवाह न करते हुए वे पिलबाक्स की संचार-खाई में कूद पड़े। वहां से उन्होंने एक हथगोला भीतर उछाला और उसके बाद शत्रु को शान्त करने के लिए संगीन से हमला किया। इसी तरह से उन्होंने दो और पिलबाक्सों और बंकरों का सफाया किया। उनके साहसिक कारनामें से प्रेरित होकर उनकी प्लाटून ने लक्ष्य पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। फिर 6 दिसम्बर, 1971 की रात को शत्रु ने उनके इलाके पर दो जवाबी हमले किए, जिन्हें उन्होंने विफल बना दिया।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट रोहित सेठी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

108. सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तेजिंदर सिंह (एम० एम०-22989)
इंजीनियर्स कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

9 दिसम्बर, 1971 की रात सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तेजिंदर सिंह को एक टोह दल का नेतृत्व सौंपा गया, जिसे शकरगढ़ क्षेत्र में एक सुरंग क्षेत्र में से एक गलियारे का पता लगाना था। सुरंगक्षेत्र के पार से शत्रु छोटे हथियारों और तोपखाने से भारी गोलाबारी कर रहा था, किन्तु इसके बावजूद उन्होंने उस क्षेत्र में टोह ली और सुरक्षित गलियारे के बारे में महत्वपूर्ण सूचना ले आए। इसके बाद उन्होंने सुरंग क्षेत्र में पड़े उस टैंक तक स्वयं एक सुरक्षित गलियारा बनाया जो पहले एक सुरंग से बेकार हो गया था और इस तरह उसकी पुनप्राप्ति में उन्होंने सहयोग दिया। 13 दिसम्बर, 1971 की रात को उन्हें एक इंफैन्ट्री कम्पनी के साथ टैंकों के जरिए नदी पार करने के स्थलों का पता लगाने के काम पर लगाया गया। नदी के पार कम्पनी पर शत्रु के टैंकों, तोपखाने और मशीनगन से भारी गोलाबारी होने लगी। सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तेजिंदर सिंह ने सूझबूझ और धैर्य से काम लिया, अपने दस जवानों को इकट्ठा किया और अपने दल को सुरक्षित स्थान पर लेकर लौट आए।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट तेजिंदर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

109. सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अवतार सिंह अहलावत (आई० सी०-24180)
17वीं हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अवतार सिंह अहलावत 17वीं हार्स में ट्रूप कमांडर थे। 16 दिसम्बर, 1971 की सुबह उन्हें शकरगढ़ क्षेत्र के एक स्थान में अपनी रेजिमेंट के साथ एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल पर पहुंचने का आदेश मिला। बसंतार नदी पर कायम किए गए पुल पदाधार पर से शत्रु को अभी पूरी तरह साफ नहीं किया गया था। निश्चित ठिकाने की तरफ जब उनका सैन्यदल बढ़ा तो शत्रु ने अपने ऐसे मजबूत ठिकानों और रिकायललैस गनों की चौकियों से गोलीकारी की जहां पर वह अभी तक जमा हुआ था। सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अवतार सिंह अहलावत ने अपनी जान की परवाह न करके शत्रु के मजबूत ठिकानों पर हमला किया, अपने टैंक से उन्होंने उसके पक्के मोर्चे को रौंद डाला और शत्रु की इंफैन्ट्री और दूसरे हथियार चलाने वाले जवानों को पकड़ लिया। वे अभी अपने मोर्चे पर पहुंच ही पाए थे कि शत्रु ने अपनी बख्तर सेना की एक स्क्वाड्रन के साथ रक्षा पंक्ति भेदने के लिए जवाबी हमला किया। टैंकों की भयानक लड़ाई लड़ी गई और दुश्मन के बहुत से टैंक बरबाद कर दिए गए। सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अवतार सिंह अहलावत के टैंक पर भी गोला लगा और उनका गनर घायल हो गया। लेकिन इससे पहले वे शत्रु के तीन टैंक बरबाद कर चुके थे। उन्होंने गन खुद संभाल ली और अपने टैंक से लड़ना जारी रखा। शत्रु के एक गोले की सीधी चोट से उनका टैंक बेकार हो गया और वे स्वयं भी घायल हो गए, लेकिन फिर भी अड़िग रह कर वे तब तक लड़ते रहे, जब तक शत्रु का हमला पीछे न धकेल दिया गया।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट अवतार सिंह अहलावत ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

110. सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट प्रबोध चन्द्र भारद्वाज (आई० सी०-24175) पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट प्रबोध चन्द्र भारद्वाज पैराशूट रेजिमेंट की एक बटालियन में प्लाटून कमांडर थे। यह बटालियन उस कम्पनी के अधीन थी, जिसे 16 दिसम्बर, 1971 की रात को फिरोजपुर क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इस ठिकाने पर शत्रु भारी तादाद में था और सुरंगों तथा रुकावटों से उसने इसके बचाव का अच्छा बन्दोबस्त कर रखा था। प्रहार के दौरान उनकी प्लाटून पर एक बंकर से शत्रु की

मशीनगन प्रभावकारी गोलीबारी करने लगी । सैकण्ड लैफ्टिनेन्ट प्रबोध चन्द्र भारद्वाज अपनी जान की जरा परवाह न करते हुए बंकर की तरफ लपके और उन्होंने एक हथगोला भीतर उछाल दिया । उसके बाद बंकर के भीतर तेजी से घुसकर उन्होंने संगीन से शत्रु के सिपाही को मार डाला और मझोली मशीन गन पर अधिकार कर लिया । इस कार्यवाही के दौरान उनके माथे पर एक गोली लगी । अपने जख्म की परवाह न करके उन्होंने हमले का दबाव बनाए रखा और फिर शत्रु के एक और मशीन गन बंकर पर उन्होंने हमला किया । इस बार भी हथगोला फेंकने के बाद उन्होंने संगीन से हमला किया और दूसरी मशीन गन पर कब्जा करने में सफल हो गए ।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लैफ्टिनैन्ट प्रबोध चन्द्र भारद्वाज ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

111. जे० सी० 36940 सूबेदार रतन सिंह
पंजाब रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार रतन सिंह पश्चिमी क्षेत्र में तैनात एक कम्पनी की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । 5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने इस मोर्चे पर बड़ी तादाद में हमला किया । सूबेदार रतन सिंह के एक खाई से दूसरी खाई में जाने के उदाहरणीय कार्य ने उनके जवानों में साहस और जोश फूंका और वे शत्रु के हमलों के विरुद्ध चौकी पर कब्जा बनाए रखने में अपने कम्पनी कमांडर की सहायता करते रहे ।

आद्योपान्त सूबेदार रतन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

112. जे० सी० 44856 सूबेदार सुजान सिंह नेगी,
गढ़वाल राइफल्स

सूबेदार सुजान सिंह नेगी, गढ़वाल राइफल्स की बटालियन में प्लाटून कमांडर थे । इस बटालियन की एक कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक अड्डे को खत्म करने का आदेश दिया गया । शत्रु ने इस चौकी की मोर्चाबंदी के लिए चारों ओर सात फुट ऊंची दीवार खड़ी करके इसे दुर्भेय बना रखा था । उनकी कम्पनी के हमले के बढ़ाव को शत्रु ने मझोली मशीन गनों की गोलीबारी से रोक दिया । शत्रु की मोर्चाबंदी में घुसने के लिए किसी भी तरफ से रास्ता न पाकर सूबेदार नेगी ने दीवार फांदने के लिए अपने जवानों को सीढ़ी के तौर पर खड़ा किया और इस तरह शत्रु के मोर्चों के नजदीक पहुंचे । अपनी सुरक्षा की जरा परवाह न करते हुए वे दीवार के परली तरफ कूद गए और अपनी प्लाटून के साथ संगीन और हथगोलों से शत्रु पर बिजली की तेजी से धावा बोल दिया । एक खाई से दूसरी खाई में जा-जाकर लड़ते हुए सूबेदार नेगी ने अपने सैन्यदल का हौसला बढ़ाया और उन्हें रास्ता दिखाया । अखिरकार शत्रु की चौकी पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही के दौरान सूबेदार सुजान सिंह नेगी ने उच्चकोटि के साहस, नेतृत्व और पहल-शक्ति का परिचय दिया ।

113. जे० सी०-400453 सूबेदार मेगदान गुरंग
गोरखा राइफल्स (एफ० एफ०)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर 1971)

सूबेदार मेगदान गुरंग राजस्थान क्षेत्र में शत्रु की चौकी पर छापा मारने के दौरान गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । हमले के दौरान शत्रु ने एकत्रित होने के स्थान पर घनी तोपखाने से गोलाबारी की जिससे हमारे प्रहार की गति रुक गई । सूबेदार मेगदान गुरंग अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना शत्रु की बगली तरफ बढ़े जिससे उसकी हिम्मत पस्त हो गई और उसे अपनी चौकी छोड़कर भागना पड़ा ।

इस कार्यवाही में सूबेदार मेगदान गुरंग ने उच्चकोटि के साहस पहल-शक्ति और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

114. जे० सी० 33536 सूबेदार नंजी राम
जाट रेजिमेंट

सूबेदार नंजी राम पूर्वी क्षेत्र में घात लगाने के लिए तैनात दल के सहायक कमांडर थे । 12 दिसम्बर, 1971 को शत्रु की तीन नावें आती दिखाई दीं । सूबेदार नंजी राम ने नावों पर प्रभावकारी और सही गोलीबारी करके उन्हें नष्ट कर दिया । इस घात में शत्रु का एक अफसर और 9 जवान मारे गए ।

इस कार्यवाही के दौरान सूबेदार नंजी राम ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया ।

115. जे० सी० 35642 सूबेदार दादाराव घोड़ेश्वर
महार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार दादाराव घोड़ेश्वर 12 दिसम्बर, 1971 की रात राजस्थान क्षेत्र के एक स्थान में शत्रु पर हमले के दौरान महार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कामन कर रहे थे । शत्रु ने 600 गज तक सुरंग क्षेत्र बिछा रखा था, लेकिन उन्होंने प्रहार का नेतृत्व किया और गुत्थमगुत्था की भयानक लड़ाई के बाद लक्ष्य पर कब्जा कर लिया । लक्ष्य पर पुनर्गठन करने के दौरान शत्रु ने जवाबी हमला किया । अपनी जान की जरा परवाह न करके उन्होंने शत्रु पर हमला किया और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार दादाराव घोड़ेश्वर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

116. जे० सी० 39323 सूबेदार विश्व नाथ भोसले
महार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार विश्व नाथ भोसले महार रेजिमट की बटालियन में प्लाटून कमांडर थे । उनकी कम्पनी ने 12/13 दिसम्बर, 1971 की रात को भंयकर लड़ाई लड़ने के बाद राजस्थान क्षेत्र में टीले के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया । जब उनकी कम्पनी लक्ष्य पर पुनर्गठित हो रही थी तो शत्रु को जवाबी हमले के लिए इकट्ठा होता देखा गया । सूबेदार विश्व नाथ भोसले ने बड़ी सूझबूझ और पहल के साथ अपने प्लाटन के दो सैक्शन लेकर शत्रु पर धावा बोल दिया ।

शत्रु चकरा गया और चार तीन इंची मार्टर और काफी मात्रा में गोलाबारूद छोड़कर भाग गया । सूबेदार भोसले ने शत्रु के पांच जवान भी पकड़ लिए । मार्टर हाथ लग जाने से शत्रु को और हमलों में उनसे गोलाबारी की मदद नहीं मिल सकी और उसे आसानी से पीछे धकेल दिया गया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार विश्व नाथ भोसले ने उच्चकोटि की वीरता, पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया ।

117. जे० सी० 37034 सूबेदार नीमा लामा
8वीं गोरखा राइफल्स

सूबेदार नीमा लामा डेरा बाबा नानक क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर किए गए हमले के दौरान एक प्लाटून के कमांडर थे । शत्रु के मशीन गन के एक बंकर से सही और तेज गोलीबारी होने के कारण उनकी कम्पनी का हमला रुक गया । अपनी प्लाटून के साथ सूबेदार नीमा लामा ने शत्रु के उस बंकर पर हमला कर दिया । उन्होंने बंकर में एक गोला फैंका और फिर अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए बंकर में घुस गए और वहां मौजूद शत्रु के जवानों को मार डाला ।

हमले के दौरान, शुरू से आखिर तक सूबेदार नीमा लामा ने उच्चकोटि की वीरता पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया ।

118. जे० सी० 43961 सूबेदार बृजेंद्र सिंह
जाट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार बृजेंद्र सिंह, जाट रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी के उप-कमान अफसर थे । उस कम्पनी को पश्चिमी क्षेत्र के एक गांव पर दुबारा कब्जा करने का काम सौंपा गया था । उस गांव पर शत्रु ने ज्यादा मैनिकों की मदद से कब्जा जमा रखा था और एक बांध के ऊपर मोर्चा बना कर पूरे इलाके पर हावी था । लक्ष्य पर कब्जा कर लेने के बाद कम्पनी कमांडर ने सूबेदार बृजेंद्र सिंह को एक छोटी टुकड़ी की मदद से नजदीक की खाई में लगी मझौली मशीन गन को शान्त करने का आदेश दिया जिसकी गोलीबारी से हमारे सैन्य-दल को जानी नुकसान हो रहा था । सूबेदार बृजेंद्र सिंह ने अपनी टोली के तीन जवानों को साथ लेकर मशीन गन बंकर पर धावा बोल दिया ऐसा करते समय मशीन गन के फायर से अपने दो साथियों समेत वे बुरी तरह जख्मी हो गए । इसके बावजूद, ये बंकर तक गए और उसमें हथगोला फैंक कर गन को शान्त कर दिया मशीन गन के शान्त होते ही उनकी कम्पनी ने बांध के कुछ हिस्से पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्यवाही में सूबेदार बृजेंद्र सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

119. जे० सी० 60523 नायब सूबेदार राम कला सिंह
गार्ड्स ब्रिगेड

नायब सूबेदार राम कला सिंह 5 जवानों के साथ पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक मोर्चे पर हमला करने वाली बटालियन के कमांडिंग अफसर की टोली में शामिल थे । हमले के दौरान टोली पर शत्रु ने स्वचालित हथियारों से सही गोलीबारी की जिससे एक अफसर घातक रूप से घायल हो गया और टोली के बाकी सदस्य वहीं के वहीं रुके रह गए ।

नायब सूबेदार राम कला सिंह अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए रेंगते हुए शत्रु की मशीनगन के एक बंकर तक जा पहुंचे और बंकर के मोखे में से एक हथगोला अंदर फेंका । ऐसा करते हुए शत्रु की मशीन गन की गोलियों की बौछार इनके दाहिने हाथ पर लगी और उनकी तीन उंगलियां उड़ गईं । अविचलित, नायब सूबेदार राम कला सिंह शत्रु के निकट जा पहुंचे और गुत्थमगुत्था की लड़ाई में शत्रु के बहुत से सैनिकों को संगीन घोंपी ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार राम कला सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-संकल्प और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

120. जे० सी० 53298 नायब रिसालदार राम परिक्षण सिंह
45वीं कैवेलरी

नायब रिसालदार राम परिक्षण सिंह, पूर्वी क्षेत्र में 45वीं कैवेलरी यूनिट की स्क्वाड्रन के एक सैन्य दल की कमान कर रहे थे । जब उनके ठिकाने पर शत्रु ने पैदल सेना और बख्तर की मदद से भारी तादाद में हमला कर दिया, उस समय उन्होंने अत्यन्त कुशलतापूर्वक अपने सैन्य दल का परिचालन किया और शत्रु के टैंकों के नजदीक पहुंच कर बिल्कुल पास से उसके दो टैंकों को बरबाद कर दिया । उसके बाद ये शत्रु की पैदल सेना से भिड़ गए और उसके प्रहार को तितर-बितर कर दिया । इस कारण शत्रु को अपने घायल तथा कुछ मरे हुए सैनिकों, बरबाद हुए टैंकों तथा उपस्करों को छोड़ कर पीछे हटना पड़ा ।

इस कार्यवाही में, नायब रिसालदार राम परिक्षण सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

121. जे० सी० 44325 नायब सूबेदार राम सिंह
जाट रेजिमेंट

4/5 दिसम्बर, 1971 की रात पूर्वी क्षेत्र में एक गश्ती दल का नेतृत्व करते हुए नायब सूबेदार राम सिंह ने बड़ी कुशलता से घात लगा कर शत्रु का एक जे० सी० ओ० और 6 जवान मार डाले । 5 दिसम्बर, 1971 को उनकी प्लाटून को सौंपे गए लक्ष्य पर प्रहार करने के दौरान शत्रु ने इन पर मशीन गन से भारी गोली बारी की । इसके बावजूद उन्होंने अपने जवानों को प्रोत्साहित किया और शत्रु पर हमला करके लक्ष्य पर कब्जा कर लिया । 6 दिसम्बर, 1971 को जब वे अपनी कम्पनी के आगे बढ़ने का नेतृत्व कर रहे थे तो उन पर तीन तरफ से शत्रु ने गोलीबारी की । अडिग रह कर उन्होंने बिजली की सी तेजी से शत्रु पर हमला किया और उसके 6 जवानों को बंदी बना लिया ।

आद्योपान्त नायब सूबेदार राम सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

122. जे० सी० 52206 नायब सूबेदार शेरिंग वांगडुम
लद्दाख स्काउट्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

लद्दाख स्काउट्स के नायब सूबेदार शेरिंग वांगडुम, कम्पनी की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । इस प्लाटून को पश्चिमी क्षेत्र में एक इलाके में उन चौकियों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था जो शत्रु के हाथ में थी । 10 दिसम्बर, 1971 को जब शत्रु

की मझोली मशीन गन और मार्टर की भारी गोलीबारी की वजह से उनकी कम्पनी का आगे बढ़ना रुक गया तो उन्होंने अपनी प्लाटून के दो दूसरे कार्मिकों को साथ लेकर मझोली मशीन गन के बंकर पर हमला किया और उसके पूरे कर्मीदल को मार कर मझोली मशीन गन हथिया ली ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार शेरिंग वांगडुस ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

123. जे० सी० 4534061 नायब सूबेदार अर्जन जाधव
पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

नायब सूबेदार अर्जन जाधव पूर्वी क्षेत्र में पैराशूट रेजिमेंट बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । एक पुल पर कब्जा कर लेने के बाद उनकी प्लाटून लक्ष्य पर इकट्ठा हो रही थी । खाइयां खोदने का काम पूरा होने से पहले ही शत्रु की गाड़ियों का एक लम्बा काफिला उनकी प्लाटून के इलाके की ओर आता हुआ दिखाई दिया । उन्होंने अपनी प्लाटून का नेतृत्व करते हुए शत्रु के काफिले पर स्वचालित और छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी की जिससे शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा और उसकी गाड़ियां और मार्टर काफी तादाद में नष्ट हो गए । शत्रु फिर से जल्दी इकट्ठा हुआ और उसने मार्टरों और मझोली मशीन गनों से भारी तादाद में दो हमले किए । हालांकि शत्रु तादाद में ज्यादा था, फिर भी नायब सूबेदार अर्जन जाधव ने अपने जवानों को उत्साहित किया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाते हुए पहला हमला पीछे धकेल दिया । दूसरे हमले में एक जवान बुरी तरह घायल हो गया । नायब सूबेदार जाधव अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना बाहर निकल आए और घायल सैनिक को सुरक्षित स्थान में ले आए ।

आद्योपान्त नायब सूबेदार अर्जन जाधव ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

124. 13653064 नायब सूबेदार भृगुनाथ सिंह
गार्डस ब्रिगेड

नायब सूबेदार भृगुनाथ सिंह ब्रिगेड आफ गार्डस की एक बटालियन के प्लाटून कमांडर थे । उस प्लाटून को कारगिल क्षेत्र के एक इलाके पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । हमले के दौरान शत्रु के स्वचालित हथियारों की भारी गोलाबारी के कारण सबसे आगे चलने वाली उनकी प्लाटून का हमला रुक गया । अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए वे शत्रु की मशीन गन चौकी की तरफ लपके । शत्रु की मशीन गन की गोलियों की बौछार से जख्मी होने पर भी उन्होंने गन को बेकार बना दिया और इस तरह लक्ष्य पर कब्जा किया जा सका ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार भृगुनाथ सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

125. जे० सी० 51790 नायब रिसालदार नूर मुहम्मद खान
18वीं कैवलरी

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

नायब रिसालदार नूर मुहम्मद खान एक आरमर्ड रेजिमेंट की एक स्क्वाड्रन के ग्रुप लीडर थे । 3 दिसम्बर, 1971 की रात को उनकी स्क्वाड्रन को पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके पर हमला करने का आदेश दिया गया । वहां पहुंच कर उन्होंने देखा कि उनके स्क्वाड्रन कमांडर का टैंक जमीन में धंस गया है । शत्रु की भारी गोलाबारी का सामना करते हुए उन्होंने इस टैंक को बाहर निकालने की कोशिश की । पर जब टैंक जमीन से न निकल सका तो उन्होंने स्क्वाड्रन कमांडर को अपना टैंक दे दिया और खुद जमीन में धंसे टैंक के साथ पीछे रह गए । कुछ देर बाद जब शत्रु की एक प्लाटून ने उनके इस टैंक पर हमला किया तो वे अपने टैंक की बुर्जी खोलकर मशीन गन से फायर करने लगे और शत्रु के बहुत से जवानों को हताहत कर दिया ।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार नूर मुहम्मद खान ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़,-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

126. जे० सी० 56028 नायब रिसालदार दयाल सिंह
सिंध हार्स

नायब रिसालदार दयाल सिंह शकरगढ़ क्षेत्र में कार्यवाही करने वाले सिंध हार्स के ट्रुप लीडर थे । इनके ट्रुप ने शत्रु के एक मोर्चे पर किए गए हमले में हिस्सा लिया । शत्रु के कड़े मुकाबले के बावजूद उन्होंने साहस के साथ हमले का नेतृत्व किया और खुद शत्रु के दो टैंक तबाह किए । उनकी इस दिलेराना कार्यवाही से लक्ष्य पर कब्जा हो गया ।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार दयाल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय, पहल-शक्ति, और नेतृत्व का परिचय दिया ।

127. जे० सी० 44930 नायब रिसालदार मोहन सिंह
17वीं हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

नायब रिसालदार मोहन सिंह 15/16 दिसम्बर, 1971 की रात को शकरगढ़ क्षेत्र में 17 हार्स के स्क्वाड्रन के नं० 1 सैन्यदल के ट्रुप लीडर थे । 17 हार्स को पुल पदाधार में जमा होने और सुरंग क्षेत्र के पार इफैन्टरी के पास पहुंचने का आदेश मिला । नायब रिसालदार मोहन सिंह यह जानते हुए कि सुरंग क्षेत्र टूटा हुआ नहीं है, उसके बीच में से निकल गए । बाद में 16 दिसम्बर को इस स्क्वाड्रन पर पैटन टैंकों की रेजिमेंट ने तीन बार जवाबी हमला किया । हालांकि टैंकों के इन हमलों में शत्रु बहुत ज्यादा तादाद में था, फिर भी इस स्क्वाड्रन के डटकर गोलीबारी करने से शत्रु का हमला विफल हो गया, जिसमें नायब रिसालदार मोहन सिंह के सैन्यदल ने शत्रु के 8 टैंक नष्ट कर दिए ।

आद्योपान्त नायब रिसालदार मोहन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

128. जे० सी० 54759 नायब रिसालदार वस्ता सिंह
69वीं आर्मर्ड रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में संक्रियाओं के दौरान 11 दिसम्बर, 1971 को नायब रिसालदार वस्ता सिंह 69वीं आर्मर्ड रेजिमेंट में ट्रुप लीडर थे । हमले के दौरान शत्रु के एक मोर्चे से इनके सैन्यदल पर टैंक तोपखाने और टैंकरोधी हथियारों की भारी गोलाबारी होने

लगी । उन्होंने असाधारण कुशलता से अपने टैंक का परिचालन किया और शत्रु का एक टैंक तथा एक 105 मि० मी० गन को बेकार कर दिया । टैंकरोधी हथियारों, तोपखाने और टैंकों की भारी गोलीबारी के बावजूद नायब रिसालदार वस्ता सिंह प्रहार के दौरान सबसे आगे वाले टैंक में थे । जब टैंकरोधी सुरंग से उनका अपना टैंक उड़ गया तो वे दूसरे टैंक में आ गए और अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए प्रहार का नेतृत्व करते रहे । शत्रु का हौसला पूरी तरह पस्त हो गया और वह घबराहट और डर से पीछे हट गया । शत्रु अपने पीछे अपने बहुत से मरे हुए सैनिक और भारी मात्रा में उपस्कर, गोलाबारूद और गाड़ियां छोड़ गया ।

इस कार्यवाही में नायब रिसालदार वस्ता सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

129. 11192741 बैटरी हवलदार मेजर बाबू माली
एयर डिफेंस रेजिमेंट (प्रादेशिक सेना)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

9 दिसम्बर, 1971 को बैटरी हवलदार मेजर बाबू माली एक संस्थापन की चौकसी करने वाली एयर डिफेंस बैटरी की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे । इस दौरान उन्होंने अपनी तोप से सही ढंग से गोलाबारी कर पाकिस्तान के एक 104 स्टार फाइटर को नीचे मार गिराया ।

इस कार्यवाही में बैटरी हवलदार मेजर बाबू माली ने सराहनीय साहस और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

130. 4038559 हवलदार कंवर सिंह चौधरी
गढ़वाल राइफल्स

गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक कार्यवाही के तौर पर शत्रु की एक चौकी का सफाया करने का आदेश दिया गया था । इस चौकी पर शत्रु की एक मजबूत किलाबंदी थी और उसने इसके गिर्द 7 फुट ऊंची दीवार बना रखी थी । शत्रु के मोर्चों से किए गए मक्खोली मशीन गन के भारी और सही गोलीबारी ने कम्पनी के हमले को आगे बढ़ने से रोक दिया । दीवार को फांदने के लिए जवानों से सीढ़ी का काम लिया गया । दीवार पर रास्ता बनाने की कार्यवाही के दौरान हवलदार कंवर सिंह चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए । लहुलुहान होने के बावजूद वे दीवार फांद गए और शत्रु की मशीन गन चौकी पर हमला करके उसे हथगोले से नष्ट कर दिया । उनकी इस साहसिक कार्यवाही से लक्ष्य पर कब्जा किया जा सका ।

इस कार्यवाही में हवलदार कंवर सिंह चौधरी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

131. 2439873 हवलदार देस राज
पंजाब रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

हवलदार देस राज पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी के प्लाटून कमांडरों में से एक थे । यह कम्पनी पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में एक आवरण चौकी पर तैनात थी । 3 दिसम्बर, 1971 की रात को शत्रु ने इस चौकी पर बड़ी तादाद में हमला किया और वह अगले मोर्चों में घुस आया । अपनी सुरक्षा की जरा परवाह न करते हुए हवलदार देस राज अपने बंकर से बाहर निकल आए और बहुत निकट से शत्रु पर गोली चलाने लगे । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे अपने जवानों की हिम्मत बढ़ाते रहे और गोलीबारी करवाते रहे । इस तरह उनकी वजह से शत्रु का हमला विफल कर दिया गया ।

इस कार्यवाही के दौरान हवलदार देस राज ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

132. 1171094 हवलदार गोपाल कृष्णन
एयर डिफेंस रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

हवलदार गोपाल कृष्णन सैक्शन कमांडर थे और साथ ही अमृतसर की वायु सेना सिगनल यूनिट के बचाव के लिए तैनात एयर डिफेंस गन के नं० 1 का काम भी कर रहे थे । 5 दिसम्बर, 1971 को शत्रु के कैनबरा वायुयानों ने इस स्टेशन पर हमला किया । हवलदार गोपाल कृष्णन ने अपनी तोप से सही गोलीबारी करके शत्रु के एक कैनबरा वायुयान को मार गिराया । इस तरह उनकी वजह से शत्रु का एक नेवीगेटर पकड़ा गया ।

इस कार्यवाही के दौरान गोपाल कृष्णन ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

133. 1181589 हवलदार उत्तम जवालगे
एयर डिफेंस रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

8 दिसम्बर, 1971 को हवलदार उत्तम जवालगे छम्ब क्षेत्र में एक इंफैन्ट्री डिवीजन के हैडक्वार्टर के बचाव के लिए तैनात एयर डिफेंस बैटरी की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे । इस दौरान उन्होंने अपनी तोप से सही गोलाबारी करके हैडक्वार्टर पर हमला करने वाले पाकिस्तान के चार सैबर जैटों में से एक को मार गिराया ।

इस कार्यवाही के दौरान हवलदार उत्तम जवालगे ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

134. 10356147 हवलदार अजमेर सिंह
एयर डिफेंस रेजिमेंट (प्रादेशिक सेना)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को जब हवलदार अजमेर सिंह अमृतसर के हवाई मैदान के बचाव के लिए तैनात एक एयर डिफेंस बैटरी की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे तो उन्होंने अपनी तोप से सही गोलाबारी करके हवाई मैदान पर हमला करने वाले पाकिस्तान के दो स्टार लड़ाकू वायुयानों में से एक को मार गिराया ।

इस कार्यवाही में हवलदार अजमेर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

135. 1155095 हवलदार (जी० डी०) के० के० गोपाल कृष्णन नायर
एयर डिफेंस रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

4 दिसम्बर, 1971 को हवलदार (जी० डी०) के० के० गोपाल कृष्णन नायर सैक्टर कमांडर थे और साथ ही पठानकोट

के एक डिपो के बचाव के लिए तैनात एक एयर डिफेंस गन के नं० 1 का काम भी कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी तोप से सही गोलाबारी करके पाकिस्तान के एक मिराज हवाई जहाज को मार गिराया।

इस कार्यवाही के दौरान हवलदार (जी० डी०) के० के० गोपाल कृष्णन नायर ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

136. 4146399 हवलदार मदन सिंह
कुमायूं रेजिमेंट

हवलदार मदन सिंह कुमायूं रेजिमेंट की एक बटालियन की रिकायललैस राइफल प्लाटून में टुकड़ी कमांडर थे। पूर्वी क्षेत्र में एक स्थान पर हमले के दौरान वे शत्रु के छोटे हथियारों की भारी और अचूक गोलाबारी के बावजूद अपनी रिकायललैस गन के पास डटे रहे और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाते हुए उसके 7 मजबूत मोर्चे बरबाद कर दिए। उनकी कार्यवाही की वजह से ही लक्ष्य पर कब्जा किया जा सका।

इस कार्यवाही के दौरान हवलदार मदनसिंह ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

137. 2641259 हवलदार नंद राम
ग्रेनेडियर्स

ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में शत्रु की एक चौकी का सफाया करने का काम सौंपा गया था। यह हमला शत्रु के अच्छी तरह से किलाबंद मकान में स्थित मजबूत मोर्चे की वजह से कामयाब नहीं हो पा रहा था। हवलदार नंद राम ने शत्रु के इस मोर्चे को हटाने के महत्व को समझा और निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना वे रेंगते हुए आगे बढ़े और हथगोले फैंक कर मकान की निचली मंजिल में से शत्रु को मार भगाया। इसके बाद ये ऊपरी मंजिल की तरफ दौड़े और शत्रु पर पहले की तरह हमला किया और उस पर भी काबू पा लिया। इससे उनकी बटालियन आगे बढ़ सकी।

इस कार्यवाही में हवलदार नंद राम ने सराहनीय साहस, पहल-शक्ति और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

138. 13716818 हवलदार निर्मल सिंह
जम्मू काश्मीर राइफल्स

हवलदार निर्मल सिंह ने राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर हमला करते समय प्लाटून कमाण्डर के मारे जाने पर जम्मू-काश्मीर राइफल्स की बटालियन के एक प्लाटून की कमान सम्भाली। लक्ष्य पर पुनर्गठन के दौरान प्लाटून पर दुश्मन ने भारी गोलाबारी की, मगर हवलदार निर्मल सिंह अपनी सुरक्षा की परवाह न करके एक सैक्शन से दूसरे सैक्शन तक गये ताकि पुनर्गठन जल्दी किया जा सके। जब हमारे टैंक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे तो दुश्मन ने एक रिकायललैस गन से यकायक गोलीबारी शुरू कर दी जिससे एक टैंक पर गोला लगा। इससे दूसरे टैंकों का आगे बढ़ना कुछ देर के लिए रुक गया। हवलदार निर्मल सिंह ने दुश्मन की इस गन को ठंडा करने की जरूरत महसूस करके एक सैक्शन के साथ बाजू से उस गन पर धावा बोल दिया। हालांकि वे ऐसा करते समय घायल हो गये थे फिर भी उन्होंने हमले को सफलता से आगे बढ़ाया और दुश्मन के मोर्चे को नष्ट करके रिकायललैस गन पर अधिकार कर दिया।

इस कार्रवाई में हवलदार निर्मल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

139. 3341590 हवलदार गुरदेव सिंह
सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर 1971)

हवलदार गुरदेव सिंह सिख रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून के प्लाटून हवलदार थे, जिसको पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में तैनात किया गया था। 31 दिसम्बर की रात, शत्रु ने तोपखाने के भारी और सही गोलाबारी की सहायता से बड़ी तादाद में उनके मोर्चों पर हमला कर दिया। प्लाटून ने शत्रु के दो हमलों को विफल कर दिया, लेकिन शत्रु ने प्रयत्न जारी रखे और दूसरी दिशा से उनके मोर्चे पर एक और आक्रमण किया। हवलदार गुरदेवसिंह एक बंकर से दूसरे बंकर में जा-जा कर अपने जवानों को प्रोत्साहित करते रहे। उन्हीं की वजह से शत्रु के सभी हमले विफल कर दिए गए।

आद्योपान्त, हवलदार गुरदेव सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय नेतृत्व और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

140. 3348059 हवलदार मलकियत सिंह
सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर 1971)

हवलदार मलकियत सिंह सिख रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून के प्लाटून-हवलदार थे, जिसको पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में तैनात किया गया था। उन्हें शत्रु की एक हल्की मशीनगन पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था, जो हमारे सैनिकों पर गोलीबारी करके जानी नुकसान पहुंचा रही थी। हवलदार मलकियत सिंह ने साहस और फुर्ती से एक सैक्शन का नेतृत्व सम्भाला और दुश्मन को जानी नुकसान पहुंचाते हुए उसकी मशीनगन पर हमला किया और उसे शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में हवलदार मलकियत सिंह ने सराहनीय साहस, दृढ़-निश्चय, नेतृत्व और उच्चकोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

141. 4441429 हवलदार प्यारा सिंह
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर 1971)

हवलदार प्यारा सिंह राजस्थान क्षेत्र के एक स्थान में सिख लाइट इंफैन्ट्री की आगे बढ़ती एक बटालियन की अग्रिम प्लाटून के प्लाटून हवलदार थे। 8 दिसम्बर, 1971 को आगे बढ़ते हुये दल पर दुश्मन ने छोटे हथियारों और तोपखाने से भारी गोलाबारी की। लेकिन यह अग्रिम प्लाटून लगातार आगे बढ़ती गई और दुश्मन के निकट पहुंच गई। दुश्मन ने बड़ी तादाद में इसपर जवाबी हमला किया। अपने एक सैक्शन को गोलीबारी में सहायता के लिये तैनात करके इस प्लाटून ने प्रहार करते दुश्मन पर हमला किया। सहायक सैक्शन की हल्की मशीनगन के गनर को गोली लगी और उसकी मशीनगन से गोली चलनी बंद हो गई। हल्की मशीनगन

की गोलीबारी की जरूरत को महसूस करके हवलदार प्यारा सिंह उस मशीनगन तक दौड़ कर गये और उन्होंने उससे गोलीबारी शुरू कर दी। उनके दाएं कंधे पर दुश्मन की हल्की मशीनगन से गोलियों की बौछार पड़ी लेकिन अपने सख्त घावों की परवाह न करके वे चौकी पर जमे रहे और प्रभावकारी गोलीबारी-सहायता देते रहे। इस तरह दुश्मन का जवाबी हमला विफल किया जा सका।

इस कार्रवाई के दौरान हवलदार प्यारा सिंह ने प्रशंसनीय साहस, पहल शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

142. 9406534 हवलदार फुरबा लिपचा
11वीं गोरखा राइफल्स

हवलदार फुरबा लिपचा 11वीं गोरखा राइफल्स की उस बटालियन में प्लाटून कमाण्डर थे जिसे कारगिल क्षेत्र में एक चौकी पर अधिकार करने का आदेश दिया गया था। यह चौकी एक खड़ी ढाल पर थी और उसकी सुरक्षा के लिये सुरंगे तथा रुकावटें लगा रखी थीं जिससे उसको जीतना वास्तव में असम्भव था। हवलदार फुरबा लिपचा किसी प्रकार चुपचाप दुश्मन के बंकर के पास पहुंचे और हथगोले फेंककर एक मशीनगन को शान्त कर दिया। जब दुश्मन ने दुबारा गोलीबारी शुरू की तो वे एक हल्की मशीनगन के बंकर में तेजी से घुस गये और उसके कर्मी-दल को मार डाला। इस साहसी कार्य से उनके जवानों को प्रेरणा मिली और इस चौकी पर अधिकार हो सका।

इस कार्रवाई में हवलदार फुरबा लिपचा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और पहलशक्ति का परिचय दिया।

143. 1170770 हवलदार किचारला महालक्ष्मिआ
आर्टिलरी रेजिमेन्ट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

17 दिसम्बर, 1971 को शकरगढ़ क्षेत्र में तैनात एक हवाई बचाव बैटरी की टुकड़ी की कमान करते हुये हवलदार किचारला महालक्ष्मिआ ने अपनी गन से सही गोलीबारी करके, उनकी गन पर हमला करने वाले दुश्मन के चार मिग 19 वायुयानों में से एक को मार गिराया।

इस कार्रवाई में, हवलदार किचारला महालक्ष्मिआ ने उच्च-कोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

144. 4039948 हवलदार संग्राम सिंह रावत
नागा रेजिमेंट

पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान हवलदार संग्राम सिंह रावत पूर्वी क्षेत्र में एक मझोली मशीनगन बटालियन के कमाण्डर थे। शत्रु ने बड़ी तादाद में उनकी चौकी पर हमला किया लेकिन हवलदार संग्राम सिंह रावत ने बड़ी कुशलता से अपनी गन से शत्रु पर जबरदस्त गोलीबारी की और उसे भारी जानी नुक्सान पहुंचा कर हमले को छिन्न-भिन्न कर दिया। शत्रु ने दोबारा हमला किया, लेकिन उन्होंने फिर सही गोलाबारी करके उसके बहुत से जवानों को मार डाला। शत्रु उनके मोर्चे के बहुत करीब आ पहुंचा और वहां से उसने उनकी चौकी पर हथगोलों से हमला किया। इससे उनकी गन बेकार हो गई तथा वे अपने कर्मी-दल सहित घायल हो गये। इस अवस्था में सेना के कमाण्डर ने उनको दूसरे मोर्चे पर चले जाने का आदेश दिया। अपनी जान की तनिक परवाह न करते हुये, हवलदार संग्राम सिंह रावत ने अपनी टुकड़ी को कूच का आदेश दिया, लेकिन वे स्वयं इस कूच की रक्षार्थ पीछे रुके रहे। इस बीच शत्रु ने इनकी चौकी पर आक्रमण किया, लेकिन उन्होंने हथगोले फेंक कर उसे आगे बढ़ने से रोके रखा।

इस कार्रवाई के दौरान हवलदार संग्राम सिंह रावत ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय, नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

145. 9070887 लांस हवलदार जगदीश सिंह
जम्मू और कश्मीर मिलिशिया

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

लांस हवलदार जगदीश सिंह, जम्मू और कश्मीर मिलिशिया की एक बटालियन के एक सैक्शन की कमान कर रहे थे। शत्रु ने बड़ी तादाद में उनकी चौकी पर हमला कर दिया। उन्होंने अपने सैक्शन की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से नियंत्रण किया और अपने जवानों को शत्रु के हमले को विफल करने के लिये प्रेरणा दी। हमले को रोक कर उन्होंने शत्रु पर नजदीक से आक्रमण करके उसे भारी जानी नुकसान पहुंचाया।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार जगदीश सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

147. 1026534 लांस हवलदार जसवंत सिंह
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर 1971)

लांस हवलदार जसवंत सिंह शकरगढ़ क्षेत्र में बसंतार नदी के पार की संक्रियाओं में ग्रेनेडियर्स की बटालियन की कम्पनी के एक सैक्शन की कमान कर रहे थे। कम्पनी ज्यों ही हमला करने के लिये इकट्ठा होने की जगह से चली, त्यों ही उस पर तोपखाने और मझोली मशीनगनों से भारी गोलाबारी होने लगी। लांस हवलदार जसवंत सिंह को अपने सैक्शन लेकर उस मझोली मशीनगन चौकी को नष्ट करने का काम सौंपा गया, जहां से जबरदस्त गोलाबारी के कारण जवान भारी संख्या में हताहत हो रहे थे। वे दुश्मन की मशीनगन चौकी पर प्रहार करने के लिये अपना सैक्शन बाईं तरफ को ले गए। उनकी हरकत को देखकर दुश्मन ने गोली चलानी शुरू कर दी और उनके दो जवान मारे गए। लांस हवलदार जसवंत सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना चौकी पर धावा बोल दिया और दुश्मन के दो सनिक मार दिये और गन को शान्त कर दिया।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार जसवंत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

147. 10270151 लांस दफादार राम चंद्र
63वीं कैवेलरी

लांस दफादार राम चन्द्र, पूर्वी क्षेत्र में तैनात 63वीं कैवेलरी यूनिट के ट्रूप लीडर के टैंक के गनर थे। हमारे मोर्चे पर दुश्मन ने जब बख्तर की मदद से हमला कर दिया तो उस समय उन्होंने उस पर

गोले बरसाने और टैंक नष्ट करने में अत्यंत कौशल और संयमित साहस का परिचय दिया । बाद में इस क्षेत्र में जो दुश्मन का सफाया हुआ; उसमें उनका कम हाथ नहीं था ।

आद्योमान्त, लांस दफादार राम चन्द्र ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

148. 9136879 लांस हवलदार पंकजोक स्टोब्डान
लद्दाख स्काउटस

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

10 दिसम्बर, 1971 को परतपुर क्षेत्र में चैलुंका-कम्पलैक्स की लड़ाई में जब लांस हवलदार पंकजोक स्टोब्डान की कम्पनी ने हमला किया तो शत्रु की मशीनगन की भारी और सही गोलाबारी की वजह से यह आगे न बढ़ सकी । तब लांस हवलदार पंकजोक स्टोब्डान ने अपने प्लाटून कमाण्डर तथा टोली के एक और जवान के साथ शत्रु की मझोली मशीनगन चौकी पर हमला किया । अपनी जान की तनिक तरवाह न करते हुये, उन्होंने शत्रु की मशीनगन के बकर पर धावा बोल दिया और शत्रु के एक जवान को मार दिया और इस तरह हमले को जारी रखने में सहायता दी ।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार पंकजोब स्टोब्डान ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

149. 2048099 लांस हवलदार बने सिंह
राजपूत रेजिमेंट

लांस हवलदार बने सिंह, राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन में सैक्शन कमाण्डर थे । उनकी कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी का सफाया करने का काम सौंपा गया था । हमले के दौरान शत्रु ने अपने स्वचालित हथियारों से लगातार सही गोला-बारी शुरू कर दी । जब हमला करने वाले लक्ष्य से सिर्फ 15 गज की दूरी पर रह गये तो शत्रु ने उन पर बड़ी मात्रा में हथगोले फेंके । लांस हवलदार बने सिंह शत्रु की एक हल्की मशीनगन की ओर तेजी से बढ़े, जो उनके जवानों को भारी जानी नुकसान पहुंचा रही थी । गम्भीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद भी उन्होंने बंकर से हल्की मशीनगन को छीन लिया । इस तरह लक्ष्य पर अधिकार किया जा सका ।

इस कार्रवाई के दौरान लांस हवलदार बने सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

150. 10324414 लांस हवलदार (जी० डी०) कंस राज
एयर डिफेन्स रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

7 दिसम्बर, 1971 को लांस हवलदार (जी० डी०) कंस राज एक हवाई मैदान के बचाव के लिये लगाई गई एयर डिफेन्स गन के नं० 1 के रूप में काम कर रहे थे । दुश्मन के हवाई हमले के दौरान उन्होंने अपनी गन से सही गोलाबारी करके दुश्मन के एक हवाई जहाज को मार गिराया ।

इस कार्रवाही में लांस हवलदार (जी० डी०) कंस राज ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

151. 1034139 लांस दफादार सुशील कुमार
9वीं हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

दिसम्बर 1971 को जब लांस दफादार सुशील कुमार छम्ब क्षेत्र में एक क्रासिंग की निगरानी करने वाले ट्रूप लीडर के टैंक के गनर के रूप में काम कर रहे थे तो दुश्मन के टैंकों और इन्फैन्ट्री की एक स्क्वाड्रन ने उन पर हमला कर दिया । उन्होंने अपनी गन की कारगर गोलीबारी से दुश्मन के पांच टी० 59 टैंक तबाह कर दिये ।

इस कार्रवाई में लांस दफादार सुशील कुमार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

152. 3154794 लांस हवलदार जसवंत सिंह
पैराशूट रजिमेन्ट (कमांडो)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

पैराशूट रेजिमेंट (कमांडो) के लांस हवलदार जसवंत सिंह को जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में दुश्मन के एक मजबूत मोर्चे पर छापा मारने के लिये आदेश दिया गया था । ये चुपचाप दुश्मन के नजदीक पहुंचे और उस पर काबू पा लिया । इस मिशन में पाकिस्तानी सेना के विशेष सैन्य दल के कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई की, उसका गढ़ नष्ट किया और उसके आठ कमांडो मार दिये ।

इस मिशन में कार्रवाई के दौरान लांस हवलदार जसवंत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

153. 103100 कार्यकारी लांस दफादार कटार सिंह
72वीं आर्मर्ड रेजिमेंट, आर्मर्ड कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

6 दिसम्बर, 1971 की रात को, कार्यकारी लांस दफादार कटार सिंह 72वीं आर्मर्ड रेजिमेंट के स्क्वाड्रन के साथ थे । इस स्क्वाड्रन को पश्चिमी क्षेत्र में 'मुनब्बर तवी' के पूर्व में लगाया गया था । इस स्क्वाड्रन पर दुश्मन के बख्तरबंद हमले को पीछे धकेल दिया, मगर दुश्मन की इन्फैन्ट्री ने हमारे टैंकों को घेर लिया । कार्यकारी लांस दफादार कटार सिंह को दूसरे कर्मीदल और टैंक के साथ कैद कर लिया । इसी बीच भारी गोलाबारी शुरू हो गई । गड़बड़ में, लांस दफादार कटार सिंह ने अपने आपको मुक्त किया और टैंक में बैठ कर क्यूपोला बन्द कर दिया और मशीनगन से गोली चलाना शुरू कर दिया जिससे घेरे डाले हुए दुश्मन भारी तादाद में हताहत हुए । उन्होंने दुश्मन के ठिकाने में से होकर अपना टैंक खुद चलाते हुए 'मुनब्बर तवी' पार की और अपना टैंक सही-सलामत वापिस लाकर अपने स्क्वाड्रन में वापिस आ गए ।

इस कार्रवाई में कार्यकारी लांस दफादार कटार सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

154. 1141440 नायक बल बहादुर
आर्टिलरी रैजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया के दौरान नायक बल बहादुर पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में तैनात हवाई हमले से बचाव बैटरी की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे। 7 दिसम्बर, 1971 को शत्रु के हवाई हमले के दौरान उन्होंने अपनी तोप से सही गोलाबारी करके शत्रु के एक मिग 19 वायुयान को मार गिराया।

इस कार्रवाई में नायक बल बहादुर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

155. 13722858 नायक राजिन्दर सिंह
जम्मू और कश्मीर राइफल्स

नायक राजिन्दर सिंह उस मझोली मशीनगन टुकड़ी की कमान कर रहे थे, जिसे जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ रखा गया था। इस कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र के एक इलाके में रक्षात्मक मोर्चा लेने के आदेश दिये गये थे। दुश्मन ने हमारे मोर्चों पर तोपखाने और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी शुरू कर दी जिससे हमारी मोर्चा-बन्दियों की तैयारी तहस-नहस हो जाये परन्तु जब दुश्मन की यह कोशिश नाकामयाब रही तो उसने कम्पनी के रक्षित इलाके पर भारी तोपखाने की आड़ में एक बटालियन लेकर हमला किया। अपनी मझोली मशीनगन से सही गोलाबारी करते हुए नायक राजिन्दर सिंह ने दुश्मन के प्रहार को रोकने में मदद दी। दुश्मन की जबरदस्त गोलाबारी से मझोली मशीनगन के हिस्से पुर्जों का बैलेट टूट गया और वह काम का न रहा। इसके बाद, जब दुश्मन हमारे मोर्चा से केवल दो सौ मीटर दूर रहा तो इस मशीनगन की फायरिंग पिन टूट गई। नायक राजिन्दर सिंह, बचाव के लिये मशीनगन-फायर के महत्व को समझकर अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना, अपने बंकर से बाहर निकले और इस तरह दुश्मन की गोलीबारी और गोलों के सामने आकर दूसरी टुकड़ी से फायरिंगपिन लेकर लौट आये। हालांकि मझोली मशीन की बैरल आग की तरह लाल हो रही थी, फिर भी उन्होंने उसकी फायरिंग पिन बदली और ऐसा करते समय उनके हाथ बुरी तरह झुलस गये। इस तरह एक बार फिर उनकी मशीनगन दुश्मन पर आग बरसाने लगी। इस समय दुश्मन हमारी मोर्चे-बन्दियों से केवल 50 मीटर दूर ही था। परन्तु फिर भी दुश्मन का प्रहार अपने अंतिम दौर में नाकामयाब रहा। इसका कारण बहुत अधिक अंशों तक नायक राजिन्दर सिंह की मझोली मशीनगन की जबरदस्त गोलीबारी ही था।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान नायक राजिन्दर सिंह ने सराहनीय साहस, पहल शक्ति और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

156. 2851641 नायक रघुबीर सिंह
राजपूताना राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

3, 4 दिसम्बर, 1971 की रात को पश्चिमी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर हमले के दौरान नायक रघुबीर सिंह सब से अगले सैक्शन की कमान कर रहे थे। शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद नायक रघुबीर सिंह ने हमले का जोर बनाये रखने के लिये अपने सैक्शन को प्रेरणा दी और बाद में गुत्थमगुत्था की लड़ाई में शत्रु को भारी जानी नुक्सान पहुंचाया और चौकी पर अधिकार कर लिया।

इस कार्रवाही में नायक रघुबीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

157. 2447488 नायक खजूर सिंह
पंजाब रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

10, 11 दिसम्बर की रात को नायक खजूर सिंह उस सेना के साथ थे, जो जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में शत्रु के ठिकाने पर हमला कर रही थी। इस इलाके में शत्रु ने मजबूत मोर्चे बना रखे थे और वह यहां बड़ी तादाद में था। इस हमले के दौरान प्रहार करने वाले सैनिकों पर शत्रु ने अपनी मझौली मशीनगनों से भारी मात्रा में सही गोलाबारी की। गम्भीर-रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने शत्रु की मझोली मशीन-गन के एक बैंकर पर हमला कर दिया और एक हथगोला फेंक कर गन को शान्त कर दिया। इस तरह उन्होंने हमले की सफलता में अपना योग दिया।

इस कार्रवाई के दौरान नायक खजूर सिंह ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

158. 11193273 नायक ढोंडी राम मांसोडे
एयर डिफेंस रेजिमेंट (प्रादेशिक सेना)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को जब नायक ढोंडी राम मांसोडे एक संस्थापन की चौकसी पर तैनात एयर डिफेंस बैटरी की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे तो उन्होंने अपनी तोप से सही गोलाबारी कर के पाकिस्तान के एक सैबर जैट को मार गिराया।

इस कार्रवाई में नायक ढोंडी राम मांसोडे ने उच्चकोटि के साहस और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

159. 285359 नायक निहाल सिंह पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

नायक निहाल सिंह राजस्थान क्षेत्र में एक छापे के दौरान कमांडो दल में थे। जब वे लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे थे तो उनके दल पर दुश्मन ने घात लगाई। वे फौरन आगे बढ़े और अपनी निजी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए उन्होंने लपक कर दुश्मन के दो कार्मिकों को मार डाला।

इस कार्रवाई में, नायक निहाल सिंह ने प्रशंसनीय साहस, दृढ़-निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

160. 2743291 नायक शामू भोसले
पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर 1971)

11 दिसम्बर, 1971 को नायक शामू भोसल को पूर्वी क्षेत्र में एक रक्षित चौकी पर अधिकार करने का आदेश दिया गया था। उनके सैक्शन के मोर्चे पर पहुंचते ही शत्रु का एक दल चौकी की ओर बढ़ता हुआ दिखाई दिया। हमारे सैनिकों ने शत्रु के दल पर जब गोलाबारी की, तो शत्रु के लगभग 45 सैनिक नायक भोसले से करीब 15 गज की दूरी पर अपनी गाड़ियों से कूद पड़े और उन्होंने उनके मोर्चे पर आक्रमण कर दिया। अपनी जान की तनिक परवाह न करते हुए, उन्होंने अपनी हल्की मशीनगन से शत्रु पर गोलाबारी करके उसके 15 सैनिक मार दिये और बाकी सैनिकों को भगदड़ में पीछे हटना पड़ा। बाद में शत्रु ने जबरदस्त जवाबी हमला किया, लेकिन नायक शामू भोसले ने अपने जवानों को इतना जोश दिलाया कि शत्रु का हमला विफल कर दिया गया।

इस कार्रवाई के दौरान नायक शामू भोसले ने उच्चकोटि के व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व का परिचय दिया।

161. 2645231 नायक सरदार खां
ग्रेनेडियर्स

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रिया के दौरान नायक सरदार खां पूर्वी क्षेत्र में तैनात ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन में सेक्शन कमाण्डर थे। इस बटालियन की एक कम्पनी को एक ऐसे इलाके पर अधिकार करने का काम सौंपा गया, जहां दुश्मन भारी तादाद में था। लक्ष्य पर पहुंचने पर इस कम्पनी पर वो बैंकरों से घनी और सही गोलाबारी होने लगी तो नायक सरदार खां अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करके एक बंकर की तरफ लपके और अपनी स्टेन गन से गोली दाग कर उन्होंने दुश्मन के वो सैनिक मार दिये। वे फिर दूसरे बंकर तक रेंग कर पहुंचे और उन्होंने ग्रेनेड फेंक कर दुश्मन की गन को शान्त कर दिया।

इस कार्रवाई में नायक सरदार खां ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

162. 2550753 नायक भास्करन
मद्रास रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर 1971)

12 दिसम्बर, 1971 की रात को फिरोजपुर क्षेत्र के एक इलाके में उनकी प्लाटून जब उस चौकी पर हमला कर रही थी, जो दुश्मन के अधिकार में थी, तो नायक भास्करन ने देखा कि दुश्मन की एक मझोली मशीनगन हमारे प्रहार में अड़चन डाल रही है। उन्होंने तुरन्त मशीनगन बंकर पर हमले के लिये अपने सैक्शन का नेतृत्व किया। दुश्मन की एक हल्की मशीनगन की गोलाबारी से उनके सैक्शन को एक ही जगह पर रोके रखा। इसके बावजूद नायक भास्करन शत्रु की भारी गोलाबारी में नीचे से रेंग कर आगे बढ़े और उन्होंने एक हथगोला उछाल कर शत्रु की हल्की मशीनगन को तबाह कर दिया। इसके तुरन्त बाद वे मझोली मशीनगन की तरफ लपके और उसे भी शान्त कर दिया। दुश्मन उनकी हरकत से पूरी तरह घबरा गया और चौकी छोड़ कर भाग गया।

इस कार्रवाई में नायक भास्करन ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

163. 3963905 लांस नायक मेघराज सिंह
जम्मू और कश्मीर राइफल्स

लांस नायक मेघराज सिंह, जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन की प्लाटून में हल्की मशीनगन टुकड़ी के कमाण्डर थे। यह प्लाटन, पूर्वी क्षेत्र के एक रक्षित इलाके में मोर्चा सम्भाले हुए थे। इस रक्षित इलाके पर अधिकार करने के लिये दुश्मन ने भारी और लगातार तोपखाने की गोलाबारी के साथ तीन बार जबरदस्त हमले किये। हर बार, तोपखाने और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के बावजूद लांस नायक मेघराज सिंह अपनी हल्की मशीनगन लेकर खाई से बाहर निकल आये और बगल में मोर्चा लेकर उन्होंने प्रहार सैन्य दलों पर कारगर गोलीबारी की, जिसके कारण दुश्मन का प्रहार विफल कर दिया गया।

आद्योपान्त, लांस नायक मेघराज सिंह ने उच्चकोटि के साहस, पहलशक्ति और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

164. 3357370 लांस नायक हरभजन सिंह
सिख रेजिमेंट

लांस नायक हरभजन सिंह उस कम्पनी के नेतृत्व करने वाले सैक्शन के सेक्शन कमाण्डर थे जिसे पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान में दुश्मन के मोर्चों के करीब पहुंचने का कार्य सौंपा गया था। जब उनकी कम्पनी दुश्मन के मोर्चे से केवल 300 गज की दूरी पर रह गई तो उन पर दुश्मन ने छोटे हथियारों से सही और घनी गोलाबारी शुरू कर दी। उन्होंने अपने सैक्शन को इस तरह तैनात किया कि वह दुश्मन के मोर्चों पर छाया रहा। हल्की मशीनगन खुद चलाते हुए लांस नायक हरभजन सिंह बराबर आगे बढ़ रहे थे। इसी समय दुश्मन की मशीनगन की गोली उन्हें लगी। इसके बावजूद वे आगे की तरफ रेंगते रहे और उन्होंने एक अच्छा मोर्चा लेकर दुश्मन के पिलबाक्स को नष्ट कर दिया। इसके बाद अपने घावों की तनिक परवाह किये बिना उन्होंने अपने सैक्शन को तैनात किया और यह देखा कि उनके जवान पूरी तरह गड्ढों में छिप गये हैं।

इस कार्रवाई में लांस नायक हरभजन सिंह ने उच्चकोटि के वीरता, नेतृत्व और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

165. 1275280 लांस नायक श्रीपति सिंह आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 12 दिसम्बर 1971)

लांस नायक श्रीपति सिंह पश्चिमी क्षेत्र में एक रेडार संस्थापन के बचाव के लिये तैनात वायु रक्षा टुकड़ी की रेडार यूनिट के कमाण्डर थे। 4 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने एक 104 स्टार फाइटर

वायुयान द्वारा इस संस्थापन पर हमला कर दिया । लांस नायक श्रीपति सिंह ने अपने रेडार सैट पर हमला करने वाले शत्रु के वायुयान पर अपना रेडार ट्रेकर देख कर लगाये रखा और इस प्रकार जीवट और दृढ़ता का परिचय दिया । गम्भीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद भी वे शत्रु के वायुयान का उस समय तक पीछा करते रहे जब तक कि इसे मार नहीं गिराया गया ।

इस कार्रवाई के दौरान लांस नायक श्रीपति सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

166. 4244322 लांस नायक चन्द्रकेत प्रसाद यादव
बिहार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर 1971)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सक्रियाओं के दौरान लांस नायक चन्द्रकेत प्रसाद यादव पूर्वी क्षेत्र में तैनात बिहार रेजिमेंट की एक बटालियन की राकेट-लांचर टुकड़ी के कमाण्डर थे । 16 दिसम्बर, 1971 को लगभग 12.15 बजे दुश्मन के एक कान्वाय ने बटालियन द्वारा सड़क पर लगाई गई रुकावट को हटाने की कोशिश की । इस कान्वाय में गोलाबारूद से लदी लगभग 10 लारियां थी और इनके अनुरक्षण के लिये एक लारी पर मझोली मशीन गनें लगी हुई थी और दो शैफी टैंक थे । दुश्मन के एक टैंक ने कम्पनी और बटालियन के हैडक्वार्टरों पर गोलीबारी की । लांसनायक यादव ने उस टैंक को तबाह करने का जिम्मा खुद लिया जो हमारे सैनिकों को हलाहत कर रहा था । वे टैंक के 10 गज पास तक पहुंच गये और राकेट लांचर से दुश्मन के टैंक को नष्ट कर दिया ।

लांस नायक चन्द्रकेत प्रसाद यादव ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

167. 4042984 लांस नायक गबर सिंह नेगी गढ़वाल
राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर 1971)

16/17 दिसम्बर, 1971 की रात को गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन को पश्चिमी क्षेत्र में दुश्मन के इलाकों पर छापा मारने का आदेश दिया गया था । लक्ष्य की ओर बढ़ते समय जब हमारी बटालियन एक सुरंग क्षेत्र के बीच से गुजर रही थी कि अचानक दो कार्मिक-रोधी सुरंगें फट गई । इसके धमाके से दुश्मन चौकन्ना हो गया और अपने तोपखाने और छोटे हथियारों से हमारे सैन्यदल पर भारी गोलीबारी करने लगा । लांस नायक गबर सिंह नेगी छापा मारने वाली सबसे अगली टोली का नेतृत्व कर रहे थे । जब उनकी टोली दुश्मन की बंकर से 100 गज दूर रह गई तो शत्रु ने मझोली मशीनगन से गोलीबारी करना शुरू कर दिया । लांस नायक गबर सिंह नेगी, एक जवान को साथ लेकर दुश्मन के बंकर की ओर रेंग कर गये और उसमें ग्रेनेड फेंका । इसके बाद उन्होंने चौकी पर धावा बोल दिया और दुश्मन के दो जवान मार दिये तथा उसकी मशीनगन को अपनी छापामार टोली के लिये ले आये ।

इस कार्रवाई में, लांस नायक गबर सिंह नेगी ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

168. 2959144 लांस नायक विशेश्वर सिंह राजपूत
रेजीमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर 1971)

13 दिसम्बर, 1971 को राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक ठिकाने पर अधिकार करने के आदेश दिये गये थे । दुश्मन के बगली मशीनगन बंकर से घनी और सही गोलीबारी की वजह से एक कम्पनी का हमला रुक गया । लांस नायक विशेश्वर सिंह कम्पनी के एक सैक्शन कमांडर थे । उन्हें दुश्मन की मशीनगन को बेअसर करने का कार्य सौंपा गया था । ये दुश्मन के घनी गोलीबारी के बावजूद एक बंकर तक रेंग कर गये और बंकर में हथगोला फेंका और गन को शान्त कर दिया । इसके पश्चात् वे एक दूसरे बंकर की तरफ गये परन्तु इसी बीच उनकी जांघ में मशीनगन की गोली लगी और वे गम्भीर रूप से घायल हो गये । बिना झिझके वे आगे बढ़ते रहे और उन्होंने दूसरे बंकर को भी बेअसर करने में सफलता पाई । जब वे अपनी कम्पनी को लौट रहे थे, उन्होंने अपने एक जवान को सुरंग क्षेत्र में घायल अवस्था में पड़े देखा । अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना वे सुरंग-क्षेत्र में घुस गये और उन्होंने अपने साथी को उठा लिया । जब वे घायल जवान को लेकर लौट रहे थे, उनका पैर एक सुरंग पर पड़ गया और पैर उड़ गया ।

इस कार्रवाई में, लांस नायक विशेश्वर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

169. 9408833 राइफलमैन धन बहादुर राय गोरखा
राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर 1971)

7 दिसम्बर, 1971 को पश्चिमी क्षेत्र में एक इलाके में कार्रवाई करने वाले हमारे सैनिकों पर शत्रु के हवाई जहाजों ने भारी हमला किया । हर उड़ान में शत्रु ने 6 से 8 तक हवाई जहाजों का प्रयोग किया और हमारे सैनिकों पर गोलीयां बरसाई और बमबारी की । इस तरह के एक हवाई हमले के दौरान राइफलमैन धन बहादुर राय अपनी खाई से बाहर निकल आये और अपनी हल्की मशीनगन से शत्रु के हवाई जहाज पर गोलीबारी की और एक मिग हवाई जहाज को मार गिराया । इस तरह उनकी वजह से दुश्मन का एक विमान चालक पकड़ा गया ।

इस कार्रवाई में, राइफलमैन धन बहादुर राय ने उच्चकोटि की वीरता, और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

170. 1038560 सवार जय सिंह
9वीं हार्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर 1971)

सवार जय सिंह, 4 दिसम्बर, 1971 को शुम्ब क्षेत्र में तैनात रेजिमेंट हैडक्वार्टर के टैंक गनर थे । उनके टैंक पर दुश्मन ने लगभग पूरी टैंक स्क्वैड्रन की मदद से हमला कर दिया । भारी गोलाबारी के बावजूद ये अपनी गन से अचूक गोलीबारी करते रहे और उन्होंने दुश्मन के 7 टी-59 टैंक और 1 रिकायललैस गन नष्ट कर दी । 5 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने दुबारा दुश्मन पर गोले बरसाये और उसके दो टैंक और तीन रिकायललैस गनें नष्ट कर दी । इन्ही

नुकसानों की वजह से, सवार जय सिंह, 'देवा अक्ष' पर दुश्मन की बढ़ती हुई बख्तर सेना को रोकने में सहायक हुये।

आद्योपान्त, सवार जय सिंह ने, उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया।

171. 12279927 सैपर दुर्गा शंकर
इंजीनियर्स कोर

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर 1972

12 दिसम्बर, 1971 को सैपर दुर्गा शंकर, राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन के इलाके में 27 किलोमीटर भीतर एक रसद गाड़ी को चला कर ले जा रहे थे तो उसी दौरान उन पर पाकिस्तान के 6 सैबर जेट जहाजों ने राकेट और दाहक बमों से हमला किया। एक दाहक बम उनसे केवल 2 मीटर परे गिरा, जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गये। लेकिन अपने घावों की परवाह न करके और दुश्मन की लगातार गोलीबारी के बावजूद गाड़ी को नुकसान से बचाने के लिये उन्होंने उसे उलटा चलाना शुरू किया। लेकिन पटरी टूटी होने की वजह से गाड़ी पटरी से उतर गई तो उन्होंने अपने घावों की डाक्टरी चिकित्सा से इंकार कर दिया और तुरंत अपने उच्च अधिकारी को इसकी सूचना देने के लिये वे पांच मील पैदल चल कर गये।

इस कार्रवाई के दौरान सैपर दुर्गा शंकर ने उच्चकोटि की वीरता, पहल-शक्ति और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

172. 1243715 गनर (आपरेटर रेडियो आर्टिलरी)
अजीत सिंह, आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर 1971)

गनर अजीत सिंह, 8 दिसम्बर, 1971 की रात को फाजिल्का क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर हमले के दौरान आगेवर्ती प्रेक्षण अफसरों की टोली के साथ रेडियो आपरेटर थे। प्रहार के दौरान उन्हें गोले की किर्च लगी और वे बुरी तरह घायल हुये। अपने घावों की तनिक परवाह किये बिना वे रेडियो सैट को बराबर औपरेट करते रहे और आदेशों को प्रसारित करते रहे, जिसकी वजह से दुश्मन पर तोपखाने की सही गोलाबारी की जा सकी

इस कार्रवाई में गनर अजीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

173. 4535016 पैराट्रूपर बैजनाथ शिन्दे
पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-11 दिसम्बर 1971)

11 दिसम्बर, 1971 की रात पैराट्रूपर बैजनाथ शिन्दे पैराशूट रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की राकेट लांचर टुकड़ी के साथ थे, जो पूर्वी क्षेत्र में एक मोर्चा सम्भाले हुये थी। जैसे ही सैन्य टुकड़ियां अपने मोर्चों पर पहुंची, दुश्मन की एक कान्वाय उस मोर्चे की ओर आती हुई देखी गई। पैराट्रूपर बैजनाथ शिन्दे ने एक गाड़ी पर गोली चलाई जिसकी वजह से 120 मिलीमीटर का मार्टर नष्ट हो गया और दुश्मन के 23 कार्मिक मारे गये। इस कार्रवाई के बाद भी वे दुश्मन पर गोलीबारी करते रहे जिससे उसकी भारी क्षति हुई। उस इलाके में वे सबसे आगे की खाई पर अधिकार किये हुये थे और उन्होंने अपनी प्लाटून पर होने वाले निश्चित प्रहारों का सबसे आगे रह कर मुकाबला किया। जब उनके प्लाटून कमाण्डर उनकी खाई तक आगे बढ़कर आये तो इसी बीच वे घायल हो गये। पैराट्रूपर शिन्दे अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना अपनी खाई से बाहर आये और अपने प्लाटून कमाण्डर को सुरक्षित स्थान पर ले आये। हालांकि उन्हें दुश्मन की गोली लग गई थी, फिर भी वे अपनी चौकी पर उस समय तक डटे रहे, जब तक कि दुश्मन का हमला विफल न कर दिया गया।

इस कार्रवाई में पैराट्रूपर बैजनाथ शिन्दे ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़निश्चय और कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

174. 2647494 ग्रेनेडियर राम कुमार
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर 1971)

ग्रेनेडियर राम कुमार ने शकरगढ़ क्षेत्र में ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन की आक्रामक संक्रियाओं में हिस्सा लिया। 16 दिसम्बर, 1971 की सुबह, जब उनकी कम्पनी आगे बढ़ रही थी तो उस पर दुश्मन के एक बंकर से मझोली मशीनगन की सही गोलीबारी पड़ने लगी। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करके ग्रेनेडियर राम कुमार रेंगकर बंकर तक पहुंचे और उसके अंदर की ओर गोलीबारी करने लगे। उन्होंने न सिर्फ गन को ही शान्त किया बल्कि उस गन को चलाने वाले तीन पाकिस्तानी सैनिकों को भी पकड़ लिया।

इस कार्रवाई में, ग्रेनेडियर राम कुमार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

175. 1043502 सवार मोहन सिंह
17वीं हार्स

सवार मोहन सिंह शकरगढ़ क्षेत्र में 'बसंतार नदी' की लड़ाई में 17वी हार्स की स्कवाड्रन के ट्रूप लीडर के टैंक के गनर थे। 16 दिसम्बर, 1971 को दुश्मन ने टैंकों से भयंकर जवाबी हमला किया। सवार मोहन सिंह ने, भारी दिक्कतों के बावजूद दुश्मन के कई टैंकों पर गोले बरसाये और उनमें से पांच को उन्होंने स्वयं नष्ट किया।

इस कार्रवाई में सवार मोहन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

176. 2658007 ग्रेनेडियर अमृत
ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर 1971)

16 दिसम्बर, 1971 को ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन की एक कम्पनी को शकरगढ़ क्षेत्र में दुश्मन के मोर्चों की टोह लेने का कार्य सौंपा गया था। जब ग्रेनेडियर अमृत चार और जवानों के साथ, अलग-थलग रह गये और एक गांव में दुश्मन से घिर गये, तो उन्होंने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना दुश्मन पर धावा बोला और तीन जवानों को मार गिराया।

इस कार्रवाई में, ग्रेनेडियर अमृत ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

177. 5840320 राइफलमैन उदय बहादुर खत्री
9वीं गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर 1971)

राइफलमैन उदय बहादुर खत्री, 9वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी के सदस्य थे। 14/15 दिसम्बर, 1971 की रात को उनकी कम्पनी को आदेश दिया गया कि वह उस कम्पनी को कुमुक पहुंचाये जिससे शकरगढ़ क्षेत्र में एक स्थान पर पहले अधिकार कर लिया था और दुश्मन के दो जबरदस्त जवाबी हमलों को विफल करने में उसके काफी जवान हताहत हुये थे जब उनकी कम्पनी लक्ष्य की तरफ बढ़ रही थी, तो उस पर किनारे पर बने दुश्मन के बंकर से मझोली मशीनगन का सही और घनी गोलीबारी होने लगी। राइफलमैन उदय बहादुर खत्री ने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना मशीनगन चौकी पर धावा बोला और चौकी पर एक हथगोला फेंका। लेकिन इससे भी गन शान्त न हो सकी। तब राइफलमैन उदय बहादुर खत्री मझोली मशीनगन चौकी तक रेंग कर गये और छिद्र से बंकर के अन्दर हथगोला फेंक कर गन को शान्त कर दिया।

इस कार्रवाई में राइफलमैन उदय बहादुर खत्री ने उच्चकोट की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

178. 361952 सिपाही रछपाल सिंह
सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

सिपाही रछपाल सिंह, सिख रेजिमेंट की एक बटालियन के कम्पनी-इलाके में तैनात उस रिकायललैस गन टुकड़ी के कर्मीदल में शामिल थे, जो छम्ब क्षेत्र में फागला टीले पर डटी हुई थी। 5 दिसम्बर, 1971 को, दुश्मन ने पक्के इरादे के साथ हमला कर दिया और कम्पनी के रक्षित इलाके में घुस आने में कामयाब हो गया। 8 पाकिस्तानी सैनिकों ने, रिकायललैस गन टुकड़ी को नष्ट करने के लिये उस पर धावा किया। दुश्मन से मुठभेड़ की लड़ाई लड़ने वालों में सिपाही रछपाल सिंह भी थे। उन्होंने गोलीमार कर और अपनी संगीन का इस्तेमाल करके 3 पाकिस्तानी सैनिकों को मार डाला और एक हल्की मशीनगन और दो राइफलों पर अधिकार कर लिया। परिणामस्वरूप दुश्मन तितिर-बितर होकर पीछे हट गया।

इस कार्रवाई के दौरान सिपाही रछपाल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

179. 1193311 गनर टेक राम
आर्टिलरी रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर 1971)

9 दिसम्बर, 1971 को राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर, कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन ने हमला किया, जिसके गनर टेक राम, अग्रिम प्रेक्षण अफसर की टोली के रेडियो चालक थे। दुश्मन के तोपखाने और छोटे हथियारों की भारी गोलाबारी के बावजूद गनर टेक राम ने रेडियो संचार बनाये रखा जिसकी वजह से हमारी तोपें दुश्मन के ठिकानों को बेअसर कर सकीं और हमला सफल हुआ।

इस पूरे हमले के दौरान, गनर टेक राम ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

180. 3364799 सिपाही सम्पूरन सिंह
सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर 1971)

सिपाही सम्पूरन सिंह, जम्मू और कश्मीर के क्षेत्र में एक रक्षित इलाके के आगे तैनात श्रवण चौकी (लिसनिंग पोस्ट) की टोली के सदस्य थे। जब दुश्मन इस रक्षित इलाके में पूरी बटालियन के साथ आ पहुंचा तो भी वे श्रवण चौकी पर डटे रहे और हल्की मशीनगन से दुश्मन पर गोलियां बरसाते रहे जिससे दुश्मन दो घंटे से भी ज्यादा देर तक हमला न कर सका। बुरी तरह जख्मी होने के बावजूद सिपाही सम्पूरन सिंह उस समय तक गोलियां चलाते रहे जब तक कि वे बेहोश न हो गये।

इस कार्रवाई में, सिपाही सम्पूरन सिंह ने उच्चकोटि के साहस दृढ़निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

181. 2756356 सिपाही कृष्णा जगदले,
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर 1971)

सिपाही कृष्णा गजगदले मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की उस कम्पनी में शामिल थे जिससे पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के ठिकाने पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। इस ठिकाने से दुश्मन को हटाने के लिये 'बी' कम्पनी की टैंकों का एक ट्रुप भी दिया गया था। हमले के दौरान इस कम्पनी पर दुश्मन की मशीनगन और तोपखाने की अत्यधिक गोलीबारी होने लगी जिससे उनका हमला रुक गया। अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुये सिपाही कृष्णा जगदले इस मझोली मशीनगन के बंकर की तरफ रगते हुये बढ़े और एक ग्रेनेड फेंक कर उसे शान्त कर दिया। इसके बाद वे अपनी हल्की मशीनगन से दुश्मन की बाकी मशीनगन चौकियों पर तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक कि उन्हें शान्त न कर दिया गया।

इस कार्रवाई में, सिपाही कृष्णा जगदले ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

182. 4444564 सिपाही बूटा सिंह
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर 1971)

सिपाही बूटा सिंह, सिख लाइट इंफैन्ट्री की बटालियन की एक कम्पनी के साथ थे, जिससे पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में तैनात किया गया था। वह कम्पनी एक इलाके पर अधिकार कर लेने के बाद पुनर्गठित हो रही थी कि दुश्मन ने तोपखाने और मार्टरों की गोलाबारी के साथ जवाबी हमला कर दिया। सिपाही बूटा सिंह ने दुश्मन के दो सैनिकों को नजदीक से देखा। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना वे अपनी खाई से बाहर निकले और कुल्हे से फायर शुरू कर दिया। उन्होंने दुश्मन के एक सैनिक को गोली से और दूसरे को संगीन से मार दिया। इस शौर्यपूर्ण कार्रवाई को देख कर उनके सैक्शन के दूसरे जवान खाइयों से निकल आये और हमलावर दुश्मन पर टूट पड़े जिससे दुश्मन के जवान भारी संख्या में हताहतर हुये और उसका हमला विफल हो गया।

इस कार्रवाई में, सिपाही बूटा सिंह ने उच्चकोटि की वीरता दृढ़निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

183. 2760210 सिपाही हनमन्त कृष्ण मोरे, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

सिपाही हनमन्त कृष्ण मोरे, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की उसी बटालियन की एक कम्पनी के साथ थे, जिसे पश्चिमी क्षेत्र में तैनात किया गया था। हमले के दौरान दुश्मन की एक मशीनी मशीनगन ने बाजू से गोली चलाना शुरू कर दिया जिससे हमारे बहुत से जवान हताहत हो गये। सिपाही हनमन्त कृष्ण मोरे ने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना मशीनी मशीनगन चौकी पर धावा बोल दिया और उसमें एक ग्रेनेड फेंका। इसके बाद वे खाई के अन्दर कूद गये और उन्होंने कर्मीदल को मार डाला। इस कार्रवाई में मशीनगन की गोलियों की बौछार से वे घायल हो गये। अपने घावों की परवाह किये बिना उन्होंने दुश्मन की एक मशीनी मशीनगन चलानी शुरू कर दी और पीछे भागते हुए दुश्मन पर गोलीबारी की जिससे भारी संख्या में दुश्मन हताहत हुआ।

इस कार्रवाई में सिपाही हनमन्त कृष्ण मोरे ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

184. 4440674 सिपाही कचरू साल्वे, महार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-11 दिसम्बर, 1971)

10/11 दिसम्बर, 1971 की रात में शकरगढ़ क्षेत्र के एक स्थान में महार रेजिमेंट की एक बटालियन को दुश्मन के एक मोर्चे पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। इस मजबूत किलाबन्द मोर्चे पर दुश्मन भारी संख्या में था और इसकी सुरक्षा के लिये गहरा सुरंग क्षेत्र भी बना रखा था। प्रहार करने वाली कम्पनियों पर दुश्मन ने तोपखाने और छोटे हथियारों की घनी गोलाबारी की परन्तु फिर भी वे लक्ष्य पर अधिकार करने में सफल हुई। इस प्रहार के दौरान बहुत से जवान हताहत हुए जिनमें बहुत से जवान सुरंग क्षेत्र में पड़े हुए थे। प्रातः होते ही यह देखा गया कि एक सिपाही सुरंग क्षेत्र में जिन्दा पड़ा है एक जूनियर कमीशन्ड अफसर के अधीन एक छोटी गश्त को उसे निकालने के लिए भेजा गया परन्तु दुश्मन के ठिकानों से बगली भागों पर छोटे हथियारों से गोलाबारी होने के कारण ये आगे न बढ़ सके। ऐसे समय सिपाही कचरू साल्वे ने यह समझ कर कि देरी होने से उसका साथी न बच पाये, सुरंग क्षेत्र में जाने और घायल जवान को निकालने के लिये स्वयं को प्रस्तुत किया। वे सुरंग क्षेत्र में घुस गये और दुश्मन की मशीनी मशीनगन की गोलाबारी की परवाह न करते हुए घायल सिपाही को सुरक्षित ले आने में सफल हुए।

इस कार्रवाई में सिपाही कचरू साल्वे ने उच्चकोटि की वीरता, और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

185. 3365976 सिपाही मोहन सिंह, सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

सिपाही मोहन सिंह, 13 दिसम्बर, 1971 को राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन के इलाके पर हमारी प्रहार कर रही कम्पनियों में से एक के साथ थे। जैसे ही उनकी प्लाटून लक्ष्य के नजदीक पहुंची, दुश्मन ने उस पर बगल में लगी मशीनगन से सही और घनी गोली बारी शुरू कर दी। सिपाही मोहन सिंह ने, अपनी जान की परवाह किये बिना एक और सिपाही को साथ लेकर दुश्मन की मशीन चौकी पर धावा बोल दिया। ऐसा करते समय उनकी बाईं टांग में दुश्मन की एक मशीनी मशीनगन की गोली आ लगी और वे बुरी तरह जख्मी हो गये। जख्मों पर ध्यान दिये बिना वे दुश्मन के बंकर तक रेंग कर गये; छिद्र में से अंदर ग्रेनेड फैंक कर, दुश्मन के तीन तीन जवानों को मार दिया और मशीनी मशीनगन को शान्त कर दिया। इस कार्रवाई के बाद उनकी कम्पनी ने लक्ष्य पर अधिकार कर लिया।

इस कार्रवाई में, सिपाही मोहन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

186. 3554638 एन० सी० (ई०) मंगत राम, सिख रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि— 4 दिसम्बर, 1971)

एन०सी० (ई०) मंगत राम, उस कम्पनी के सदस्य थे जो जम्मू और कश्मीर के क्षेत्र में एक रक्षित इलाके में डटी हुई थी। दुश्मन ने एक बटालियन की ताकत से और भारी तोपखाने के साथ इस इलाके पर बार-बार हमले किये। अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना वे दुर्गम पहाड़ी भूभाग से अग्रिम रक्षित इलाकों में गोला बारूद बराबर पहुंचाते रहे।

इस कार्रवाई में एन० सी० (ई०) मंगत राम ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

187. 2951940 सिपाही उदय राज सिंह, राजपूत रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि— 11 दिसम्बर, 1971)

11 दिसम्बर, 1971 को, सिपाही उदय राज सिंह राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ थे। इस कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक ठिकाने पर हमला करने का काम सौंपा गया। हमले के लिये यह कम्पनी जैसे ही लक्ष्य से आधी दूर पहुंची तो दुश्मन ने मशीनगन से भारी गोलाबारी शुरू कर दी। सिपाही उदय राज सिंह, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना आगे बढ़े और मोर्चा जमाकर दुश्मन की मशीनगन पर गोलाबारी शुरू कर दी। बाद में, वे बंकर की ओर बढ़े और अन्दर कूद कर कर्मीदल को मार दिया। इसके बाद अपने सैक्शन के साथ बंकर-बंकर में लड़ते हुए लक्ष्य पर अधिकार करने में उन्हीं की बदौलत सफलता मिली।

इस कार्रवाई में सिपाही उदय राज सिंह ने उच्चकोटि के दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

188. 4156190 सिपाही गंगा सिंह कुमायूं रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसम्बर, 1971)

14 दिसम्बर, 1971 को सिपाही गंगा सिंह कुमायूं रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ लाइट मशीन गनर थे। इस कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में मैनामती छावनी पर हमला करने का काम सौंपा गया। दुश्मन की मशीनगन और तोपखाने के भारी गोलाबारी के कारण यह कम्पनी रुकी रही। सिपाही गंगा सिंह, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना, दुश्मन की

मशीनगन के बंकर पर रेंग कर गये और अपनी लाइट मशीनगन द्वारा बंकर के सूराख में गोली चला कर बंकर के अन्दर दुश्मन को मार दिया। बंकर-बंकर जा कर उन्होंने तीन बंकर साफ कर दिये। इसके बाद वे रेंगकर आगे बढ़े और तीन हताहतों के पास पहुंचे और दुश्मन के तोपखाने व मशीनगन की भारी गोलाबारी के बावजूद उन्हें वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर ले आए।

इस कार्रवाई में, सिपाही गंगा सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

189. 5744329 राइफलमैन पदम बहादुर थापा,
8वीं गोरखा राइफल्स,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

6 दिसम्बर, 1971 को राइफलमैन पदम बहादुर थापा, गोरखा राइफल्स की बटालियन की एक कम्पनी के साथ थे। इस कम्पनी को पश्चिमी क्षेत्र में दुश्मन के एक ठिकाने पर हमला करने का काम सौंपा गया। बाजू से फायर करती हुई दुश्मन की मशीनगन से हमारे जवान हताहत होने लगे जिससे हमले की प्रगति रुक गई। राइफलमैन पदम बहादुर थापा, अपनी खुकरी निकालकर दुश्मन के मोर्चे की ओर लपके और उन्होंने मशीनगन के चालक को मार दिया इसके बाद उन्होंने दुश्मन की चौकी के अन्य चार सैनिकों पर हमला किया और उन सभी को मार दिया।

इस कार्रवाई में, राइफलमैन पदम बहादुर थापा ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

190. सहायक कम्पनी कमाण्डर जी० वी० वेलंकर

सहायक कम्पनी कमाण्डर जी० वी० वेलंकर ने पूर्वी क्षेत्र के किसी स्थान में अपनी कम्पनी का आगे बढ़ने में, साहस और आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व किया। दुश्मन ने अपनी एक चौकी से जबरदस्त गोलाबारी करके कम्पनी को आगे बढ़ने से रोक दिया। यह एक मजबूत किलाबंद मोर्चा था और यहां पाकिस्तान स्पेशल सर्विस ग्रुप के आदमी अधिक संख्या में मौजूद थे। अपनी सुरक्षा की परवाह किये बिना दुश्मन के मोर्चे पर धावा करने में उन्होंने अपने जवानों का नेतृत्व किया और भयंकर लड़ाई लड़कर उस पर अधिकार कर लिया।

इस कार्रवाई में सहायक कम्पनी कमाण्डर जी० वी० वेलंकर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

191. श्री चन्दन सिंह चन्देल (1265)
सहायक कमांडेंट,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री चन्दन सिंह चन्देल, सीमा सुरक्षा दल के बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। 10 दिसम्बर, 1971 को कच्छ क्षेत्र में स्थित दुश्मन की मजबूती से किलेबन्द मोर्चे पर उनकी कम्पनी ने हमला किया। दुश्मन के पास मार्टर, मशीनगनें और टैंक-रोधी हथियार थे। हमले के दौरान दुश्मन ने उनकी कम्पनी पर भारी और संकेन्द्रित गोलाबारी की और उन्हें वहीं रोक दिया। वह अपनी जान की तनिक परवाह न करते हुए एक मोर्चे से दूसरे मोर्चे तक गये और अपने जवानों को हमले का दबाव बढ़ाने के लिये उकसाते और उत्साहित करते रहे। उनके प्रेरणादायक नेतृत्व और निजी उदाहरण का लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ा हाथ था।

इस कार्रवाई में श्री चन्दन सिंह चन्देल ने उदाहरणीय साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

192. श्री अजीत सिंह,
सब-इंस्पेक्टर 66232027,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री अजीत सिंह पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं के दौरान पश्चिमी क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर हमले के दौरान प्रहार सैन्यदलों के साथ थे। हमारे बढ़ते हुये सैनिकों पर दुश्मन की मझौली मशीनगनें बहुत ही निकट से गोलीबारी करने लगीं। अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए वे एक मझौली मशीन गन मोर्चे की तरफ लपके और दुश्मन के हाथों से हथियार छीन कर उसे मार डाला। समय पर मझौली मशीनगन को नष्ट करके श्री अजीत सिंह ने हमले को सफल बनाया।

इस कार्रवाई में श्री अजीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

193. श्री हरी सिंह,
हैड कांस्टेबल 68176022,
सीमा सुरक्षा दल।

14 दिसम्बर, 1971 को कम्पनी के हैड कांस्टेबल हरी सिंह को राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी से आगे आवरण चौकी स्थापित करने का आदेश दिया गया था। जब वह अपनी चौकी में चले गये तो 50-60 पाकिस्तानी रेंजर्स और अस्थायी सैनिकों ने मझौली मशीन गनों से हमला कर दिया। दुश्मन की भारी गोलाबारी के बावजूद श्री हरी सिंह ने अपने जवानों को डटे रहने के लिये प्रोत्साहित किया और जब तक और कुमुक नहीं पहुंच गई, उन्होंने दुश्मन को रोके रखा। बाद में दुश्मन ने इस चौकी पर दबाव बढ़ा दिया जिससे आवरण चौकी को कुमुक पहुंचाना कठिन हो गया। भारी गोलाबारी और दुश्मन के हमले का दबाव बढ़ने के बावजूद श्री हरी सिंह ने कड़ा मुकाबला किया और अपनी चौकी पर डटे रहे।

इस कार्यवाही में, हैड कांस्टेबल हरी सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

194. 67276037 नायक चानन सिंह,
सीमा सुरक्षा दल।

नायक चानन सिंह, पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं के दौरान पश्चिमी क्षेत्र के एक स्थान में सीमा सुरक्षा दल की बटालियन के आवरण चौकी के एक सैक्शन की कमान कर रहे थे। 3/4 दिसम्बर, 1971 को काफी ज्यादा तादाद में दुश्मन ने तोपखाने की भारी गोलाबारी की मदद से इस चौकी पर सात बार हमले किये। हमले के दौरान अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुये वह अपने बंकर से बाहर निकल आये और दुश्मन पर अत्यन्त निकट परास से गोलाबारी करने लगे जिससे दुश्मन के काफी जवान हताहत हो गये। उनकी इस कार्रवाई से उनके

जवानों को प्रेरणा मिली और उन्होंने वीरतापूर्वक लड़कर हमले को विफल कर दिया। इस के बाद दुश्मन ने इस चौकी पर 6 बार और हमला करके तेज गोलाबारी की, पर नायक चानन सिंह के प्रेरणादायक नेतृत्व के कारण उनके सैक्शन के जवानों ने दुश्मन के सब हमलों को बेकार कर दिया।

आद्योपान्त, नायक चानन सिंह ने साहस, नेतृत्व और उच्च-कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 1972

सं० 95—प्रेज/72—राष्ट्रपति सन् 1972 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निम्नांकित अधिकारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान करते हैं :—

श्री प्रदीप चन्द्र दास,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
असम।

श्री राजेश्वर लाल,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
बिहार।

श्री ताराक्कद सुब्रहमण्य वेंकटाचलम,
पुलिस अधीक्षक, कोट्टायम्
केरल।

श्री गणेश सिंह,
पुलिस अपर महा निरीक्षक,
राजस्थान।

श्री नटेशन कृष्णस्वामी,
पुलिस उप महा निरीक्षक, (स्थानापन्न)
तामिल नाडु।

श्री सैयद अख्तर अब्बास,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी,
उत्तर प्रदेश।

श्री सुनीति भूषण सरकार,
पुलिस सहायक आयुक्त,
पश्चिम बंगाल।

श्री जगदीश चन्द्र सरकार,
पुलिस उप निरीक्षक,
अपराध इंटैलिजेंस अनुभाग,
पश्चिम बंगाल।

श्री यशवंत महादेव देशपांडे,
पुलिस उप अधीक्षक,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री श्रवण टंडन,
पुलिस महा निरीक्षक,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री आर० के० मेहरा,
कमान्डेन्ट
14वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री अरथील कडेंथ माधवन नाम्बियर,
संयुक्त निदेशक,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

2. ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक से संबन्धित नियमों के नियम 4(ii) के अंतर्गत दिए जा रहे हैं।

सं० 96—प्रेज/72—राष्ट्रपति सन् 1972 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निम्नांकित अधिकारियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

श्री प्यापिली वेणु गोपाला कृष्णमाचारयुलु,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
वारंगल,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री सम्बतुरु वीरनारायण रेड्डी,
पुलिस अधीक्षक,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री मर्यादा महेन्द्र रेड्डी,
पुलिस अधीक्षक,
करनूल,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री पलाचोला वेंकट रंगय्या नायडू,
पुलिस उप आयुक्त,
हैदराबाद,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री एराबेली संपत कुमार राव,
पुलिस सहायक महा निरीक्षक,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री बोलमपल्ली श्रीकान्त रेड्डी,
पुलिस अधीक्षक,
मैसूर,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री आमत्र केलोथ चिन्दन नाम्बियार,
कमांडेंट, उरी बटालियन,
ए० पी० एस० पी०, काकीनाडा,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री गंगीरेड्डी राघव रेड्डी,
कमांडेंट, होम गार्ड,
अपराध विभाग में विशेष ड्यूटी पर,
हैदराबाद,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री कंचेरला वेंकट लक्ष्मी नरसिम्हावीरभद्र राव,
पुलिस निरीक्षक,
हैदराबाद,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री वादरेवु रामचन्द्रवु,
पुलिस निरीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री कसरला गोविन्द रेड्डी,
पुलिस निरीक्षक,
हैदराबाद,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री मुल्लम बाबूराव,
पुलिस उप निरीक्षक,
आन्ध्र प्रदेश।

श्री नरेन्द्र नाथ बरसेकिया,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
पूर्वी रेंज,
असम।

श्री कंवर पाल सिंह गिल,
पुलिस अधीक्षक,
जिला कामरूप,
असम।

श्री मदन राम चौधरी,
पुलिस अधीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोध शाखा,
असम।

श्री क्षितीश रंजन मजूमदार,
पुलिस उप अधीक्षक,
डी० एस० बी०, डिब्रूगढ़,
असम।

श्री नरेन्द्र कुमार दास,
पुलिस निरीक्षक,
6वीं असम पुलिस बटालियन,
असम।

श्री सिधेश्वर बरुआ,
पुलिस निरीक्षक,
जिला विशेष शाखा,
असम।

श्री अखिलेन्द्र नाथ त्रिवेदी,
पुलिस अधीक्षक,
पुर्णिया,
बिहार।

श्री सहदेव राम,
पुलिस अधीक्षक,
मुंगेर,
बिहार।

श्री कृष्णदेव सिंह,
पुलिस अधीक्षक,
शाहाबाद,
बिहार।

श्री सैयद मुजफ्फर अहसान,
पुलिस उप अधीक्षक,
बिहार।

श्री कृष्णदेव प्रसाद सिन्हा,
पुलिस उप अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
बिहार।

श्री बच्चा प्रसाद सिन्हा,
पुलिस उप निरीक्षक,
बिहार।

श्री बालेश्वर तिवारी,
पुलिस सहायक उप निरीक्षक,
बिहार।

श्री हसन सज्जाद बख्शी,
पुलिस सहायक उप निरीक्षक,
बिहार।

श्री लोपसा हेम्ब्रम,
हवलदार, धुमका,
बिहार।

श्री कलीम खान,
कांस्टेबल सं० 650,
बिहार।

श्री छत्रसिंह फतेहसिंह सोलंकी,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
बुलसार,
गुजरात।

श्री रमण लाल रणछोड़जी देसाई,
पुलिस निरीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो,
गुजरात।

श्री जीत बहादूर सिंह दुर्गाविक्षसिंह,
निरस्त्र तृतीय श्रेणी हैड कांस्टेबल,
गुजरात।

श्री जगतसिंह अमरसिंह जदेजा,
निरस्त्र तृतीय श्रेणी हैड कांस्टेबल,
गुजरात।

श्री राजेन्द्र सिंह दलपतसिंह वाघेला,
निरस्त्र हैड कांस्टेबल, (स्थानापन्न)
गुजरात।

श्री श्रीकान्त छगनलाल शर्मा,
पुलिस निरीक्षक,
भ्रष्टाचार निरोध ब्यूरो,
सूरत,
गुजरात।

श्री जीवनभाई गेमलभाई मोतावर,
निरस्त्र तृतीय श्रेणी हैड कांस्टेबल,
गुजरात।

श्री इकबाल सिंह,
पुलिस उप अधीक्षक, (स्थानापन्न)
पानीपत,
हरियाणा।

श्री नरंजन सिंह,
अभियोजक निरीक्षक,
विशेष जांच ऐजेन्सी,
हरियाणा।

श्री राम चन्द्र,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
हरियाणा।

श्री रोशन लाल,
पुलिस उप निरीक्षक, (स्थानापन्न)
अपराध अनुसंधान विभाग,
हरियाणा।

श्री शांति स्वरूप आनन्द,
पुलिस निरीक्षक,
इन्वार्ज जिला विशेष शाखा,
जम्मू व कश्मीर।

श्री मीतल वीतिल कैसरी पद्मनाभन् नाम्बियार,
पुलिस उप अधीक्षक,
केरल।

श्री चकोला थामस एंटोनी,
पुलिस उप अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
केरल।

श्री वेलुवा पुटी वीत्तिल बालकृष्णन् नाम्बियार,
सशस्त्र पुलिस निरीक्षक,
केरल।

श्री कारत पोलियेदेथ करुणाकरन् नायर,
सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक,
मालाबार विशेष पुलिस,
केरल।

श्री कुन्नथ करुणकार मैनन,
सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक,
केरल।

श्री कल्लिवल्लपु वेलायुधन नायर,
पुलिस उप निरीक्षक,
केरल।

श्री चोलासारिल कुन्हालनकुट्टी मूसा,
हैड कांस्टेबल,
केरल।

श्री नेचीकदन चंदू,
पुलिस कांस्टेबल,
केरल।

श्री कलीम हमीद रिजवी,
पुलिस उप अधीक्षक,
मध्य प्रदेश।

श्री सत्य देव दीक्षित,
पुलिस मण्डल निरीक्षक,
मध्य प्रदेश।

श्री गिरीश कुमार तिवारी,
पुलिस नगर निरीक्षक,
जबलपुर,
मध्य प्रदेश।

श्री मोहन सिंह,
पुलिस मण्डल निरीक्षक,
बिजावर,
मध्य प्रदेश।

श्री गुरवीर सिंह
पुलिस नगर निरीक्षक, सागर,
मध्य प्रदेश।

श्री दौलत राव काकड़े,
पुलिस माण्डल निरीक्षक, रतलाम,
मध्य प्रदेश।

श्री चन्द्र सिंह नेगी,
कम्पनी कमांडर,
2री बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
मध्य प्रदेश।

श्री शेख अकबर गुल मोहम्मद,
पुलिस सहायक उप निरीक्षक, खंडवा,
मध्य प्रदेश।

श्री पीतम सिंह,
हैड कांस्टेबल सं० 390,
जिला गुना,
मध्य प्रदेश।

श्री केशर सिंह,
कांस्टेबल सं० 443,
10वीं बटालियन,
विशेष सशस्त्रदल, सागर,
मध्य प्रदेश।

श्री रमाकान्त शेषगिरि कुलकर्णी,
पुलिस उप आयुक्त,
बृहत्तर बंबई,
महाराष्ट्र।

श्री जलियो फांसिस रिबीरो,
पुलिस उप आयुक्त,
बृहत्तर बम्बई,
महाराष्ट्र।

श्री निंगप्पा गंगाधरप्पा येक्कुडी,
पुलिस निरीक्षक,
पुलिस प्रशिक्षण कालिज, नाशिक,
महाराष्ट्र।

श्री रामचन्द्र पीरजी चव्हाण,
पुलिस निरीक्षक पूना,
महाराष्ट्र।

श्री अरविन्द गोविन्द पटवर्धन,
प्रवरण श्रेणी उप निरीक्षक,
बृहत्तर बंबई,
महाराष्ट्र।

श्री मुहम्मद इस्माईल मुहम्मद यासीन कादरी,
आरक्षित उप निरीक्षक
महाराष्ट्र।

श्री गोविन्द सीताराम सावन्त,
निरस्त्र हैड कांस्टेबल,
महाराष्ट्र।

श्री मधुकर शंकर लोहगांवकर,
निरस्त्र हैड कांस्टेबल,
भ्रष्टाचार निरोध तथा नशाबंदी इंटलिजेंस ब्यूरो,
महाराष्ट्र।

श्री ब्रह्मावर रत्नाकर राय,
पुलिस उप आयुक्त,
बैंगलौर,
मसूर।

श्री पी० एम० डी'सोजा,
पुलिस उप अधीक्षक,
मैसूर।

श्री बंगलौर कोलय्या नायडू वेंकटचलम,
पुलिस निरीक्षक,
मैसूर।

श्री अनन्त दत्तात्रेय नायक,
पुलिस निरीक्षक, शिमोगा,
मैसूर।

श्री कुल्लेतिरे बोपाया अप्पाचू,
पुलिस निरीक्षक,
मैसूर।

श्री चिकमगलूर वासप्पा नागप्पा,
हैड कांस्टेबल सं० 66,
मैसूर।

श्री के० मुंडप्पा शेट्टी,
पुलिस कांस्टेबल,
मैसूर।

श्री निरोदबिहारी मोहंती,
पुलिस अधीक्षक,
सतर्कता II, केन्द्रीय खंड,
कटक,
उड़ीसा।

श्री गोदावरीश मिश्र,
पुलिस उप अधीक्षक,
उड़ीसा। (स्थानापन्न)

श्री रंगधर सर,
पुलिस निरीक्षक,
विशेष शाखा, कटक,
उड़ीसा।

श्री शशिभूषण मिश्र,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
उड़ीसा।

श्री मुहम्मद मुजीबुर्रहमान,
पुलिस निरीक्षक,
सर्तकता, सम्बलपुर,
उड़ीसा।

श्री हरजीत सिंह,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
पंजाब।

श्री कृष्ण कुमार,
पुलिस सहायक महानिरीक्षक,
पंजाब।

श्री अमृतलाल वडेरा,
अभियोजक पुलिस उप अधीक्षक, (स्थानापन्न)
पंजाब।

श्री शिव चरण सिंह,
पुलिस उप निरीक्षक,
पंजाब।

श्री देवा सिंह,
पुलिस उप अधीक्षक,
राजस्थान।

श्री महताब सिंह,
पुलिस उप अधीक्षक, (स्थानापन्न)
राजस्थान।

श्री कुनेरू भास्कर,
पुलिस उप आयुक्त,
कानून एवं व्यवस्था (उत्तर), मद्रास,
तामिल नाडू।

श्री वलावीत्तित बालकृष्ण मैनन,
पुलिस उप अधीक्षक, (स्थानापन्न)
सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोध निदेशालय, मद्रास,
तामिल नाडू।

श्री कृष्णास्वामी स्वामी नायडू,
पुलिस उप अधीक्षक (स्थानापन्न)
अपराध अनुसंधान विभाग,
तामिल नाडु।

श्री एकाम्बर श्रीनिवासन,
पुलिस निरीक्षक, मद्रास,
तामिल नाडू।

श्री रामकृष्ण पिल्लै वेंकटेशन,
पुलिस निरीक्षक, मद्रास,
तामिल नाडू।

श्री अर्जुन मीनाक्षी सुन्दरम् सुब्रमण्यम्,
पुलिस निरीक्षक (स्थानापन्न)
अपराध अनुसंधान विभाग,
तामिल नाडु।

श्री कोप्पुकुट्टी नायर कृष्णन् उन्नी,
एडजुटेंट निरीक्षक,
तामिल नाडु विशेष पुलिस II बटालियन,
तामिल नाडु।

श्री रामस्वामी उडयार मुनुस्वामी,
पुलिस उप निरीक्षक,
कोयम्बटूर,
तामिल नाडु।

श्री पुन्नुस्वामी नरसिंहम्,
आरक्षित उप निरीक्षक, (स्थानापन्न)
तामिल नाडु।

श्री पोन्नय्या पिल्लै अंतोनीस्वामी,
हैड कांस्टेबल सं० 1234,
ज़िला तिरुनिलवेली,
तामिल नाडु।

श्री अरुणाचलम् पिल्लै पिच्चीमुतु,
पुलिस कांस्टेबल सं० 699/एम० यू०,
मदुराई शहरी जिला,
तामिल नाडु।

श्री हरिपद मजूमदार,
पुलिस उप अधीक्षक,
त्रिपुरा।

श्री निरापद गण चौधरी,
उप कमांडेंट
टी० ए० पी० बटालियन,
त्रिपुरा।

श्री श्याम लाल,
पुलिस अधीक्षक,
मुरादाबाद,
उत्तर प्रदेश।

श्री जमुना नारायण अवस्थी
पुलिस अधीक्षक,
सीतापुर,
उत्तर प्रदेश।

श्री अवतार नारायण कौल,
पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक,
लखनऊ,
उत्तर प्रदेश।

श्री मिर्ज़ा बाकर हुसैन,
सहायक कमांडेंट,
14वीं बटालियन,
प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी,
उत्तर प्रदेश।

श्री सैयद मोहम्मद आबिद,
पुलिस उप अधीक्षक, (स्थानापन्न)
अपराध अनुसंधान विभाग,
उत्तर प्रदेश।

श्री श्रीश चन्द्र पांडे,
पुलिस उप अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश। (स्थानापन्न)

श्री इकबाल अहमद सिद्दीकी, (स्थानापन्न)
वरिष्ठ लोक अभियोजक,
उत्तर प्रदेश।

श्री सैयद इल्तजा अली किरमानी,
पुलिस उप अधीक्षक, (स्थानापन्न)
पुलिस रेडियो अनुभाग,
उत्तर प्रदेश।

श्री काशी प्रसाद शुक्ल,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
अपराध अनुसंधान विभाग,
उत्तर प्रदेश।

श्री बालक राम वर्मा,
पुलिस डिप्टी इंस्पेक्टर (एम),
उत्तर प्रदेश।

श्री शिव सिंह,
हैड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस,
उत्तर प्रदेश।

श्री अमर बहादुर सिंह,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
सतर्कता संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

श्री वी० राबिन्सन,
पुलिस सहायक आयुक्त,
पश्चिम बंगाल।

श्री अमूल्य कुमार चक्रवर्ती,
पुलिस निरीक्षक, दार्जिलिंग,
पश्चिम बंगाल।

श्री सुखेन्दु सरकार,
पुलिस निरीक्षक,
जिला प्रवर्तन शाखा, मिदनापुर,
पश्चिम बंगाल।

श्री विनयेन्द्र नाथ चक्रवर्ती,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
पश्चिम बंगाल।

श्री सीतेश चन्द्र सान्याल,
पुलिस निरीक्षक,
पश्चिम बंगाल।

श्री ध्रुव नाथ गुप्त,
पुलिस निरीक्षक,
गुप्तचर विभाग,
पश्चिम बंगाल।

श्री मानवेन्द्र नाथ दत्त,
पुलिस निरीक्षक, (स्थानापन्न)
पश्चिम बंगाल।

श्री सनत कुमार बनर्जी,
ब्रिग्रेड आरक्षिन निरीक्षक,
कलकत्ता सशस्त्र पुलिस,
पश्चिम बंगाल।

श्री विनय कुमार मुखर्जी,
पुलस उप निरीक्षक,
गुप्तचर विभाग, कलकत्ता,
पश्चिम बंगाल।

श्री हरिदास बनर्जी,
पुलिस उप निरीक्षक, (स्थानापन्न)
पश्चिम बंगाल।

श्री अतुल चन्द्र तालुकदार,
पुलिस उप निरीक्षक, (स्थानापन्न)
कलकत्ता,
पश्चिम बंगाल।

श्री विश्वनाथ मुखर्जी,
पुलिस उप निरीक्षक,
जिला इंटैलिजेंस शाखा,
दार्जिलिंग,
पश्चिम बंगाल।

श्री ननी गोपाल बनर्जी,
पुलिस उप निरीक्षक,
पश्चिम बंगाल।

श्री नरेन्द्र चन्द्र डे,
हैड कांस्टेबल सं० 163,
हावडा,
पश्चिम बंगाल।

श्री चितरंजन पंडित,
हैड कांस्टेबल सं० 310,
हावडा,
पश्चिम बंगाल।

श्री परितोष कुमार चटर्जी,
पुलिस उप निरीक्षक,
कलकत्ता,
पश्चिम बंगाल।

श्री अरुण कुमार सेनगुप्त,
सार्जेंट, कलकत्ता पुलिस,
पश्चिम बंगाल।

श्री शिव प्रसाद ओझा,
कांस्टेबल सं० 10181, कलकत्ता,
पश्चिम बंगाल।

श्री राम सेवक पाठक,
कांस्टेबल सं० 10589,
पश्चिम बंगाल।

श्री कमल कृष्ण गुहा,
पुलिस अधीक्षक, मालदा,
पश्चिम बंगाल।

श्री शिव प्रसाद मुखर्जी,
पुलिस अपर अधीक्षक,
पश्चिम दीनाजपुर,
पश्चिम बंगाल।

श्री राम कुमार ओहरी,
पुलिस अधीक्षक,
दिल्ली।

श्री भगवान दास,
पुलिस उप अधीक्षक,
दिल्ली।

श्री तिलक राज आनन्द,
पुलिस निरीक्षक,
दिल्ली।

श्री रामचन्द्र,
पुलिस उप अधीक्षक,
दिल्ली।

कर्नल आर० एन० बनर्जी,
उप महा निरीक्षक, त्रिपुरा,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री सुखदेव सिंह गिल,
सहायक कमांडेंट,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री किशन सरन सिंह,
सहायक कमांडेंट,
1ली बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री प्यारा सिंह,
निरीक्षक,
58वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री शिव सिंह,
निरीक्षक, (स्थानापन्न)
17वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री गोविन्द राव रामचन्द्रन,
पुलिस अधीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री तेजेन्द्र सिंह,
पुलिस उप अधीक्षक,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो.

श्री नटवर सिंह बखतसिंह जडेजा,
पुलिस उप अधीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री राम अवतार त्रिवेदी,
पुलिस उप अधीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री सुदेश कुमार दुआ,
पुलिस उप अधीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री चन्द्र नाथ मुखर्जी,
पुलिस उप अधीक्षक,
आर्थिक अपराध खंड, कलकत्ता
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री कुइयलिल कोवन भारतन,
पुलिस उप अधीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री तरलोक सिंह भिंडर,
लोक वरिष्ठ अभियोजक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री वीरापल्ली राजगोपाल रेड्डी,
पुलिस निरीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री विनायक तातोबा सावंत,
पुलिस निरीक्षक,
आर्थिक अपराध खंड,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

श्री कहीरमपोकिल अहमदकुट्टी मुहम्मद
पुलिस निरीक्षक,
विशेष पुलिस संस्थान,
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

ब्रिगेडियर के० एम० पंडलेई,
उप निदेशक (संक्रिया),
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री बलोत्तम शर्मा,
पुलिस उप महा निदेशक,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री जितेन्द्र कुमार सेन,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल उमराव सिंह,
प्रिंसिपल, केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज 1,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री वामन राव पवार,
पुलिस उप अधीक्षक,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री डी० एस० पाल,
प्रिंसिपल, रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र II,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री जागीर सिंह चीमा,
पुलिस उप अधीक्षक,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री के० एम० सुब्बा,
पुलिस उप अधीक्षक,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री नवल सिंह,
सूबेदार मेजर,
6वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री सरदारा सिंह,
जमादार,
51वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री चूडामणि खत्री,
जमादार,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

श्री ओंकार सिंह,
उप महा निरीक्षक,
मंत्रिमंडल सचिवालय।

श्री नारायण सिंह भट्टी,
वरिष्ठ प्रशिक्षक,
मंत्रिमंडल सचिवालय।

श्री गोविन्द सिंह बिष्ट,
उप निरीक्षक,
मंत्रिमंडल सचिवालय।

श्री तुषार दत्त,
पुलिस उप महा निरीक्षक, (स्थानापन्न)
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल।

श्री जोजफ गोम्स,
सहायक कमांडेंट, (स्थानापन्न)
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल।

श्री भगत सिंह,
उप महा निरीक्षक,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

श्री लक्ष्मी चन्द,
जमादार,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

श्री सत्य देव सहगल,
उप केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी,
सबसिडियरी इंटैलिजेंस ब्यूरो, शिमला,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री वेणुगोपालशंकर कल्याणपुरकर,
उप केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी,
सबसिडियरी इंटैलिजेंस ब्यूरो, बंबई,
इंटैलीजेंस ब्यूरो।

श्री सुभाष चन्द्र टंडन,
संयुक्त उप निदेशक,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री जसवंत सिंह प्रताप सिंह रघुवंशी,
सहायक केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी ग्रेड–1,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री सुधीन्द्र नाथ गुप्त,
संयुक्त उप निदेशक,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री गजेन्द्र प्रसाद दुबे,
सहायक केंद्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी ग्रेड–2,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री बाबूलाल दुबे,
उप केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी,
सबसिडियरी इंटैलिजेंस ब्यूरो, भोपाल,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री अमृत कुमार छावड़ा,
सहायक केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी ग्रेड–1,
सबसिडियरी इंटैलिजेंस ब्यूरो, जम्मू एवं कश्मीर,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री सुकोमल कांति घोष,
उप केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी,
सबसिडियरी इंटलिजेंस ब्यूरो, त्रिपुरा,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री जगदीश चन्द्र शर्मा,
उप केन्द्रीय इंटैलिजेंस अधिकारी, लेह,
इंटैलिजेंस ब्यूरो।

श्री प्रेम नारायण मेहरोत्रा,
अग्नि शमन उप सलाहकार,
गृह मंत्रालय।

श्री राम शंकर गुप्त,
निदेशक,
राष्ट्रीय अग्नि शमन सेवा कालिज, नागपुर,
गृह मंत्रालय।

श्री हरीश चन्द्र सिंह,
मुख्य सुरक्षा अधिकारी,
पश्चिमी रेलवे,
रेल मंत्रालय।

श्री इन्द्र सिंह,
सुरक्षा अधिकारी,
उत्तरीय रेलवे,
रेल मंत्रालय।

श्री मधुकर यशवंत सावंत,
सहायक सुरक्षा अधिकारी,
पश्चिमी रेलवे,
रेल मंत्रालय।

श्री दिनेश मुखर्जी,
एडजुटेंट,
पहली बटालियन,
रेलवे सुरक्षा विशेष दल, लुम्बडिंग,
रेल मंत्रालय।

श्री नारायण दास,
उप निरीक्षक,
रेलवे सुरक्षा दल,
उत्तरीय रेलवे,
रेल मंत्रालय।

2. ये पदक पुलिस पदक से संबंधित नियमों के नियम 4(ii) के अंतर्गत दिए जा रहे हैं।

पं० ना० कृष्णमणि, राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

मंत्रीमंडल सचिवालय

(सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 जुलाई 1972

सं० एम-13013/4/71-रा० न० सर्वे० 1—भारत सरकार ने सरकारी आंकड़ों और संबंधित रीतिविधान में प्रशिक्षण देने हेतु एक सलाहकार समिति का गठन किया है जिसका कार्य निम्नलिखित है :—

(क) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में सलाह देना जिसमें, पाठ्यक्रम की अवधि, पाठ्यचर्या, "प्रविष्ट किए जाने वाले व्यक्तियों का प्रवर्ग, श्रेणी, उनकी व्यवसायिक पृष्ठ-भूमिका, अर्हताएं, अनुभव और वय सम्मिलित हैं।

(ख) राज्य सांख्यिकीय कार्यालयों द्वारा चलाये गये/चलाये जाने वाले प्राथमिक और मध्यवर्ती स्तर के कार्य-कर्त्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में पाठ्य-चर्या तथा कालावधि तथा अन्य आवश्यकताओं में एकरूपता लाने के लिए सिफारिश करना।

2. समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

निदेशक, . . . अध्यक्ष
केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन एवं पदेन संयुक्त
सचिव,
सांख्यिकी विभाग।

निदेशक, ... सदस्य
अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी ब्यूरो,
महाराष्ट्र, बम्बई।

सांख्यिकी निदेशक, . . . सदस्य
तमिल नाडु, मद्रास।

निदेशक, . . .	सदस्य
व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी ब्यूरो	
पश्चिम बंगाल, कलकत्ता ।	
सहायक महापंजीकार .	सदस्य
(जनांकिकी तथा प्रशिक्षण),	
महापंजीकार कार्यालय, भारत	
नई दिल्ली ।	
उप-निदेशक, . .	सदस्य
श्रम ब्यूरो	
शिमला-4 ।	
निदेशक, . . .	सदस्य
कृषि अनुसन्धान सांख्यिकी संस्थान,	
लायब्रेरी एवेन्यू,	
नई दिल्ली-12 ।	
डा० ती० पी० चौधरी, .	सदस्य
भारतीय सांख्यिकीय संस्थान 203 बैरकपुर,	
ट्रंक रोड,	
कलकत्ता-35 ।	
संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण, .	सदस्य
केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन,	सचिव
नई दिल्ली ।	

3. समिति का मुख्यालय केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, सांख्यिकी विभाग, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली में होगा जो समिति को सचिवालयीय सहायता भी प्रदान करेगा । समिति का प्रतिवेदन केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, सांख्यिकी विभाग, भारत सरकार को भेजा जाएगा ।

ह० ल० कोहली, अवर सचिव

(कार्मिक विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 अगस्त 1972

शुद्धिपत्र

सं० 10/11/72-सी०एस० (II)—मन्त्रिमण्डल सचिवालय (कार्मिक विभाग) की अधिसूचना संख्या 10/11/72-सी० एस० (II) दिनांक 22 जुलाई, 1972 के अन्तर्गत भारत के राजपत्र के भाग I, खण्ड (1) में प्रकाशित उच्च श्रेणी ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा, 1972 के नियमों के नियम 4(2) में वर्तमान धारा (ख) के स्थान पर निम्नलिखित धारा रख दी गई है, अर्थात्—

"(ख) वह 1-7-1972 को 45 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए अर्थात् वह 2 जुलाई, 1927 से पूर्व पैदा न हुआ हो" ।

एम० के० वासुदेवन, अवर सचिव

नई दिल्ली-1, दिनांक अगस्त 1972

नियम

सं० एफ० 32/17/72-स्था० (डी०)—निम्नलिखित सेवाओं के ग्रेड में आरक्षित रिक्तियों को भरने के प्रयोजन से ऐसे निर्मुक्त आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के, जिन्हें 1 नवम्बर 1962 के पश्चात् किंतु 10 जनवरी, 1968 से पूर्व सशस्त्र सेनाओं में कमीशन मिला अथवा जो परवर्ती तारीख से पहले किसी कमीशन-पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए परन्तु जिन्हें इस तारीख को अथवा उसके बाद कमीशन प्राप्त हुआ था, चयन के लिये 1973 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सार्वजनिक जानकारी के लिये प्रकाशित किये जाते हैं :—

(i) भारतीय अर्थ सेवा, और

(ii) भारतीय सांख्यिकी सेवा ।

2. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती की जाने वाली रिक्तियों की संख्या का उल्लेख आयोग के द्वारा निकाली गई सूचना में किया जायेगा ।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिये आरक्षण भारत सरकार द्वारा निश्चित संख्या के अनुसार किया जायेगा ।

अनुसूचित जातियों/आदिमजातियों से अभिप्राय निम्नांकित में उल्लिखित जातियों/आदिम जातियों में से किसी एक से है संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) आदेश, 1950 और संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, जैसा कि बंबई पुनगर्ठन अधिनियम, 1960 और पंजाब पुनगर्ठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जातियों व अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956 द्वारा संशोधित है । संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश, 1956 संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1959, संविधान (दादर व नागर हवेली) अनुसूचित जातियां आदेश, 1962, संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति, आदेश, 1962 और संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 । संविधान (गोवा दमन और दीव) अनुसूचित जातियां आदेश, 1968, संविधान (गोवा दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जातियों आदेश, 1968, संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1970 ।

3. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा नियमों के परिशिष्ट 2 में विहित रीति से लेगा ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा नियत किये जायेंगे ।

4. इन नियमों के उपबन्धों के अधीन निम्नलिखित श्रेणियों के वे आपातकालीन कमीशनप्राप्त या अल्पकालीन सेवा कमीशनप्राप्त अधिकारी इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे, जिन्हें 1 नवम्बर, 1962 के बाद किंतु 10 जनवरी, 1968 से पूर्व सशस्त्र सेनाओं में कमीशन प्राप्त हुआ अथवा जो परवर्ती तारीख से पहले किसी कमीशनप्राप्त प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए परन्तु जिन्हें इस तारीख को अथवा उसके बाद कमीशनप्राप्त हुआ :—

(i) वे अधिकारी जो इस अधिसूचना की तारीख से पूर्व 1972 में निर्मुक्त हो चुके हैं अथवा इसके बाद 1973 के अन्त तक निर्मुक्त होने हैं ।

(ii) नियम 9 के उपबन्धों की सीमा तक तथा उनके अनुसार इस नियम में उल्लिखित अधिकारी ।

नोट 1 : इन नियमों के प्रयोजन के हेतु "निर्मुक्त" का अर्थ है :—

(i) निर्मुक्त होने के निर्धारित वर्ष के अनुसार "निर्मुक्त" ।

(ii) सैनिक सेवा द्वारा उत्पन्न विकलांगता के कारण विकलांगता की घोषणा, सेवा की अवधि के पश्चात् निर्मुक्त, न कि प्रशिक्षण के दौरान या प्रशिक्षण समाप्त होने पर, या वास्तविक सेवा में लिए जाने से पूर्व ऐसे प्रशिक्षण की अवधि को नियमित करने के लिए दिए गए अल्पकालीन सेवा कमीशन के दौरान या उसकी समाप्ति पर नियुक्त, और कदाचार, अदक्षता या अपने अनुरोध पर निर्मुक्त अफसरों के मामले इसके अधीन नहीं आएंगे ।

नोट 2 : "निर्मुक्त होने का निर्धारित वर्ष" अभिव्यक्ति का अर्थ है :—

(i) जहां तक आपात कालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों से इसका सम्बन्ध है, वह वर्ष जिसमें भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्हें निर्मुक्त होना है, और

(ii) जहां तक अल्पकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों का सम्बन्ध है, उनके लिए वह वर्ष माना जाएगा जिसमें कल्पकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में यथास्थिति 3 अथवा 5 साल के सामान्य सेवाकाल की समाप्ति होनी है ।

नोट 3 : यदि किसी व्यक्ति को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद सशस्त्र सेना में स्थायी कमीशन मिल जाता है, अथवा वह सशस्त्र सेना से इस्तीफा दे देता है या वह उससे कदाचार या अदक्षता या अपने निजी अनुरोध के कारण निर्मुक्त कर दिया जाता है तो व्यक्ति की पात्रता रद्द कर दी जायेगी ।

नोट 4 : जो इंजीनियर तथा डाक्टर केन्द्रीय सरकार में या राज्य सरकारों में या सरकार के स्वामित्व में चलने वाले औद्योगिक उद्यमों में कार्य कर हैं और जिनको अनिवार्य दायता योजना के अन्तर्गत सशस्त्र सेना में कम से कम निर्धारित अवधि के लिए सेवा करनी पड़ती है और जिनको संगत नियमों के अन्तर्गत इस प्रकार की सेवा की अवधि में अल्पकालीन सेवा कमीशन प्रदान किया जाता वे है, इस परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे ।

नोट 5 : जो अधिकारी सशस्त्र सेना के स्वैच्छिक आरक्षी सेवा (वालंटियर रिजर्व फोर्सेज) से सम्बद्ध होंगे और जो अस्थायी सेवा के लिए नियुक्त किए गए होंगे, वे इस परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे ।

5. उम्मीदवार को या तो :—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(च) मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, लंका और पूर्वी अफ्रीका के कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य टेंजानिया (भूतपूर्व टांगानीका और जंजीबार) देशों से आया हो ।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ), (ङ) और (च) कोटियों के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा दिया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

परीक्षा में उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिए पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हों और उसे सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाने की शर्त के साथ अनंतिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है ।

6. (क) उम्मीदवार के लिए यह आवश्यक है कि उसकी आयु 26 वर्ष से अधिक उस वर्ष की 1 जनवरी को न हो जिसमें वह सशस्त्र सेना में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुआ हो, या (जहां केवल कमीशन परवर्ती प्रशिक्षण हो) उसने कमीशन प्राप्त किया हो ।

(ख) ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु में निम्नलिखित स्थितियों में और छूट दी जा सकती है :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष,

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से 1 जनवरी, से 1964 को या उसके बाद परन्तु 25 मार्च, 1971 से पहले भारत में आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और वह 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद परन्तु 25 मार्च, 1971 से पहले भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(4) यदि उम्मीदवार अक्तूबर, 1964 से भारत श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद, श्रीलंका से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ मूलरूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही अक्तूबर, 1964 मे भारत श्रीलंका करार के अधीन, 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति भी हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(6) यदि उम्मीदवार गोआ, दमन और दियु के संघ राज्य क्षेत्र का निवासी हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(7) यदि उम्मीदवार कीनिया, उगांडा, तथा संयुक्त गणराज्य टेंजानिया (भूतपूर्व टेंगानिका तथा जंजीबार) से आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(8) यदि उम्मीदवार 1 जून, 1963 या उसके बाद वर्मा से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष, और

(9) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही 1 जून, 1963 को या उसके बाद, वर्मा, से प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय, व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(10) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक जो किसी विदेशी शत्रु के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रहत क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्युक्त हुए, तथा

(11) रक्षा सेवाओं उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष तक जो किसी विदेशी शत्रु देश के साथ संघर्षों अथवा अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए और अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हैं ।

(12) यदि उम्मीदवार सशस्त्र सेना में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुआ हो अथवा 1963 में कमीशन प्राप्त किया हो (जहां केवल कमीशन परवर्ती प्रशिक्षण था) और पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो उसके लिय अधिकतम तीन वर्ष तक,

(13) यदि उम्मीदवार सशस्त्र सेना में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुआ हो अथवा 1963 में कमीशन प्राप्त किया हो (वहां केवल परवर्ती प्रशिक्षण था) और अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो और पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो, तो उसके लिये अधिकतम आठ वर्ष तक,

(14) यदि उम्मीदवार सशस्त्र सेना में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुआ हो अथवा उसने 1963, 1964 या 1965 में कमीशन प्राप्त किया हो (जहां केवल कमीशन परवर्ती प्रशिक्षण था) या अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह का निवासी हो तो अधिकतम चार वर्ष तक, और

(15) यदि उम्मीदवार सशस्त्र सेना में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में सम्मिलित हुआ हो अथवा उसने 1963 या 1964 या 1965 में कमीशन (जहां केवल कमीशन परवर्ती प्रशिक्षण था) प्राप्त किया हो और वह भारतीय नागरिक है और लंका से प्रत्यावर्तित हो तो उसके लिये अधिकतम तीन वर्ष तक,

(16) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो तथा उसने कभी फ्रेंच भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

उपर्युक्त परिस्थितियों को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जायगी ।

(ग) गोवा, दमन, दियू के उन स्वाधीनता सेनानियों को, जो गोआ, दमन, दियू की सरकार के कर्मचारी नहीं थे और उन्होंने मुक्ति संघर्ष में भाग लिया था और उसके फलस्वरूप भूतपूर्व पुर्तगाली प्रशासन के अधीन कम से कम छः मास के लिए कारावास अथवा हिरासत में रहे हों, परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी बशर्ते कि 1-1-1972 को उनकी आयु 35 वर्ष की न हुई हो ।

टिप्पणी :—नियम 6 (ग) के अन्तर्गत आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले उम्मीदवार उपरोक्त नियम 6 (ख) के अन्तर्गत मिलने वाली आयु में छूट के हकदार नहीं होंगे ।

7. किसी उम्मीदवार को दो से अधिक बार प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायगी । यह प्रतिबन्ध 1971 में हुई परीक्षा से प्रभावी है ।

8. किसी भी उम्मीदवार को उसके पहले तथा दूसरे अवसर के रूप में क्रमशः उसके निर्मुक्त होने के वर्ष और उसके निर्मुक्त होने के वर्ष के बाद के वर्ष में परीक्षा देनी चाहिए ।

9. नियम 8 में दी गई किसी भी बात के बावजूद :—

(i) ऐसा कोई भी उम्मीदवार जिसपर निम्नलिखित खंड 5 के उपबन्ध लागू नहीं होते और जिसे 1971 की परीक्षा के आवेदनपत्रों की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तिथि के पश्चात् 1971 के दौरान मिलिट्री सेवा के कारण हुई विकलांगता अथवा विलांगता के गंभीर रूप धारण करने के कारण अमान्य ठहराया गया हो, 1973 में होने वाली परीक्षा अपने दूसरे अवसर के रूप में दे सकता है ।

(ii) ऐसा कोई उम्मीदवार, जिसे 1972 की परीक्षा के आवेदन पत्रों की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तिथि के पश्चात् 1972 के दौरान मिलिट्री सेवा के कारण हुई विकलांगता अथवा विकलांगता के गंभीर रूप धारण करने के कारण अमान्य ठहराया गया हो, 1973 में होने वाली परीक्षा अपने पहले अवसर के रूप में दे सकता है।

(iii) ऐसा उम्मीदवार जिसे 1972 में निर्मुक्त होना है और जिसे 1972 में हुई परीक्षा देने की स्वीकृति दी गई थी, अपने पहले अवसर के रूप में 1973 में होने वाली परीक्षा दे सकता है बशर्ते कि उसे मिलिट्री सेवा की अत्यावश्यकता के कारण 1972 में हुई परीक्षा में बैठने की अनुमति न दी गई हो।

(iv) ऐसा उम्मीदवार, जिसे 1972 से पूर्व निर्मुक्त होना है और जिसे 1972 में हुई परीक्षा देने की स्वीकृति दी गई थी, परन्तु उसने परीक्षा नहीं दी, अपने दूसरे अवसर के रूप में, 1973 में होने वाली परीक्षा दे सकता है, बशर्ते वह 20 सितम्बर, 1971 को या उससे पहले निर्मुक्त न हुआ हो।

(v) ऐसा कोई उम्मीदवार, जिसे 1971 की परीक्षा के आवेदन-पत्रों की प्राप्ति के लिए विहित अंतिम तारीख के पश्चात् 1971 में मिलिट्री सेवा के कारण हुई विकलांगता अथवा विकलांगता के गंभीर रूप धारण करने के कारण 1972 में हुई परीक्षा देने की स्वीकृति दी गई थी, परन्तु उसने वह परीक्षा नहीं दी अपने पहले अवसर के रूप में 1973 में होने वाली परीक्षा दे सकता है बशर्ते कि वह 20 सितम्बर, 1971 को या उससे पहले निर्मुक्त न हुआ हो।

(vi) कोई भी आपातकालीन कमीशन प्राप्त /अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो सशस्त्र सेनाओं में कमीशन पूर्व प्रशिक्षण में 10-1-1968 से पहले सम्मिलित हुआ हो परन्तु उसे 10-1-1968 को या उसके बाद कमीशन प्राप्त हुआ हो, निम्नलिखित शर्तों के अधीन 1973 में होने वाली परीक्षा दे सकता है:—

(क) अपने दूसरे अवसर के रूप में, यदि 1972 से पहले निर्मुक्त हुआ हो;

(ख) अपने पहले अवसर के रूप में यदि वह 1972 के दौरान निर्मुक्त हुआ हो;

(ग) अपने पहले अवसर के रूप में यदि वह 1971 की परीक्षा के लिए आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि के पश्चात् 1971 के दौरान मिलिट्री सेवा के कारण हुई विकलांगता अथवा विकलांगता के गंभीर रूप धारण करने के कारण अमान्य ठहराया गया हो।

टिप्पणी 1—उपरोक्त (i), (v) तथा (vi) (ग) में दिये गए उपबन्ध उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होंगे जिन्हें 1971 में निर्मुक्त होना था।

2. उपरोक्त (ii) में दिया गया उपबन्ध उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा जिन्हें 1972 में निर्मुक्त होना था।

10. (क) भारतीय अर्थ सेवा के लिए उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-I में उल्लिखित किसी विश्वविद्यालय की अर्थ शास्त्र या सांख्यिकी विषय सहित उपाधि होनी चाहिए।

(ख) भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिए उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-I में उल्लिखित किसी विश्वविद्यालय की सांख्यिकीय या गणित या अर्थशास्त्र विषय सहित उपाधि होनी चाहिए, अथवा उसके पास परिशिष्ट-I क में उल्लिखित अर्हताओं में से कोई एक अर्हता होनी चाहिए।

टिप्पणी (I) यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठा हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है किन्तु अभी उसे परीक्षा परिणाम की सूचना न मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह उस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हता परीक्षा (क्वालीफाइंग एक्जामिनेशन) में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन कर सकता है बशर्ते कि वह अर्हता परीक्षा इस परीक्षा के आरम्भ होने से पहले समाप्त हो जाये, ऐसे उम्मीदवारों को यदि वे अन्य शर्तें पूरी करते हों तो इस परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अनंतिम मानी जायेगी और यदि वे अर्हता परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के प्रारम्भ होने की तारीख से अधिक से अधिक 2 महीने के भीतर प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है।

टिप्पणी (II) विशेष परिस्थितियों में, संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई भी अर्हता न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार ने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित ऐसी परीक्षा पास की हो जिसके स्तर को देखते हुए आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देना उचित समझे।

टिप्पणी (III) यदि कोई उम्मीदवार अन्यथा परीक्षा में प्रवेश का पात्र हो किन्तु उसने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से उपाधि ली हो जो परिशिष्ट-I में सम्मिलित न हो तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और आयोग यदि उचित समझे तो उसे परीक्षा में प्रवेश दे सकता है।

11. सशस्त्र सेना में सेवा करने वाला उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए अपना आवेदन पत्र अपनी यूनिट के कमान अधिकारी को प्रस्तुत करेगा जो इसे संघ लोक सेवा आयोग को भेजेगा। यदि उम्मीदवार स्वयं ही अपनी यूनिट का कमान अधिकारी है तो उसे आवेदन पत्र अपने अगले उच्च अधिकारी को प्रस्तुत करना चाहिए।

सब अन्य सरकारी सेवा के उम्मीदवारों को, चाहे वे स्थायी अथवा अस्थायी पद पर हो या अनियत अथवा दिहाड़ी पर रखे कर्मचारियों को छोड़कर कार्य प्रभारित कर्मचारी के रूप में नियुक्त हो, परीक्षा में प्रवेश के लिए विभागाध्यक्ष की पूर्व अनुमति अवश्य लेनी होगा।

12. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

13 किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जायेगा, अब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण पत्र (सार्टिफिकेट आफ एडमिशन) नहीं होगा ।

14. यदि कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए पैरवी करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

15. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग ने किसी दूसरे व्यक्ति की परीक्षा दिलवाने अथवा जाली या फेर बदल किये हुए प्रमाण-पत्र पेश करने अथवा गलत या झूठा तथ्य प्रस्तुत करने अथवा किसी तथ्य को छिपाने या परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित उपाय अपनाने या अपनाने की चेष्टा करने अथवा परीक्षा भवन में किसी तरह का अनुचित आचरण करने के फलस्वरूप अपराधी घोषित किया है तो उसके विरुद्ध दाण्डिक अभियोजन के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यवाही की जा सकती है:—

(क) सदा के लिए अथवा किसी विशेष अवधि के लिए परीक्षा से वंचित किया जाना:—

(i) आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए आयोजित किसी परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा किसी साक्षात्कार में उपस्थित होने से, और

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकार के अंतर्गत नौकरियों के लिए ।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकार की सेवा में हो तो उचित नियमों के अधीन अनुशासकीय कार्यवाही की जा सकती है ।

16. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हता अंक (क्वालिफाइंग मार्क्स) प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करे, तो उसे आयोग मौखिक परीक्षा के लिए बुलाएगा ।

17. परीक्षा के बाद, आयोग उम्मीदवारों के द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम से उनकी सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों को आयोग परीक्षा के आधार पर योग्य समझेगा, उनकी नियुक्ति करने के लिए सिफारिश की जाएगी ।

लेकिन शर्त यह है कि यदि सामान्य स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित पद नहीं भरे जा सकते हैं तो आरक्षित कोटे को पूरा करने के लिए स्तर में छूट देकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिए, सेवा के लिए योग्य होने पर, परीक्षा की योग्यता सूची में उनके रैंक को ध्यान में रखे बिना ही आयोग द्वारा सिफारिश की जा सकती है ।

18. (क) यदि परीक्षा के परिणाम पर, योग्य उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या निर्युक्त आपात कमीशन प्राप्त अफसरों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अफसरों द्वारा भरे जाने वाले आरक्षित रिक्त स्थानों के लिए प्राप्त नहीं है तो बिना भरे हुए रिक्त स्थानों को सरकार द्वारा इस विषय में निर्धारित ढंग से भरा जाएगा ।

(ख) यदि अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या, नियुक्त आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या से अधिक हो तो उनमें से जिन्हें नियुक्त नहीं किया जाए उनके नाम आने वाले वर्ष (वर्षों) में आरक्षित रिक्त स्थानों के कोटा में नियुक्ति के लिए प्रतीक्षक सूची (वेटिंग लिस्ट) पर रख दिये जायेंगे ।

19. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार की जाय, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा । आयोग परीक्षा फल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा ।

20. दोनों सेवाओं के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के मामले में उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन देते समय अभिव्यक्त की गयी तरजीह पर अपेक्षित ध्यान दिया जाएगा ।

21. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इसमें नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है ।

22. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए, और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलतापूर्वक न निभा सके । यदि सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षा के बीच किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हो कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी । आयोग द्वारा मौखिक परीक्षा के लिए बुलाए गए उम्मीदवार की शारीरिक परीक्षा करवाई जा सकती है ।

नोट :—बाद में निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा लें । नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों का किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और इसके लिए स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए, इसके ब्यौरे इन नियमों के परिशिष्ट 4 में दिए गए हैं । रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विकलांग सैनिकों को सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप डाक्टरी जांच के स्तर में छूट दी जाएगी ।

23. ऐसा कोई पुरुष/स्त्री,

(क) जिसने ऐसी महिला/ऐसे पुरुष से विवाह करने का करार किया हो, अथवा विवाह कर लिया हो जिसका पति/जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने जीवित पत्नी/पति के होते हुए किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो ।

वह उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/होगी । परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति पर अथवा जिससे विवाह किया गया हो उस पर लागू

होने वाले वैयक्तिक कानून के अधीन अनुज्ञेय है ऐसा करने के अन्य कारण हैं तो ऐसे व्यक्ति को इस कानून से छूट दे सकती है।

24. इस परीक्षा के द्वारा जिस सेवा के लिए भर्ती की जा रही है उसका संक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट-III में दिया गया है।

बी० एल० मथुरिया, अवर सचिव

परिशिष्ट-I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(नियम 10 के अनुसार)

भारतीय विश्वविद्यालय

कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय जो भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम से निगमित किया गया हो अथवा अन्य शिक्षा संस्थाएं जिन्हें संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया है अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय मान लिए जाने की घोषणा की जा चुकी है।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय

मांडले विश्वविद्यालय

इंगलैंड और वल्स के विश्वविद्यालय

बर्मिघंम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डरहम, लीड्स, लीवरपूल, लंदन, मैंचेस्टर, आक्सफोर्ड, रिडिंग, शैफिल्ड तथा वेल्स के विश्वविद्यालय।

स्काटलैण्ड के विश्वविद्यालय

एबरडीन, एडिनबरा, ग्लासगो, और सेंट एन्ड्रूज विश्वविद्यालय।

आयरलैण्ड के विश्वविद्यालय

डबलिन विश्वविद्यालय (ट्रिनीटी कालेज)

आयरलैंड नेशनल विश्वविद्यालय

क्वीन्स विश्वविद्यालय बैल्फास्ट

पाकिस्तान विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय

सिंध विश्वविद्यालय

बंगला देश के विश्वविद्यालय

ढाका विश्वविद्यालय

राजशाही विश्वविद्यालय

नेपाल के विश्वविद्यालय

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू

परिशिष्ट-I—क

केवल भारतीय सांख्यिकीय सेवा की परीक्षा में बैठने के लिए मान्यता प्राप्त अर्हताओं की सूची (देखिए नियम (10) (ख))।

(i) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान कलकत्ता का संख्याविद्-डिप्लोमा (स्टेटिस्टीशियन डिप्लोमा) और

(ii) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान सांख्यिकीय संस्थान का व्यावसायिक संख्याविद् प्रमाण-पत्र (प्रोफेसनल स्टेटिसटिशियन सार्टिफिकेट)।

परिशिष्ट-II खण्ड 1

परीक्षा की रूप-रेखा :—

प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(क) अधिकतम 700 अंकों की, निम्नलिखित खण्ड के उपखण्ड क्रमशः (क) तथा (ख) में दिखाए गए विषयों में लिखित परीक्षा।

(ख) जो उम्मीदवार आयोग द्वारा मौखिक परीक्षा के लिए बुलाएं जाएं, उनके लिए अधिकतम 450 अंकों की मौखिक परीक्षा, जिसमें से 50 अंक सशस्त्र सेना में की गई सेवा की सेवा पूंजी के मूल्यांकन के लिए होंगे।

खण्ड 2

परीक्षा के विषय

भारतीय अर्थ सेवा	अधिकतम अंक
1. सामान्य अंग्रेजी . . .	150
2. सामान्य ज्ञान . . .	150
3. अर्थशास्त्र-I . .	200
4. अर्थशास्त्र-II . . .	200
(ख) भारतीय सांख्यिकीय सेवा	अधिकतम अंक
1. सामान्य अंग्रेजी . . .	150
2. सामान्य ज्ञान . . .	150
3. सांख्यिकीय-I . . .	200
†4. सांख्यिकीय-II . .	200

†इस विषय में निम्नलिखित पांच शाखाओं में से प्रत्येक के अलग-अलग पत्र होंगे, जिनमें से उम्मीदवार को केवल दो चुनने होंगे, प्रत्येक प्रश्न पत्र के 100 अंक होंगे :—

1. औद्योगिक सांख्यिकीय (सांख्यिकीय गुण नियंत्रण सहित)
2. आर्थिक सांख्यिकी
3. शैक्षिक सांख्यिकी
4. जनन (जैनेटीकल) सांख्यिकी तथा डैमोग्राफी और जन्म-मरण सांख्यिकी

नोट :—इस खण्ड में उल्लिखित विषयों का स्तर और पाठ्यक्रम इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग 'क' में दिया गया है।

खण्ड III

1. सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखने होंगे ।

2. सांख्यिकी-II को छोड़कर उपर्युक्त खण्ड-II में दिये गये प्रत्यक विषय के प्रश्न पत्र के लिये 3 घण्टे का समय दिया जायेगा । सांख्यिकी-II में इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग (क) की मद 6 पर इस विषय के नीचे दिए गए नोट के अनुसार डेढ़-डेढ़ घण्टे के पांच प्रश्न पत्र होंगे ।

3. उम्मीदवारों को प्रश्नों का उत्तर अपने हाथ से लिखना होगा । उन्हें किसी भी हालत में उसकी ओर से उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के (अर्हक अंक क्वालीफाइंग मार्क्स) निर्धारित कर सकता है ।

5. भारतीय अर्थ सेवा के लिए केवल उन्हीं उम्मीदवारों के निम्नलिखित विषयों, अर्थात् सामान्य अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों को जांचा और अंकित किया जाएगा जो लिखित परीक्षा के अर्थशास्त्र-I और अर्थशास्त्र-II विषयों में एक निश्चित न्यूनतम स्तर प्राप्त करेंगे, जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जाएगा ।

भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिए केवल उन्हें उम्मीदवारों के निम्नलिखित विषयों, अर्थात् सामान्य अंग्रेजी तथा सामन्य ज्ञान के प्रश्न पत्रो को जांचा और अंकित किया जाएगा जो लिखित परीक्षा के सांख्यिकीय-I और सांख्यिकीय-II विषयों में एक निश्चित न्यूनतम स्तर प्राप्त करेंगे जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जाएगा ।

6. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढ़ने लायक नहीं होगी तो उसे अन्यथा मिलने वाले कुल नम्बरों में से कुछ नम्बर काट लिए जाएंगे ।

7. केवल सतही ज्ञान के लिए नम्बर नहीं दिए जाएंगे ।

8. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग और ठीक-ठीक की गई हो ।

9. उम्मीदवारों से तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली की जानकारी की आशा की जाती है । प्रश्नों के उत्तर जहां कहीं ऐसा आवश्यक हो, तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली का ही उपयोग किया जाए ।

अनुसूची

(भाग-क)

अंग्रेजी भाषा तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों का स्तर वही होगा जिसकी भारतीय विश्वविद्यालय के स्नातक से अपेक्षा की जा सकती है ।

अन्य विषयों के प्रश्न पत्र किसी भारतीय विश्वविद्यालय के सम्बद्ध व्यवस्थाओं के अन्तर्गत "मास्टर" डिग्री परीक्षा स्तर के होंगे । उम्मीदवारों से तथ्यों द्वारा सिद्धांत की व्याख्या करने और सिद्धांतो द्वारा समस्याओं का विश्लेषण करने की अपेक्षा की जाएगी उनसे अर्थशास्त्र सांख्यिकी के क्षेत्र (क्षेत्रों) में भारतीय समस्याओं से सम्बन्धित विशेष रूप से निपुणता की अपेक्षा की जाएगी ।

1. **सामान्य अंग्रेजी**

उम्मीदवारों को अंग्रेजी भाषा में एक निबन्ध लिखना होगा । अन्य प्रश्न उम्मीदवारों को अंग्रेजी संबंधी योग्यता एवं अंग्रेजी शब्दों के सामान्य प्रयोग की जांच करने के लिए रखे जाएंगे । साधारणतया सारांश अथवा सारलेखन के लिए गद्यांश रखे जाएंगे ।

2. **सामान्य ज्ञान**

इस प्रश्न पत्र के दो भाग होंगे :—

पहले भाग में उम्मीदवार से ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें सामयिक घटनाओं का और दिन प्रतिदिन देखी और अनुभव की जाने वाली बातों के वैज्ञानिक पक्ष का ऐसा ज्ञान सम्मिलित है जिसकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन न किया हो । इस प्रश्न पत्र में भारतीय इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवारों को विशेष अध्ययन के बिना ही आना चाहिए ।

दूसरे भाग में ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे जिनके द्वारा उम्मीदवारों की तथ्यों और आंकड़ों का प्रयोग करने तथा उनसे तर्कसंगत निष्कर्ष निकालने, जटिलताओं की प्रत्यक्ष जाने लेने की योग्यता एवं महत्वपूर्ण और कम महत्वपूर्ण के बीच अन्तर करने की योग्यता की जांच की जा सके ।

3. **अर्थशास्त्र-I**

क्षेत्र तथा रीतिविधान

संतुलन विश्लेषण

उपभोक्ता का मांग का सिद्धांत/तटस्थावक्र रेखाओं का विश्लेषण अधिमान संबंधी विचारधाराएं, उपभोक्ता की बचत, उत्पत्ति के सिद्धांत, उत्पत्ति के कारक, उत्पत्ति फलन, उत्पत्ति के नियम, फर्म तथा उद्योग के अन्तर्गत साम्य ।

विभिन्न प्रकार के बाजार संगठनों में मूल्य निर्धारण । समाजवादी अर्थ व्यवस्था में मूल्य निर्धारण । मिश्रित अर्थव्यवस्था में मूल निर्धारण ।

लोकोपयोगी सेवाएं :—लोकोपयोगिताओं की आर्थिक विशेषताएं लोकोपयोगिताओं में मूल्य निर्धारण, लोकोपयोगिताओं का नियतन ।

वितरण का सिद्धांत/उत्पत्ति कारकों का मूल्य निर्धारण, लगान, मजदूरी, ब्याज तथा लाभ के सिद्धांत । समष्टि वितरण सिद्धांत । राष्ट्रीय आय में मजदूरी का भाग । लाभ और आर्थिक प्राप्ति । आय वितरण में असमानताएं ।

रोजगार और उत्पादन का सिद्धांत-क्लासिकल तथा नव-क्लासिकल विचारधाराएं । किन्स का रोजगार सिद्धांत । कीन्स के बाद के सिद्धान्त ।

आर्थिक उतार चढ़ाव । व्यापार चक्रों के सिद्धान्त । व्यापार चक्रों को नियंत्रित करने के लिए वित्तीय तथा मीट्रिक नितियां ।

कल्याणकारी अर्थशास्त्र—कल्याणकारी अर्थशास्त्र का क्षेत्र, क्लासिकल तथा नव क्लासिकल विचारधाराएं, नवीन कल्याणकारी अर्थशास्त्र तथा क्षतिपूर्ति के सिद्धांत, अनुकूलपन दशाएं, नीति संबंधी बाधाएं।

4 **अर्थशास्त्र II**

आर्थिक विकास की संकल्पना तथा उसका मापन।

सामाजिक लेखे :—राष्ट्रीय आय के लेखे। निधि प्रवाह का लेखा, निविष्ट निपज का लेखा।

सामाजिक विचारधाराएं तथा आर्थिक विकास।

विकासोन्मुखी अर्थव्यवस्थाओं की विशेषताओं की विशेषताएं तथा समस्याएं।

जनसंख्या की वृद्धि तथा आर्थिक विकास।

आर्थिक विकास के सिद्धांत। विकास के प्रतिमान।

आयोजन—संकल्पना तथा विधियां। समाजवादी तथा पूंजीवादी आर्थिक संगठन के आयोजन। मिश्रित अर्थव्यवस्था में आयोजन। ठोस पर्सपक्टिव आयोजन। क्षेत्रीय आयोजन। विनियोजन के सिद्धांत तथा पद्धतियां का चयन लागत लाभ विश्लेषण। योजना माडल।

भारत में आयोजन। आयोजन का प्रारंभ। पंचवर्षीय योजनाएं। उद्देश्य तथा पद्धतियां। संस्थापनों की गतिशीलता, प्रशासन तथा जनसहयोग। मीद्रिक और वित्तीय नीतियों का योगदान, मुख्य नीति, नियंत्रण तथा बाजार विन्यास। व्यापार नीति तथा भुगतान संतुलन। सार्वजनिक उद्यमों का योगदान।

5 **सांख्यिकीय-I**

विभिन्न प्रकार से सांख्यिकीय सन्निकटन, परिमित अंतर, मानक अन्तर्वेशन-सूत्र तथा परिशुद्धताएं, प्रतिलोभ अंतर्वेशन। अवकलन और समाकलन की सांख्यिकीय विधियां।

संभाविता की परिभाषा—क्लासिकल मत, कार्य सिद्ध मत – प्रतिचयन अवकाश। पूर्ण एवं मिश्रित समाविता कर सिद्धांत। प्रतिबन्धी संभावता। स्वतन्त्र घटनाएं। बाई का सूत्र। यादृच्छिक चर, संभाविता अंटन, गणितीय प्रत्याशा। पूर्णजनक फलन तथा लक्षण फलन, लामीकरण प्रमेय, टेबीकेज की असमता। प्रतिबन्धित बंटन। बृहत संख्याओं के नियम तथा केन्द्रीय सीमित प्रमेय।

मानक बंटन :—द्विपद, प्वासों, प्रसामान्य, आयताकार, पातीय विलोम द्विपद, अतिगुणोत्तर, कौशी, लाफ्लास, बीटा, तथा आमा बंटना द्विचर तथा बहुचर प्रसामान्य बंटन।

बृहत और लघु प्रतिचयन सिद्धांत :—अनन्त स्पर्शीय प्रतिचयन बंटन तथा बृहत प्रतिचयन परीक्षण। मानक प्रतिचयन बंटन जैसे टी०, एक्स 2, एफ (tx^2f) तथा उन पर आधारित सार्थकता परीक्षण। साहचर्य तथा आसंग सारणियों का विश्लेषण।

सह संबन्ध गुणांक तथा उसका बंटन, फिशर का "जैड" स्थान्तरण गुणांक।

समाश्रयण :—आसजन रेखा बहुपद, आंशिक समाश्रयण तथा आंशिक सह-सम्बन्ध गुणांक नले मामलों में उनका बंटन। अन्तवर्गीय सह संबंध। वक्र आसंजन तथा लम्ब कोणीय बहुपद।

प्रसरण विश्लेषण। एक घातीय प्राक्कलन का सिद्धांत। अन्तक्रिया प्रभाग सहित दिक्क वर्गीकरण। सह प्रसरण विश्लेषण। प्रयोग अभिकल्पना के मूल सिद्धांत। सामान्य अभिकल्पनाओं का अभिन्यास तथा विश्लेषण जैसे यादृच्छिकीकृत खण्ड लेटिन चित्र। बहु उपादीनीय प्रयोग तथा संकरण लुप्त क्षेत्र प्रविधियां।

प्रतिचयन विधियां :—प्रतिस्थापन युक्त तथा प्रतिस्थापन रहित सरल यादृच्छ प्रतिचयन। समाश्रयण तथा अनुपात प्राक्कलन। सामूहिक प्रतिचयन। बहुक्रम प्रतिचयन। तथा व्यवस्थित प्रतिचयन। अप्रतिचयन त्रुटियां।

प्राक्कलन :—मूल संकल्पनाएं। एक अच्छे प्राक्कलन की विशेषताएं बिन्दु प्राक्कलन तथा अंतराल प्राक्कलन। अधिकतम संभाविता प्राक्कलन तथा उनके गुणधर्म।

परिकल्पनाओं के परीक्षण / सांख्यिकीय परिकल्पनाएं :—सरल तथा संयुक्त परिकल्पना। सांख्यिकीय परीक्षण की संकल्पना। त्रुटियों के दो प्रकार। घात फलन। संभावित अनुपात परीक्षण। विश्वास अन्तराल प्राक्कलन। अनुकूलतम विश्वास परिबन्ध।

असमष्टीय परीक्षण जैसे—संकेत परीक्षण, माध्यिका परीक्षण तथा चाल परीक्षण। सरल विकल्पना के विपरीत सरल परिकल्पना परीक्षण के लिए वाल्डका अनुक्रमिक संभाविकता अनुपात परीक्षण "ओसी" तथा ए०एस०एन० फलन तथा उनके सन्निकटन।

6 **सांख्यिकी-II**

नोट :—इस विषय में निम्नलिखित पांच शाखाओं में से प्रत्येक पर भिन्न-भिन्न प्रश्नपत्र होंगे, अर्थात् (i) औद्योगिक सांख्यिकीय (सांख्यिकीय गुण नियंत्रण सहित) (ii) आर्थिक सांख्यिकी (iii) शैक्षिक सांख्यिकी (iv) जन सांख्यिकी तथा (v) जनविद्या और जन्म-मरण सांख्यिकी।

उम्मीदवारों को उपर्युक्त किन्हीं दो का चुनाव करना होगा, जिसको उन्हें अपने प्रार्थना पत्र में बताना होगा। एक बार प्रश्न पत्र चुनने के बाद परिवर्तन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

सांख्यिकीय प्रकार नियंत्रण सहित औद्योगिक आंकडे

उद्योग के अन्तर्गत प्रकार नियंत्रण का सैद्धांतिक आधार। सहन-सीमाएं। विभिन्न प्रकार के नियंत्रण चार्ट "एक्स" "आर" "चार्ट", "पी" और "सी०" चार्ट, वर्ग नियंत्रण चार्ट।

स्वीकार प्रतिचयन। एक पक्षीय, द्विपक्षीय, बहुपक्षीय तथा अनुक्रमिक प्रतिचयन योजना। "बी" सी" तथा "ए०एस० एन०" फलन। गुणों (attributes) तथा चरों (Variables) द्वारा प्रतिचयन। डोज रामिग तथा अन्य सारणियां।

औद्योगिक सम्परीक्षण डिजाइन। उद्योगों में समाश्रयण विधियों का प्रयोग तथा प्रसरण विधियों का विश्लेषण।

उद्योग में एकयातीय कार्यक्रम सहित सांख्यिकीय अनुसंधान विधियों का प्रयोग।

II अर्थ सांख्यिकी

मूल्य और परिमाण के सूचकांक : सूचकांकों के विभिन्न प्रकार, जैसे :—थोक मूल्यों के सूचकांक तथा जीवन निर्वाह में सूचकांक। सूचकांकों का सिद्धांत।

आय-विरण। पैरेटो वक्र तथा अन्य वक्र। एक केन्द्रीय वक्र तथा उनके प्रयोग।

राष्ट्रीय आय। राष्ट्रीय आय के विभिन्न क्षेत्र। राष्ट्रीय आय के प्राक्कलन की विधियां। अन्तक्षेत्रय आगम। क्षेत्रीय आय प्राक्कलन वर्ग समस्याएं। अन्तर्गउद्योग सारणी। निविष्ट-निष्ट विश्लेषण तथा एक जातीय कार्यक्रम का प्रयोग।

आर्थिक-काल श्रेणियों का विश्लेषण तथा निर्वचन। आर्थिक काल श्रेणियों के चार संघटक। गुणात्मक तथा संयोज्यात्मक माडल। वक्र आसंजन तथा चल माध्यविधि उपनिधि निर्धारण। स्थिर तथा चल समयिक सूचकांकों का निर्धारण। ऋतु हसंबंध। आवर्तिता वर्कविश्लेषण। यादृच्छिका का परीक्षण।

उपभोग और मांग का सिद्धांत, मांग के कार्य, मांग की लोच, काल श्रेणी तथा पारिवारिक बजट आंकड़ों द्वारा मांग का सांख्यिकीय विश्लेषण।

III शिक्षा सांख्यिकी मनोमिति सहित

परीक्षण मदों का मापन। विशेष, प्रमाप विशंक, सामान्य विशंक "टी०" तथा "सी०" माप, स्टैनीन मान, शततमक माप।

मानसिक परीक्षण, परीक्षणों की विश्वसनीयता और सुसंगीत। विश्वसनीयता की संगणना की विभिन्न विधियां। विश्वसमियता का सूचक। सुसंगति निर्धारण की प्रक्रियाएं। परीक्षण बेटरी के मान्यकरण। चाल बनाम धात परीक्षण।

उपादन विश्लेषण। मद विश्लेषण। अभिरुचि परीक्षणों में सह-संबंध विधियों का उपयोग।

स्मरण तथा विस्मरण का माप, स्मरण माडल। अभिवृत्ति तथा मत का माप। समूह गत व्यवहार के माप।

(IV) जनन आंकड़े :—

आनुवंशिकता का मौलिक आधार। मैंडल के नियम। लिंकेज। पृथकरण का विश्लेषण। लिंकेज की पहिचान तथा प्राक्कलन।

बहुजनन आनुवंशिकी। दृश्यरूप विचलन के संघटक। अनुवंशिकता का प्राक्कलन चयन। चयन का आधार। प्रजनन परीक्षण। चरित्र समिश्रण के लिए चयन।

जनसंख्याजनन।जनन वारंवारता। अन्तःप्रजनन। यादृच्छिक उमागम। लिंकेज का विसाम्य।

मानव जनन के तत्व। रक्त वर्गों का अध्ययन। रोग विशेषताएं तथा विषथन।

(V) जनांकिकी तथा जन्म मरण संबंधी आंकड़े :

जीवन सारिणी, उसका निर्माण तथा गुण। मैकेहम तथा मार्गतत्व वक्र, मृत्यु संस्था की वार्षिक तथा केन्द्रीय दरों की मुस्थिति। राष्ट्रीय जीवन सारणियां। यू० एन० आदर्श जीवन सारणियां। संक्षिप्त जीवन सारणियां। स्थिर जनसंख्या। स्थावर जनसंख्या।

अशोधित प्रजनन दरें, विशिष्ट प्रजनन दरें, कुल और शुद्ध जन्म दरें, परिवार का आकार, अशोधित मृत्यु दरें, बाल मृत्यु दरें। सकारण मृत्यु संख्या, प्रमाणीकृत दरें।

आंतरिक तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यावर्तन, विशुद्ध प्रत्यावर्तन, पिछली तथा उग्रत अतिजीविता अनुपात सिद्धांत।

जनांकिकीय संक्रमण, जनसंख्या निर्धारण के सामाजिक तथा आर्थिक निर्धारण।

जनसंख्या प्रक्षेप। गणितीय तथा संपटक विधियां वृद्धिह्रास वक्र आसंजन।

भाग—ख

मौखिक परीक्षा—उम्मीदवारों की मौखिक परीक्षा एक बोर्ड द्वारा ली जाएगी जिसके समक्ष सशस्त्र सेना में उम्मीदवार की सेवा अवधि सहित उनकी सेवा अवधि का रिकार्ड होगा। मौखिक परीक्षा का उद्देश्य सक्षम और निष्पक्ष परीक्षकों के एक बोर्ड द्वारा उस सेवा अथवा सेवाओं के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता जांचना है जिस के लिए उसने आवेदन पत्र दिया हो। साक्षात्कार का उद्देश्य उम्मीदवार की सामान्य और विशिष्ट योग्यता और क्षमता की जांच करने के लिए लिखित परीक्षा के अनुपूरक रूप में है। उम्मीदवारों से सामान्य रूचि के मामलों और सशस्त्र सेना में उनके अनुभव से संबंधित प्रश्न भी पूछे जाएंगे।

मौखिक परीक्षा की तकनीक नितांत रूप से सीधे सवाल जवाब की नहीं है अपितु स्वाभाविक रूप से एक उद्देश्य वार्तालाप की है, जिसका उद्देश्य समस्याओं के समझने में उम्मीदवार की क्षमता और बौद्धिक उत्सुकता तथ्य ग्रहण करने में उसकी क्षमता, विचार संतुलन, सूक्ष्मबूझ सामाजिक स्थितियों को समझने की योग्यता, सचरित्रता और नेतृत्व जैसे गुणों का पता लगाया जाना है।

परिशिष्ट—III

इस परीक्षा के द्वारा जिन सेवाओं में भर्ती की जा रही है, उनका संक्षिप्त ब्यौरा :—

1. जो उम्मीदवार दोनों में से किसी भी सेवा के लिए सफल होंगे, उनको नियुक्ति उस सेवा के ग्रेड–IV में परख पर की जाएगी जिसकी अवधि दो वर्ष होगी, और इस अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है। सफल उम्मीदवारों की परख की अवधि में भारत सरकार के निर्णयानुसार निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और अनुदेश तथा परीक्षा पास करनी होगी।

2. यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्य कुशल होने की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवामुक्त कर सकती है।

3. परख अवधि या उसकी बढ़ाई हुई अवधि की समाप्ति पर यदि सरकार की राय में उम्मीदवार स्थाई नियुक्ति के लिए योग्य नहीं है, तो सरकार उसे सेवामुक्त कर सकती है।

4. यदि सरकार की राय में उम्मीदवार ने संतोषजनक रूप से अपनी परख अवधि समाप्त कर ली है, और यदि वह स्थाई नियुक्ति के लिए उपयुक्त समझा जाए तो उसे स्थाई पदों में मौलिक रिक्तियां उपलब्ध होने पर पक्का कर दिया जाएगा।

5. भारतीय अर्थ सेवा और भारतीय सांख्यिकीय सेवा के निर्धारित वेतन मान निम्नलिखित हैं :—

ग्रेड–I निदेशक (डायरेक्टर) रु० 1300–60–1600–100–1800।

ग्रेड–II संयुक्त निदेशक (ज्वाइंट डायरेक्टर) रु० 1100–50–1400।

ग्रेड–III उपनिदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) रु० 700–40–1100–50/2–1250।

ग्रेड–I सहायक निदेशक (असिस्टेंट डायरेक्टर) रु० 400–400–450–30–600–35–670–ई०बी०–35–950।

6. सेवा के उच्च पदों में पदोन्नति, प्रत्येक ग्रेड में पदोन्नति के लिए निर्धारित कोटे के अनुसार उम्मीदवारों की प्रवरणता को ध्यान में रखते हुए, योग्यता के आधार पर की जाएगी। यह कोटा ग्रेड–III के लिए 75 प्रतिशत, ग्रेड–II के लिए 50 प्रतिशत और ग्रेड–I के लिए 75 प्रतिशत है।

भारतीय अर्थ सेवा/ भारतीय सांख्यिकीय सेवा के अधिकारी को केन्द्रीय सरकार के अंतर्गत भारत में कहीं भी या भारत के बाहर कार्य करने के लिए नियुक्त किया जा सकता है, अथवा उनको निश्चित अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकता है।

7. दोनों सेवाओं के अधिकारियों की छुट्टी पेंशन और सेवा की शर्तें उसी प्रकार होंगी जो भारत सरकार के मूल नियम (फंडामेंटल रूल्स) और सिविल सेवा विनियम (सिविल सर्विस रेगुलेशन) में दी गई है और जिनमें सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधन हो सकता है।

8. समय-समय पर संशोधित सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) नियमावली (जनरल प्राविडेंट फंड—सेन्ट्रल सर्विसेज रूल्स) के अंतर्गत इस निधि में अभिदान कर सकेंगे।

परिशिष्ट–IV

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए दिए जा रहे हैं ताकि वे इस बात का पता लगा सकें कि उनका शारीरिक स्वास्थ्य अपेक्षित स्तर का है या नहीं। ये विनियम मैडिकल परीक्षकों के मार्गदर्शन के लिए भी हैं और जो उम्मीदवार इन विनियमों में निर्धारित की गई न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता, उसको मैडिकल परीक्षक स्वस्थ घोषित नहीं कर सकते। किन्तु जब मैडिकल बोर्ड की यह राय हो कि उम्मीदवार इन विनियमों में निर्धारित स्तर के अनुसार स्वस्थ्य नहीं है, तो भी मैडिकल बोर्ड की यह अनुमति है कि वह भारत सरकार को विशेषकर लिखे हुए कारणों द्वारा सिफारिश कर सकता है कि उसको सरकार की सेवा में बिना नौकरी में लिया जा सकता है।

2. परन्तु यह साफ-साफ समझ लेना चाहिए कि भारत सरकार अपने निर्णय से मैडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद किसी भी उम्मीदवार को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रखती है।

1. नियुक्ति के योग्य ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उम्मीदवार में कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिसे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।

2. भारतीय (एंग्लो–इंडियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु कद और छाती के घेर से परस्पर संबंध के बारे में मैडिकल बोर्ड के ऊपर ही यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्ग दर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझे, व्यवहार में लाए, यदि वजन, कद और छाती के घेर में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती का एक्सरे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को योग्य अथवा अयोग्य घोषित करेगा।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि से नापा जायगा :—

वह अपने जूते उतार देगा और उसे माप दण्ड (स्टैडई) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एड़ियों के, पांवों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। यह बिना अकड़ सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितंब और कंधे माप दण्ड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बर्टेक्स आफ दि हैड लेवल) हारिजेंटल बार (आड़ी छड़) के नीचे आ जाए। कद सेंटीमीटर और आधे सेंटीमीटरों में नापा जाएगा।

4. उम्मीदवार की छाती नापने का तरीका इस प्रकार है :—

उसे इस भांति सीधा खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हुए हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हुई हों। फीते को छाती के गिर्द इस तरह से लगाया जाएगा कि पीछे की ओर इसका ऊपरी किनारा अंसफलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर एंगल्स) से लगा रहे और यह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़ समतल (हारिजेंटल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और इन्हें शरीर के साथ ढीला लटका रहने दिया जाएगा। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं कि फीता न हिले। अब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिक से अधिक फैलाव गौर से नोट किया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सैंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा, 84–89, 86–93 आदि। नाप को रिकार्ड करते समय एक सेंटीमीटर से कम के भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

नोट :—अंतिम निर्णय लेने से पहले उम्मीदवार की ऊंचाई और छाती दो बार नापी जाएगी।

5. उम्मीदवार का वजन भी लिया जाएगा और उसका वजन किलोग्रामों में रिकार्ड किया जाएगा। आधे किलोग्राम से कम के फ्रेक्शन को नोट नहीं करना चाहिए।

6. (क) उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा।

(ख) चश्मे के बिना नजर (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनियम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक केस

में मैडिकल बोर्ड या अन्य मैडिकल प्राधिकारी द्वारा उसे रिकार्ड किया जाएगा क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बैसिक इन्फार्मेशन) मिल जाएगी।

(ग) चश्मे के साथ और चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर निम्नलिखित मानक निर्धारित किया जाता है :—

दूर की नजर		नजदीक की नजर	
अच्छी आंख/खराब आंख (संशोधित दृष्टि)		अच्छी आंख/खराब आंख (संशोधित दृष्टि)	
6/9	6/9 अथवा		
6/9	6/12	जे० I	जे० II

(घ) निकट दृष्टि के प्रत्येक मामले में, फंडस परीक्षा की जानी चाहिए और उसके परिणाम रिकार्ड किए जाने चाहिए। व्यधिकृत दशा मौजूद होने पर जो कि बढ़ सकती है और उम्मीदवार की दक्षता पर प्रभाव डाल सकती है, उसे अयोग्य घोषित किया जाए।

(ङ) दृष्टि क्षेत्र—सम्मुखन विधि (कन्फ्रंटेशन मैथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी, जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोष जनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को परिमापी (पैरीमीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

(च) रतौंधी—(नाइट ब्लाइंडनेस) साधारणतया रतौंधी दो प्रकार की होती है (1) विटामिन 'ए' की कमी होने के कारण और रेटीना के व्यवहारिक रोग के कारण रेटीनीटिस पिगमेन्टोसा होता है। जिसका सामान्य कारण ऊपर बताई गई (1) की स्थिति में फंडस में प्रसामान्य होता है, साधारणतया छोटी आयु वाले व्यक्तियों में और कम खुराक पाने वाले व्यक्तियों में दिखाई देता है और अधिक मात्रा में विटामिन 'ए' के खाने से ठीक हो जाता है, ऊपर बताई गई (2) की स्थिति में फंडस की खराबी होती है और अधिकांश मामलों में केवल फंडस की परीक्षा से ही स्थिति का पता चल जाता है। इस श्रेणी का रोगी प्रौढ़ होता है। और खुराक की कमी से पीड़ित नहीं होता है। सरकार में ऊंची नौकरियों के लिए प्रयत्न करने वाले व्यक्ति इस वर्ग में आते हैं।

उपर्युक्त (1) और (2) दोनों के लिए अंधेरा अनुकूलन परीक्षा से स्थिति का पता चल जाएगा। उपर्युक्त (2) के लिए विशेष तथा जब फंडस खराब नहीं तो इलक्ट्रो—रेटीनोग्राफी किए जाने की आवश्यकता होती है। इन दोनों जांचों में (अंधेरा अनुकूलन और रेटीनोग्राफी) में समय अधिक लगता है और विशेष प्रबंध और सामान की आवश्यकता होती है और इसलिए साधारण वैकल्पिक जांच के लिए ये दोनों संभव नहीं। तकनीकी बातों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय/विभाग को चाहिए कि वे बताएं कि रतौंधी के लिए इन जांचों का करना अनिवार्य है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर होगा कि पद से संबंध काम की आवश्यकता क्या है और जिन व्यक्तियों को सरकारी नौकरी दी जाने वाली है उनकी ड्यूटी किस तरह की होगी।

(छ) दृष्टि की पकड़ से भिन्न आंख की अवस्थाएं (आक्युलर कंडीशंस)—

(i) आंख की उस बीमारी को या बढ़ती हुई वर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिफ्रेक्टेव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की पकड़ के कम होने की संभावना हो, अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ii) भैंगापन (स्विवंट) तकनीकी सेवाओं में जहां द्विनेत्री (बाइनोकुलर) दृष्टि का होना अनिवार्य हो, दृष्टि की पकड़ निर्धारित स्तर की होने पर भी भैंगापन को अयोग्यता का कारण समझना चाहिए। दृष्टि की पकड़ निर्धारित स्तर की होने पर भैंगापन को अन्य सेवाओं के लिए अयोग्यता का कारण नहीं समझना चाहिए।

(iii) एक आंख वाले व्यक्ति—यदि किसी व्यक्ति की एक आंख हो अथवा एक आंख की दृष्टि सामान्य हो और दूसरी आंख की दृष्टि एम्बीलियोपिक अथवा अर्द्ध सामान्य हो तो आमतौर पर उसका प्रभाव यह होता है कि गहराई को देखने के लिए स्टीरियोस्कोपिक दृष्टि उसकी कमजोर होती है। अनेक सिविल पदों के लिए इसकी आवश्यकता नहीं होती, मेडिकल बोर्ड से ऐसे व्यक्तियों की सिफारिश कर सकते हैं यदि उनकी सामान्य आंख में—

(i) ऐनक के साथ या ऐनक के बिना दूर की दृष्टि 6/6 और समीप की दृष्टि जे० I हो, परन्तु शर्त यह है कि किसी भी मैरीडियन में गलती दूर की दृष्टि के लिए 4 डायोप्टीयर से अधिक न हो।

(ii) उसकी दृष्टि का क्षेत्र पूरा हो।

(iii) रंगों की सामान्य पहचान हो, जहां भी इसकी आवश्यकता हो, परन्तु शर्त यह है कि कोई इस बात से संतुष्ट हो कि उम्मीदवार संबंधित पद के सभी कार्य करने में समर्थ हो।

(ज) कोन्टेक्ट लैंस (Contuact lenses)—उम्मीदवार की स्वास्थ्य परीक्षा के समय कोन्टेक्ट लैंस के प्रयोग की आज्ञा नहीं होगी आंख की जांच करते समय यह आवश्यक है कि दूर की नजर के लिए टाइप किए हुए अक्षर 15 पादवर्ती (फुट कैंडलस) से प्रकाशित हों।

7. रक्त दाब (ब्लड प्रेशर)

ब्लड प्रेशर के संबंध में बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा। नार्मल उच्चतम सिस्टोलिक प्रेशर के आकलन की काम चलाऊ विधि नीचे दी जाती है।

(i) 15 से 25 वर्ष के व्यक्तियों की औसत ब्लड प्रेसर लगभग 100+आयु होता है।

(ii) 25 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आकलन का सामान्य नियम यह है कि 110 में आधी आयु सम्मिलित करें। यह तरीका बिल्कुल संतोषजनक दिखाई पड़ता है।

ध्यान दीजिए—सामान्य नियम के रूप में 140 से सिस्टालिक प्रेशर को और 90 के ऊपर के डायस्टालिक प्रेशर को संदिग्ध समझ लेना चाहिए, और उम्मीदवार को योग्य या अयोग्य होने के संबंध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि वह उम्मीदवार को अस्पताल में रखे। अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह पता लगना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटेमेंट आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला है या उसका कारण कोई कायिक (आर्गेनिक) बीमारी है। ऐसे सभी केसों में हृदय की एक्सरे और विद्युत् हृद लेखी (इलैक्ट्राकार्डियां ग्राफिक) परिक्षाएं और रक्त यूरिया निकास (क्लीयरेंस) की जांच भी नेमीरूप से की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने पर या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दाब) लेने का तरीका

नियमतः पारेवाली दाबमानी (मर्करी मैनोमीटर) किस्म का आला (इस्ट्रमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म के व्यायाम या घबराहट के बाद पंद्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए रोगी बैठा या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेषकर उसकी भुजा पर से कंधे तक कपड़े उतार देने चाहिए। कफ से पूरी तरह हवा निकालकर बीच की रबड़ को भुजा के अंदर की ओर रख कर और इसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फलाकर समान रूप से लपेटना चाहिए। ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर को न निकले।

कोहनी के मोड़ पर प्रचंड धमनी (ब्रैकिकल आर्टरी) को दवा दबा कर ढूंढा जाता है और तब उसके ऊपर बीचों बीच स्टेथोस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम० एम० एच० जी० हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है वह सिस्टालिक प्रेशर दर्शाता है। जब और हवा निकाली जाएगी तो ध्वनियां तेज सुनाई पड़ेगी। जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हलकी दबी हुई सी लुप्त प्राय हो जाय, वह साइस्टालिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर काफी थोड़ी अवधि में ही से ले लेना चाहिए क्योंकि कफल के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए क्षोभ कर होता है और इससे रीडिंग गलत हो जाती है। यदि दोबारा पड़ताल करना जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट बाद ही ऐसा किया जाए। (कभी कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं, दाब गिरने पर वे गायब हो जाती हैं और निम्नतर स्तर पर पुनः प्रकट हो जाती हैं। इस 'साइलेटेगप' से रीडिंग में गलती हो सकती है)।

8. परीक्षक की उपस्थिति में किए गए मूत्र की परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रसायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके दूसरे सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायाबीटीज) के द्योतक चिह्नों और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को ग्लूकोज मेह (ग्लाइकोयूरिया) के सिवाए, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टैंडर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लूकोज मेह अमधुमेही (नान-डायबेटिक) हो और बोर्ड केस को मेडिसन के किसी ऐसे निर्दिष्ट विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोशाला की सुविधाएं हों। मेडिकल विशेषज्ञ स्टैंडर्ड ब्लड शुगर टालरेंस टेस्ट समेत जो भी निकले या लेबारेटरी परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की फिट या अनफिट की अंतिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन अस्पताल में पूरी देख रेख में रखा जाए।

9. जो स्त्री उम्मीदवार जांचों के फलस्वरूप 12 सप्ताह या उससे अधिक अवधि की गर्भवती पाई जाए उसे तब तक के लिए अस्थाई रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाए जब तक इसकी गर्भावस्था समाप्त न हो जाए। गर्भावस्था के समाप्त होने के 6 सप्ताह बाद यदि वह पंजीकृत चिकित्सक के स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दे तो आरोग्य प्रमाण पत्र के लिए उसकी फिर से जांच की जाए।

10. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों का प्रेक्षण करना चाहिए :

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ता है या नहीं और कान की बीमारी का कोई चिह्न है या नहीं। यदि कोई कान की खराबी होतो इसकी परीक्षा कान विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। यदि सुनने की खराबी का इलाज शल्य क्रिया, आपरेशन या हियरिंग ऐंड के इस्तेमाल से हो तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता बशर्ते कि कान की बिमारी बढ़ने वाली न हो।

(ख) कि वह बिना किसी बाधा के बोल सकता है।

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में हैं या नहीं, और अच्छी तरह चबाने के लिए जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं। (अच्छी तरह भरे हुए दातों को ठीक समझा जाएगा)।

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है या नहीं और छाती काफी फैलती है या नहीं तथा उसका दिल और फेफड़े ठीक है यानहीं।

(ङ) उसे कोई पेट की बीमारी है या नहीं।

(च) उसे रप्चर (हार्निया या फटन) है या नहीं।

(छ) उसे हाइड्रोसील, बढ़ी हुई वेरिकोसील वेरिकोज शिरा (वेन) या बवासीर है या नहीं।

(ज) उसके अंगों, हाथों और पैरों की बनावट और विकास अच्छा है या नहीं और सभी ग्रंथियां भली भांति स्वतंत्र रूप से हिलती हैं या नहीं।

(झ) उसे कोई चिरस्थायी त्वचा की बीमारी है या नहीं।

(ण) उसे कोई जन्मजात कुरचना या दोष है या नहीं।

(ट) उसमें किसी उग्र या जीर्ण बीमारी के निशान हैं या नहीं जिनसे कमजोर गठन का पता लगे।

(ठ) कारगर टीके के निशान हैं या नहीं।

(ड) उसे कोई संचारी (कम्यूनिकेशनल) रोग है या नहीं।

11. दिल और फेफड़ों को किसी ऐसी विलक्षणता का पता लगाने के लिए जो साधारण शारीरिक परीक्षा से ज्ञात न हो सभी मामलों (केसेज) में ने भी रूप से छाती की पटेक्षण (स्क्रीनिंग) की

जानी चाहिए, जहां आवश्यक समझा जाए, एक छायाचित्र (स्काय ग्राम) लिया जानी चाहिए,

जब कोई दोष मिले तो इसे प्रमाण पत्र में अवश्य ही नोट किया जाए। मेडिकल परीक्षक को अपनी राय लिख देनी चाहिए कि उम्मीदवार से अपेक्षित दक्षतापूर्ण ड्यूटी में इससे बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं।

12. इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अपील की शुल्क 50 रुपए भारत सरकार के इस संबंध में निर्धारित ढंग से जमा करना होता है। यह फीस केवल उन उम्मीदवारों को वापस मिलेगी जो अपीलीय स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड द्वारा अरोग्य घोषित किए जाएंगे। शेष दूसरों के मामलों में यह जब्त कर ली जावेगी। यदि उम्मीदवार चाहे तो अपने आरोग्य होने के दावे के समर्थन में स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड द्वारा भेजे गए निर्णय के 21 दिन के अंदर अपील पेश करनी चाहिए अन्यथा दूसरी स्वास्थ्य परीक्षा केवल नई दिल्ली में ही होगी और उसका खर्च उम्मीदवारों को ही देना पड़ेगा। दूसरी स्वास्थ्य परीक्षा के संबंध में की जाने वाली यात्राओं के लिए कोई यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। अपीलों के निर्धारित शुल्क के साथ प्राप्त होने पर अपीलीय स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड द्वारा की जाने वाली स्वास्थ्य परीक्षा के प्रबंध के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय (कार्मिक विभाग) द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

मेडीकल बोर्ड की रिपोर्ट

मेडिकल परीक्षक के मार्गदर्शक के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है :—

शारीरिक योग्यता (फिटनेस) के लिए अपनाए जाने वाले स्टैंडर्ड में संबंधित उम्मीदवार की आयु और सेवाकाल (यदि हो) के लिए उचित गुंजायश रखनी चाहिए।

किसी ऐसे व्यक्ति को पब्लिक सर्विस में भर्ती के लिए योग्य नहीं समझा जाएगा जिसके बारे में यथा स्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी (अपाइंटिंग अथारिटी) को, यह तसल्ली नहीं होगी कि उसे ऐसी कोई बिमारी या शारीरिक दुर्बलता (बाडिली इन-फर्मिटी) नहीं जिसे वह उस सेवा के लिए अयोग्य हो या उसके अयोग्य होने की संभावना हो।

यह बात समझ लेनी चाहिए कि योग्यता का प्रश्न भविष्य से भी उतना ही संबद्ध है जितना कि वर्तमान से है और मेडिकल परीक्षा का एक मुख्य उद्देश्य निरंतर कारगर सेवा प्राप्त करना और स्थाई नियुक्ति के उम्मीदवारों के मामले में अकाल मृत्यु होने पर समय पूर्व पेंशन या अदायगीयों को रोकना है। साथ ही यह भी नोट किया जाए कि यहां प्रश्न केवल निरंतर कारगर सेवा की संभावना का है और उम्मीदवार को अस्वीकृत करने की सलाह उस हालत में ही दी जानी चाहिए जब कि उसमें कोई ऐसा दोष हो जो केवल बहुत कम स्थितियों में निरंतर कारगर सेवा में बाधक पाया गया हो।

बोर्ड में साधारणतया तीन सदस्य होंगे (i) एक चिकित्सक (ii) एक शल्य चिकित्सक और (iii) एक नेत्र चिकित्सक। ये सभी यथा संभव साध्य समान स्तर के होने चाहिए। महिला उम्मीदवार की परीक्षा के लिए किसी महिला चिकित्सक (लेडी डाक्टर) को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित किया जाएगा।

भारतीय अर्थ सेवा (इंडियन एकानोमिक सर्विस) भारतीय सांख्यिकीय सेवा (इंडियन स्टेटिस्टिकिल सर्विस) में नियुक्त किए गए उम्मीदवारों को भारत में और भारत के बाहर क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) करनी होगी। इस प्रकार के किसी उम्मीदवार के बारे में मेडिकल बोर्ड को इस बारे में अपनी राय विशेष रूप से रिकार्ड करनी चाहिए कि उम्मीदवार क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) के लिए योग्य है या नहीं।

डाक्टरी बोर्ड की रिपोर्ट को गोपनीय रखना चाहिए।

ऐसे मामलों में जबकि कोई उम्मीदवार सरकार सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य करार दिया जाता है तो मोटे तौर पर उसके अस्वीकार किए जाने के आधार उम्मीदवार को बताए जा सकते हैं किन्तु डाक्टरी बोर्ड ने जो खराबी बताई हो उनका विस्तृत ब्योरा नहीं दिया जा सकता।

ऐसे मामले में जहां डाक्टरी बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य बनाने वाली छोटी मोटी खराबी चिकित्सा (औषध या शल्य) द्वारा दूर हो सकती है वहां डाक्टरी बोर्ड द्वारा इस आशय का कथन रिकार्ड किया जाना चाहिए। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस बारे में उम्मीदवार को बोर्ड की राय सूचित किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है और जब वह खराबी दूर हो जाए तो एक दूसरे डाक्टरी बोर्ड के सामने उस व्यक्ति को उपस्थित होने के लिए कहने से संबंधित पदाधिकारी स्वतंत्र हो।

यदि कोई उम्मीदवार अस्थाई रूप से अयोग्य करार दिया जाए तो दुबारा परीक्षा की अवधि साधारणतया कम से कम छः महीने से कम नहीं होनी चाहिए निश्चित अवधि के बाद जब दुबारा परीक्षा होती है ऐसे उम्मीदवार को और आगे की अवधि के लिए अस्थाई तौर पर अयोग्य घोषित न करने की नियुक्ति के लिए उसकी योग्यता के संबंध में अथवा वे इस नियुक्ति के लिए अयोग्य है ऐसा निर्णय अंतिम रूप से दिया जाना चाहिए।

(क) उम्मीदवार का कथन और घोषणा

अपनी मेडिकल परीक्षा से पूर्व उम्मीदवार को निम्नलिखित अपेक्षित स्टेटमेंट देना चाहिए और उसके साथ लगी हुई घोषणा (डिक्लेरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। नीचे दिए गए नोट में उल्लिखित चेतावनी की ओर उम्मीदवार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

1. अपना पूरा नाम लिखें—— .....
(साफ अक्षरों में)

2. अपनी आयु और जन्म स्थान बताएं—— .....

2(क) क्या आप गोरखा, गढ़वाली, असमी, नागालैंड आदिम जाति आदि से संबंधित हैं जिनका औसत कद दूसरों से छोटा होता है। "हां" या "नहीं" में उत्तर दीजिए और यदि उत्तर हां में है तो उस जाति का नाम बताइए।

3(क) क्या आपको कभी चेचक, रुक-रुक कर होने वाला या कोई दूसरा बुखार, ग्रंथियां (ग्लेंड्स) का बढ़ना या इनमें पीप पड़ना, थूक में खून आना, दमा, दिल की बिमारी, फेफड़े की बिमारी, मूर्छा के दौरे, रूमेटिज्म, एपेडिसाइटिस हुआ है?

अथवा

(ख) दूसरी कोई ऐसी बिमारी या दुर्घटना, जिसके कारण शय्या पर लेटे रहना पड़ता हो और जिसका मेडिकल या सर्जिकल इलाज किया गया हो, हुई है।

4. आप को चेचक आदि का अंतिम टीका कब लगा था?

5. क्या आपको अधिक कार्य या किसी दूसरी कारण से किसी किस्म की अधीरता (नर्वसनेस) हुई है?

6. अपने परिवार के संबंध में निम्नलिखित ब्योरा दें।

यदि पिता जीवित हो तो उसकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	यदि पिता की मृत्यु हो चुकी हो तो मृत्यु के समय पिता की आयु और मृत्यु का कारण	आपके कितने भाई जीवित है, उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपके कितने भाइयों की मृत्यु हो चुकी है, मृत्य के के समय उनकी आयु तथा मृत्यु का कारण
यदि माता जीवित हो तो उसकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	यदि माता की मृत्यु हो चुकी हो तो मृत्यु के समय उसकी आयु और मृत्यु का कारण	आपकी कितनी बहनें जीवित है उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपकी कितनी बहनों की मृत्यु हो चुकी है, मृत्यु के समय उनकी आयु तथा मृत्यु का कारण

7. क्या इसके पहले किसी मेडिकल बोर्ड ने आपकी परीक्षा की है ? .....

8. यदि ऊपर के प्रश्न का उत्तर हां हो तो बताइए किस सेवा/सेवाओं के लिए आपकी परीक्षा की गई थी ? .....

9. परीक्षा लेने वाला प्राधिकारी कौन था ? .....

10. कब और कहां मेडिकल बोर्ड हुआ ? .....

11. मेडिकल बोर्ड की परीक्षा का परिणाम यदि आपको बताया गया हो अथवा आपको मालूम हो .....

मैं घोषित करता हूं कि जहां तक मेरा विश्वास है, ऊपर दिए गए सभी जवाब सही और ठीक है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर .....

मेरे सामने हस्ताक्षर किए।

बोर्ड के चेयरमैन के हस्ताक्षर .....

नोट :—उपर्युक्त कथन की यथार्थता के लिए उम्मीदवार जिम्मेदार होगा। जान बूझ कर किसी सूचना को छुपाने से वह नियुक्ति खो बैठने की जोखिम लेगा और यदि वह नियुक्त हो भी जाए तो वार्धिक्य निवृत्ति भत्ता (सुपरएन्युएशन अलाउंस) या उपदान (ग्रेचुटी) के सभी दावों से हाथ धो बैठेगा।

(ख) ..... की शारीरिक परीक्षा की।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट

सामान्य विकास अच्छा / निम्न / साधारण

घोषणा :—पतला ..... औसत ..... मोटा ...

कद (जूते उतार कर) ... वजन .....

अन्युत्तम वजन .....कब था? .....

वजन में कोई हाल ही में हुआ परिवर्तन....

तापमान .....

1. छाती का घेर

(1) पूरा सांस खींचने पर .....

(2) पूरा सांस निकालने पर.....

2. त्वचा—कोई जाहिरा बीमारी .. ..

3. नेत्र

(1) कोई बीमारी .....

(2) रतौंधी .....

(3) कलर विजन का दोष .....

(4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन) .....

(5) दृष्टि की पकड़ (विजुअल एक्विटी) .....

(6) फंडस परीक्षा .....

दृष्टि की पकड़	चश्मे के बिना	चश्मे से	चश्मे की पावर गोल सिलि० अक्ष
दूर की नजर	द० ने०		
	ब० ने०		
पास की नजर	द० ने०		
	ब० ने०		

4. कान निरीक्षण ..... सुनना .....

दायां कान ..... बायां कान .....

5. ग्रंथियां ..... थाइरायड .....

6. दांतों की हालत .....

7. श्वसन तंत्र (रेस्पिरेटरि सिस्टम) क्या शारीरिक परीक्षा करने पर सांस के अंगों में किसी विलक्षणता का पूरा ब्यौरा है।

8. हृदय : कोई आंगिक क्षति (वार्गानिक लोजन)

गति (रेट) :

खड़े होने पर :

25 बार कुदाए जाने के बाद .....

कुदाए जाने के 2 मिनट बाद .....

(ख) ब्लड प्रेशर ..... सिस्टालिक .....

डीयस्थालिक

9. उदर (पेट) घेरदाब वेदना (टेडरनेस)

हर्निया ....

(क) दबा कर मालूम करना, जिगर ...तिल्ली ....गुर्दे..........ट्यूमर ...

(ख) बवासीर के मस्से .....फिस्तुला ...

10. तांत्रि तंत्र—(नर्वस सिस्टम) तंत्रिक या मानसिक अशक्तता का संकेत.................

11. चाल तंत्र (लोकोमोटर सिस्टम)

कोई विलक्षणता ....

12. जनन मूत्र तंत्र (जेनिटो यूरिनरी सिस्टम)

हाइड्रोसील, वेरिकोसील आदि का कोई संकेत

मूत्र परीक्षा :—

(क) कैसा दिखाई पड़ता है।

(ख) स्पेसिफिक ग्रेविटी (अपेक्षित गुरुत्व)

(ग) इल्ब्युमन

(घ) शक्कर

(ङ) कास्ट (सैल्स)

13. छाती का पटेशब्ला (स्क्रीनिंग) एक्स-रे परीक्षा की रिपोर्ट

14. क्या उम्मीदवार के स्वास्थ्य में कोई ऐसी बात है जिससे वह उस सेवा को दक्षतापूर्वक निभाने के लिए अयोग्य हो सकता है जिसके लिए यह उम्मीदवार है?

नोट :—...यदि उम्मीदवार कोई महिला है और यदि यह 12 सप्ताह या उससे अधिक समय से गर्भवती है तो, उसे विनियमावली के विनियम के अनुसार अस्थाई रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाए।

15. (1) क्या वह भारतीय अर्थ सेवा, भारतीय सांख्यकीय सेवा में दक्षतापूर्वक और निरंतर कार्य करने के लिए सब तरह से योग्य पाया गया है।

(2) क्या उम्मीदवार क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) के लिए योग्य है।

नोट :—बोर्ड को अपना जांच परिणाम निम्नलिखित तीन वर्गों में से किसी एक वर्ग में रिकार्ड करना चाहिए।

(1) योग्य (फिट)

(2) अयोग्य (अनफिट), जिसका कारण ....

(3) अस्थाई रूप से अयोग्य, जिसका कारण ...

अध्यक्ष ....

स्थान .... सदस्य ....

तारीख .... सदस्य ....

औद्योगिक विकास मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 जून 1972

सं० 7(15)/71-आई० सी०—10 प्रतिशत का सीधा केन्द्रीय अनुदान अथवा राज सहायता योजना, 1971 के बारे में भारत के असाधारण राजपत्र के भाग I खण्ड 1 में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 7 (15)/71-आई० सी० (क्र० सं० 127) दिनांक 26 अगस्त, 1971 के पैरा 9 के अनुसरण में, सरकार ने वित्तीय संस्थाओं को इस योजना के अन्तर्गत उनके माध्यम से दी गई राज सहायता की प्रतिपूर्ति करने के बारे में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर अन्तिम रूप से निर्णय कर लिया है। तदनुसार योजना के पैरा 8 में एतस्मिनपश्चात् निम्न प्रकार संशोधन किया गया है :—

"8. सम्बन्धित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा सहायता किये जाने वाले औद्योगिक एकक के संबंध में पैरा 6 और 7 के अन्तर्गत उल्लिखित समिति द्वारा यथा-निर्धारित अनुमानित अचल पूंजी विनिधान का 10 प्रतिशत संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा इतनी ही किश्तों में उस एकक को संवितरित किया जाएगा जितनी में ऋण संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा संवितरित किया जाता है और साथ ही केन्द्रीय औद्योगिक विकास मन्त्रालय से भी उतनी ही राशि का दावा किया जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित राज्य सरकार संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन तथा संबंधित एकक के बीच किये जाने वाले संविदा में संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन और 10 प्रतिशत अनुदान या सहायकी द्वारा आस्तियों का बन्धक/गिरवी/आडमान भी हो सकेगा। नए औद्योगिक एकक के मामले में अथवा वर्तमान औद्योगिक एकक के पर्याप्त विस्तार के मामलों में वित्तीय संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली पैरा 6 और 7 में उल्लिखित समिति द्वारा निर्धारित किये गये कुल अचल पूंजी निवेश के 10 प्रतिशत की समान राशि, वित्तीय संस्था द्वारा कई किश्तों में दी जाएगी जैसा कि ऋण वित्तीय संस्था द्वारा दिया जाता है और इसके साथ ही औद्योगिक विकास मन्त्रालय से दावा करेगा। ऐसे मामलों में, संबंधित वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण तथा 10 प्रतिशत राज सहायता की राशि तक एकक की आस्तियों के बन्धक/गिरवी/आडमान की बातें संबंधित एकक और वित्तीय संस्था के बीच दिये जाने वाले सम्बिदा में दी हुई होती हैं।

बशर्ते कि, यदि संबंधित वित्तीय संस्था को केन्द्रीय सरकार से राज सहायता अथवा किश्तों की प्रतिपूर्ति मिलने में देर होती है तो वित्तीय संस्था द्वारा संबंधित औद्योगिक एकक को वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण की तारीख तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा वित्तीय संस्थान को दी गई राज सहायता की चालू प्रतिपूर्ति की किश्त की तिथि की अवधि का देय ब्याज संबंधित औद्योगिक एकक से केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी"।

(2) पैरा 8 के इस संशोधन को ध्यान में रखते हुए, इस योजना के पैरा 9 की दूसरी पंक्ति को जिसे 26-8-1972 को प्रकाशित किया गया, एतद्द्वारा हटाया जाता है और संशोधित पैरा 9 को इस प्रकार पढ़ा जाए :.....

